*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 89

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

वनडे इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत : श्रीलंका को 317 रन से हराया, विराट की 46वीं सेंचुरी









# नेपाल में बड़ा विमान हादसा, पांच भारतीय समेत 68 लोगों की मौत

■ काठमांडू से 205 किमी दूर पोखरा में प्लेन हुआ क्रैश

■ जिस एयरपोर्ट पर लैंडिंग होनी थी, उसे चीन ने बनाया

● दो हफ्ते पहले ही हुआ था उद्घाटन

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार सुबह बड़ा विमान हादसा हुआ। यति एयरलाइंस का प्लेन काठमांडू से 205 किमी दूर पोखरा में क्रैश हो गया। यह एटीआर-72 प्लेन था, जिसमें 68 यात्री और चार क्रू मेंबर सवार थे। पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंडिंग से महज 10 सेकेंड पहले विमान पहाड़ी से टकरा गया। इससे प्लेन में आग लग गयी और वह खाई में जा गिरा।

चीन की मदद से तैयार हुए पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दो हफ्ते पहले यानी इसी साल एक जनवरी को नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने उद्घाटन किया था। यह परियोजना चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) सहयोग का हिस्सा थी। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, एयरपोर्ट निर्माण के लिए नेपाल सरकार ने चीन के साथ मार्च 2016 में 22 अरब रुपये के सॉफ्ट लोन समझौते पर दस्तखत किये थे।

**विमान के मलबे से 68 शव निकाले गये :** पोखरा के जिला अधिकारी टेक बहादुर केसी ने बताया कि विमान के मलबे से 68 शव निकाले जा चुके हैं। हालांकि चश्मदीदों का कहना है कि हादसे में कोई भी जिंदा नहीं बचा। अभी तक सिर्फ पांच शवों की पहचान हो पायी है। बाकी शवों को पहचानना मुश्किल है। फ्लाइट में सवार चार अन्य लोगों का पता नहीं चल पा रहा है। इनकी तलाश में गोताखोरों को नदी में उतारा गया है। विमान में पांच भारतीय यात्री भी सवार थे। घटनास्थल से दो लोगों को जीवित निकाला गया, दोनों मछुआरे थे। अब तक 20 शवों की पहचान हो गयी है। पहचान नहीं हुए शवों को डीएनए परीक्षण के लिए हेलिकॉप्टर के जरिए काठमांडू भेजा जायेगा।



## विमान में पांच भारतीय समेत 14 विदेशी नागरिक थे

हादसा कासकी जिले के पोखरा में पुराने एयरपोर्ट और पोखरा एयरपोर्ट के बीच हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्लाइट ने काठमांडू से पोखरा जाने के लिए सुबह 10:33 बजे उड़ान भरी थी। पोखरा एयरपोर्ट काठमांडू से 206 किमी दूर है। यहां पहुंचने में 25 मिनट लगते हैं। विमान को कैप्टन कमल केसी उड़ा रहे थे। 68 यात्रियों में से 53 नेपाली, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, दो कोरियन, एक अफगानी और एक फ्रेंच नागरिक थे। इनमें 3 नवजात और 3 लड़के भी शामिल थे। एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि विमान के मलबे से अभी तक किसी जीवित व्यक्ति को नहीं निकाला जा सका है।

## गाजीपुर के चार युवकों की मौत, हादसे के वक्त फेसबुक लाइव थे

नेपाल में रविवार को हुए विमान हादसे में मरनेवालों में पांच लोग भारत के हैं। इनमें से चार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के निवासी थे। सभी युवक एक साथ 12 जनवरी को वाराणसी से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुए थे। हादसे से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। गाजीपुर के सोनू जायसवाल हादसे के वक्त फेसबुक पर लाइव थे। पहले वह विमान के अंदर और बाहर का सीन दिखाते हैं। इस दौरान विमान में सभी यात्री खुश नजर आ रहे हैं। कुछ सेंकेड बाद विमान हवा में गोते खाने लगती है। अचानक आग की लपटें दिखायी देने लगती हैं और प्लेन क्रैश हो जाता है। इस दौरान चीखपुकार की आवाज भी आती है। गाजीपुर जिले के चकजैनब गांव निवासी सोनू जायसवाल (28), चकदरिया चकजैनब निवासी अनिल राजभर (28), अलावलपुर अफगां निवासी विशाल शर्मा (23) और धरवां गांव निवासी अभिषेक सिंह कुशवाहा (23) दोस्त थे। 12 जनवरी को अनिल, विशाल और अभिषेक वाराणसी के सारनाथ पहुंचे। जहां से सोनू जायसवाल को साथ लेकर नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना हुए। सभी मित्र नेपाल के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पोखरा जाने के लिए रविवार सुबह काठमांडू से विमान में सवार हुए। शाम करीब पांच बजे बरेसर थाने पर चारों युवकों के मौत की सूचना मिली। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद कोहराम मच गया। मृतकों के घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ दरवाजे पर जुट गयी। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे।

# व्यवसायी की पुलिस कस्टडी में मौत, बवाल

## सदर थाना का घेराव, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के खजांची तालाब मोहल्ले में रहनेवाले व्यवसायी सुनील कुमार गुप्ता की रहस्यमय ढंग से मौत हो गयी। घटना शनिवार देर रात की है। पुलिस कस्टडी में व्यवसायी की मौत के बाद करीब पांच घंटे तक सदर थाने में बवाल होता रहा। शव के साथ मृतक के परिजनों और व्यवसायियों ने झंडा चौक पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान टायर जला कर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। व्यवसायी के परिजनों ने पुलिस पर सुनील कुमार गुप्ता की हत्या का आरोप लगाया है। इधर पुलिस का कहना कि यह महज संयोग था कि व्यवसायी पुलिस कस्टडी में था और उसकी मौत हो गयी। हालांकि इस मामले में सदर थाने के दो पुलिस पदाधिकारियों एएसआइ नसीम सिद्दीकी और सीमा हेम्ब्रम को सस्पेंड कर दिया गया है।

इससे पहले व्यवसायी सुनील गुप्ता की मौत की सूचना मिलने पर देर रात बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी थाने पहुंची और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए डटी रहीं। अंबा प्रसाद के सामने ही कई बार पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी भी होती रही। ऐसे में विधायक कई बार आक्रोशित लोगों को समझाती नजर आयीं। मृतक सुनील गुप्ता के दो पुत्र और एक बेटी है।

**रायपुर से वाशिंग पाउडर लेकर चला चालक-खलासी ट्रक समेत हो गया गायब :** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर से एक ट्रक वाशिंग पाउडर लेकर रांची के लिए रवाना हुआ था, लेकिन रास्ते में ही ट्रक समेत ड्राइवर और खलासी गायब हो गये। इस मामले को लेकर कंपनी तहकीकात कर रही थी। कंपनी को पता चला कि सारा सामान हजारीबाग के बाजार में खपाया गया है। कंपनी के लोगों ने हजारीबाग सदर थाने में आकर इसकी शिकायत दर्ज करायी और मामले की जांच शुरू की गयी।

**आक्रोशित लोगों को समझाती रही पुलिस :** देर रात तक घटना के बाद सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम, सदर इंस्पेक्टर गणेश कुमार, लोहसिंघना, कोर्रा और बड़ा बाजार के थाना प्रभारी भी परिजन एवं आक्रोशित लोगों को समझाते रहे। सदर इंस्पेक्टर गणेश कुमार ने जानकारी दी कि यह महज संयोग है कि कस्टडी में सुनील कुमार गुप्ता की मौत हो गयी।



## विधायक अंबा प्रसाद ने पुलिसिया व्यवस्था पर उठाये कई सवाल

देर रात लगभग 11 बजे विधायक अंबा प्रसाद भी घटना की जानकारी लेने के लिए सदर थाना पहुंची और उन्होंने पूरे सिस्टम पर ही सवालिया निशान खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि आखिर कैसे एक व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में पुलिस कस्टडी में मौत हो जाती है। अगर पुलिस किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए ले जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी होती है कि उसे ठीक से रखे, लेकिन शिकायत पर जांच कर रही पुलिस के सामने से ही एक व्यक्ति फरार हो जाता है और फिर उसकी मौत हो जाती है। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर न्यायिक जांच की मांग की है। साथ ही डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

## पूरे प्रकरण की करायी जायेगी जांच : डीएसपी

सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम ने मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच करायी जायेगी, जो भी पुलिसकर्मी दोषी होंगे, उनके ऊपर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस घटना से वे लोग भी काफी चिंतित हैं कि आखिर कैसे एक व्यक्ति की मौत गिरफ्तारी से पहले ही पूछताछ के लिए लाने से पूर्व हो गयी। वहीं दूसरी ओर हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे भी टेलीफोन लाइन से मामले की जानकारी लेते नजर आये। उन्होंने भी स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए।

## राजेश कच्छप से इडी आज करेगी पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी सोमवार को खिजरी के कांग्रेस विधायक राजेश कश्यप से पूछताछ करेगी। विधायक को कोलकाता कैश कांड में 16 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। 17 जनवरी को सिमडेगा के कांग्रेस विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी को बुलाया गया है। इसके पहले जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को बुलाया गया था। वह इडी से 2 हफ्ते का समय मांग लिए हैं। इन तीनों विधायकों पर आरोप है कि पैसा लेकर सरकार गिराने की साजिश में शामिल थे। इनके पास से 48 लाख कोलकाता पुलिस ने बरामद किया था और केस दर्ज कर जेल भेज दिया था। फिलहाल तीनों जमानत पर हैं। इसके बाद बेरमो विधायक अनूप सिंह ने अरगोड़ा थाना में एफआइआर दर्ज कराया। इसी पूरे मामले की जांच अब इडी कर रही है। तीनों विधायकों से यह जानने की कोशिश की जायेगी कि बरामद पैसा किसका था, किसने दिया था और उसका क्या उपयोग किया जाना था। क्या सही में तीनों विधायक सरकार के खिलाफ साजिश रच रहे थे।

# पीएम मोदी ने तेलंगाना-आंध्र प्रदेश को दी वंदे भारत की सौगात

हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर देश को आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री ने सिकंदराबाद और विशाखापट्टनम के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस उस भारत का प्रतीक है जो अपने हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं देना चाहता है। यह उस भारत का प्रतीक है, जो गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल कर आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है।



**15 दिनों के अंदर दूसरी ट्रेन :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह, 2023 की पहली ट्रेन है। हमारे देश में 15 दिनों भीतर यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन दौड़ रही है। यह दिखाता है कि भारत में कितनी तेजी से वंदे भारत अभियान प्रगति कर रहा है। यह देश की ट्रेन है। इसकी रफ्तार के कितने ही वीडियो लोगों के दिलों-दिमाग में छाए हुए हैं।

**जहां-जहां गति, वहां प्रगति :** पीएम ने कहा, जब कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर साथ मिल जाते हैं तो यह सपनों को हकीकत से जोड़ता है। यह मैन्यूफैक्चरिंग को मार्केट से जोड़ता है। टैलेंट को उचित प्लेटफार्म से जोड़ता है। कनेक्टिविटी अपने साथ विकास की संभावनाओं का विकास करता है। उन्होंने कहा, जहां-जहां गति है, वहां प्रगति है। हमने वह समय भी देखा है, जब हमारे यहां विकास और आधुनिक कनेक्टिविटी का लाभ बहुत ही कम लोगों को मिलता था। इससे देश में एक बहुत बड़ी आबादी का समय सिर्फ आने-जाने में ही खर्च हो जाता था। इससे सामान्य नागरिक, मध्यम वर्ग का नुकसान होता था। आज भारत उस पुरानी सोच को छोड़कर आगे बढ़ रहा है। वंदे भारत ट्रेन इसका एक बहुत बड़ा सबूत और प्रतीक है। जब इच्छाशक्ति होती है तो बड़े से बड़े मुश्किल लक्ष्यों को भी पाया जा सकता है।




## आक्रोश : विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री ने धर्मांतरण किये जाने पर विरोध जताया

# धर्मांतरण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फादर को पत्नी समेत लिया हिरासत में

पीआर बांड पर छोड़ा

गौतम पाल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में इन दिनों धर्मांतरण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसके पूर्व भी सतगांवा में धर्मांतरण का मामला सामने आया था। रविवार को तिलैया थाना क्षेत्र में इसी तरह का मामला सामने आने के बाद विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज दुबे और विभागीय मंत्री मनोज चंद्रवंशी की सूचना पर तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर पुराना बस स्टैंड स्थित तिलैया क्लीनिक के पीछे से प्रार्थना सभा में शामिल फादर प्रमोद और उनकी पत्नी बीणा को तिलैया थाना लेकर आये। इसके बाद फादर के समर्थन में प्रार्थना सभा में शामिल सैकड़ों हिंदू जाति की महिलाओं ने थाना पहुंच कर इसका विरोध जताया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने बताया कि महिलाओं के विरोध के कारण पीआर बांड पर फादर प्रमोद और उनकी पत्नी बीणा को छोड़ दिया गया। वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज दुबे और विभागीय मंत्री मनोज चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले में लगातार धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि परिषद को लगातार पिछले आठ महीने से इसकी सूचना मिल रही थी। रविवार को ऐसी सूचना मिली थी कि इमाम क्लीनिक के पीछे रितेश मोदी के घर पर किराये में लिये गये हॉल में प्रार्थना सभा चल रही है। इसमें जिले के चंदवारा, जयनगर, उरंवा, भादोडीह और तिलैया बस्ती के करीब 300 महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हैं। इसकी सूचना उन लोगों ने तिलैया थाना प्रभारी को दी। इसके बाद थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर पहुंच कर फादर प्रमोद और बीणा को अपने साथ तिलैया थाना लाये। उन्होंने बताया कि इसाई मिशनरियां लगातार ऐसे गरीब अशिक्षित लोग जो समाज से कटे हुए हैं को चिह्नित कर उन्हें आर्थिक मदद के साथ-साथ घर बना देने के अलावा कैंसर एड्स, किडनी जैसे बीमारियों से निजात दिलाने का लालच देती है। इसमें ये लोग फंस जाते हैं और फिर इनका धर्मांतरण कराया जाता है।



प्रार्थना सभा में शामिल ग्रामीण।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



### वीपी सिंह और मुलायम के बाद इस इमारत का तीसरा पिलर भी गिरा, शरद यादव के निधन के बाद उठ रहा सवाल

# अब कौन संभालेगा देश की 'मंडल सियासत' की कमान

## ■ चौथे और अंतिम पिलर, लालू यादव बीमारी के कारण हैं निष्क्रिय

## ■ इन सभी नेताओं के जीवन में अद्भुत संयोगों की लंबी शृंखला है

**आजाद सिपाही विशेष**

**आजादी के बाद भारत की राजनीति को जिन दो घटनाओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया, उनमें 'मंडल कमीशन' एक है। यह मुद्दा उस समय राजनीति के केंद्र में आया, जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एक तरफ राम मंदिर के मुद्दे पर आंदोलित था, तो दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के दावानल में लगभग भस्म हो चुका था। उस दौर में 'मांडा के फकीर' विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में 'मंडल सियासत' का आगाज हुआ था और यह पूरी इमारत चार धुरंधर राजनीतिज्ञों के कंधों पर बुलंद हुई थी। प्रधानमंत्री वीपी सिंह के अलावा इसके तीन अन्य पिलर थे, डॉ राम मनोहर लोहिया के शिष्य मुलायम सिंह यादव और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के शिष्य शरद यादव और लालू यादव। इस राजनीति ने इतना जोर पकड़ा कि यह देश की राजनीति की दिशा तय करने लगी। लेकिन इस राजनीति के इन चार पिलरों का क्षरण भी तेजी से शुरू हुआ। पहले वीपी सिंह और अब मुलायम सिंह यादव और शरद यादव के निधन के बाद यह सवाल उठने लगा है कि अब इस 'मंडल सियासत' की कमान कौन संभालेगा। इसके अंतिम पिलर लालू यादव स्वास्थ्य कारणों से सियासत में निष्क्रिय हैं, तो क्या अब देश में 'मंडल सियासत' खत्म हो जायेगी। यदि खत्म नहीं होगी, तो फिर कौन संभालेगा इस सियासत की कमान, क्योंकि इन राजनीतिज्ञों ने 'मंडल सियासत' से पिछड़ों को आवाज तो दी, लेकिन सभी के जीवन का अंतिम चरण लगभग एक जैसा बीता। इन नेताओं का इस्तेमाल तो खूब किया गया, लेकिन अपनों ने ही उन्हें हाशिये पर धकेल दिया। शरद यादव के निधन के बाद 'मंडल सियासत' के बारे में पैदा हुए सवालों का जवाब तलाशने की कोशिश कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सियासत में पिछड़ों की सबसे सशक्त आवाजों में से एक रहे शरद यादव का निधन वाकई एक राजनीतिक युग का अंत है। दिग्गज समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के निधन के कुछ ही समय बाद शरद यादव के निधन से उस राजनीतिक अवधारणा में एक 'शून्य' पैदा हुआ है, जिसे 'मंडल सियासत' के नाम से जाना जाता है। आजादी के बाद पहले इमरजेंसी और बाद में मंडल सियासत ने इस देश की राजनीति को बहुत हद तक प्रभावित किया। शरद यादव इस मंडल सियासत की इमारत के चार स्तंभों में से एक थे। उनके निधन से इस इमारत के तीन स्तंभ अब गायब हो चुके हैं, जबकि चौथे स्तंभ, यानी लालू यादव बीमार होकर निष्क्रिय हैं। ऐसे में यह सवाल तो बनता है कि क्या अब 'मंडल सियासत', जिसने पिछड़ों को आवाज दी, खत्म हो जायेगी।

यह सभी जानते हैं कि विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू यादव की तिकड़ी देश की राजनीति में काफी मायने रखती थी। पिछड़ी जातियों और मध्यम किसान वर्ग के बढ़ते प्रभाव को ट्रिगर कर इस महत्वपूर्ण तिकड़ी ने उत्तर भारतीय राजनीति में अपना दबदबा बनाया था। यह भी एक संयोग था कि इन तीनों के पास अलग-अलग राजनीतिक गुण थे। मुलायम सिंह यादव जहां प्रभावी प्रशासक माने जाते थे, वहीं लालू यादव को जनता से जुड़ा नेता माना जाता था, जबकि शरद यादव के पास राजनीतिक समझ और जन कौशल था। इन तीनों ने अपने-अपने गुणों का इतना प्रभावी मिश्रण तैयार किया कि देश का पिछड़ा वर्ग इनके पीछे हो गया।

'मंडल सियासत' के इन चार स्तंभों में सबसे पहले वीपी सिंह का निधन हुआ। तब जो तिकड़ी बची थी, उसने इस सियासत को नये मुकाम तक जरूर पहुंचाया। इस क्रम में यह भी याद रखा जाना चाहिए कि मुलायम और लालू के मुकाबले शरद यादव के पास व्यापक राजनीतिक करिश्मे का अभाव था, लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में उनका आगमन कहीं प्रभावी तरीके से हुआ था।



1979 में जब किसान नेता और तत्कालीन गृह मंत्री चरण सिंह ने जनता पार्टी से अलग होकर लोक दल बनाया और कांग्रेस के समर्थन से कुछ समय के लिए प्रधानमंत्री बने, तब शरद यादव उनकी नयी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बने थे। यह वह दौर था, जब पिछड़ों को किसानों और अल्पसंख्यकों के साथ जोड़ने का अनूठा राजनीतिक प्रयोग चल रहा था। मुलायम सिंह यादव जहां डॉ राम मनोहर लोहिया की समाजवादी परंपरा के अंतिम योद्धा के रूप में इस प्रयोग का एक पहिया बने, वहीं लोकनायक जयप्रकाश नारायण के शिष्य लालू यादव ने इस रथ का दूसरा पहिया बनना स्वीकार किया। इन दोनों ने शरद यादव को रथ का घोड़ा बना दिया और तब भारतीय राजनीति का वह रथ पूरी ताकत से दौड़ने लगा।

'मंडल सियासत' के इन चार नायकों में एक अद्भुत विरोधाभास था। सभी की सामाजिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि पूरी तरह अलग थी। वीपी सिंह जहां जमींदार घराने के थे और कांग्रेसी थे, वहीं मुलायम सिंह यादव किसान परिवार से थे और समाजवादी धारा से आये थे। लालू यादव बेहद गरीब परिवार से आते थे और बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के अपने लिए उन्होंने खुद जगह बनायी थी, जबकि शरद यादव मध्यम वर्गीय परिवार से आये थे और मध्यप्रदेश की छात्र राजनीति में समाजवादी धारा का प्रतिनिधित्व करते थे। इन चारों ने अपनी अलग-अलग पृष्ठभूमि को जिस कुशलता से एकाकार किया और एक मुद्दे को लेकर जुटे, वह भी एक अनोखा राजनीतिक प्रयोग ही था।

संयोग का यह सिलसिला यहीं नहीं खत्म हुआ। इस चौकड़ी के जीवन का अंतिम चरण भी कम नाटकीय नहीं है। लालू यादव जहां बीमार होकर विस्तर पर पड़े हैं और राजनीतिक रूप से लगभग निष्क्रिय हैं, वहीं वीपी सिंह, मुलायम सिंह यादव और शरद यादव की विरासत को आगे ले जानेवाला अब कोई नजर नहीं आ रहा है। वीपी सिंह ने किसी को अपनी राजनीतिक विरासत नहीं सौंपी थी, इसलिए उनका दौर उनके साथ ही खत्म हो गया, लेकिन मुलायम ने जिस अखिलेश को अपनी विरासत सौंपी, वही अखिलेश किसी दूसरे दांव में उलझ कर रह गये हैं। बसपा की सोशल इंजीनियरिंग और भाजपा की आक्रामक राजनीति के चक्रव्यूह में वह ऐसे फंस गये हैं कि उन्हें मुलायम की विरासत को भूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जहां तक शरद यादव का सवाल है, तो उन्हें भी उपेक्षा का वह दंश झेलना पड़ा, जिसकी उम्मीद नहीं की जा सकती। चाहे नीतीश कुमार हों या वशिष्ठ नारायण सिंह या फिर पप्पू यादव सरीखे दूसरे नेता, हर किसी ने शरद यादव का इस्तेमाल किया और काम निकल जाने के बाद उन्हें अलग-थलग कर दिया। इस चौकड़ी में अब केवल लालू यादव ही बचे हैं और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि तेजस्वी उनकी 'मंडल सियासत' की विरासत को कैसे आगे ले जाते हैं।

---

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन :



भारत के पांच यात्रियों सहित सभी मृतकों के परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना, जिनकी उड़ान दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। पोखरा, नेपाल। मैं गंभीर रूप से घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### बाबूलाल मरांडी :



पुलिस कस्टडी में मौत: यह घृणित कृत्य बिल्कुल अस्वीकार्य है, यह एक इलीगल कस्टडियल डेथ का मामला है। हजारीबाग शहर के कानी बाजार निवासी व्यवसायी सुनील कुमार गुप्ता की संदेहास्पद स्थिति में पुलिस कस्टडियल डेथ हो गयी। पुलिस हिरासत में हत्या का गंभीर आरोप है। राज्य के डीजीपी से आग्रह है कि राज्य स्तर के वरीय आइपीएस अधिकारियों से इसकी जांच करा कर कार्रवाई करिये ताकि लीपापोती न हो, पीड़ित परिवार को न्याय मिले। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग इसका संज्ञान ले।

### दीपक प्रकाश



सेना के मनोबल को गिराने का काम राहुल गांधी करते हैं। उन्होंने सेना की पिटाई हुई जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। मैं ये दावे के साथ कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के बॉर्डर सुरक्षित हैं और हमारे जवान पूरी ताकत के साथ सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं।

### निशिकांत दुबे :



माननीय प्रधानमंत्री जी के कारण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना यानि केंद्रीय योजना के तहत गोड्डा लोकसभा में कुल 210 करोड़ की लागत से कुल 28 रोड बनाने का टेंडर हुआ है। मंत्री गिरिराज सिंह जी का आभार।

---

# नक्सलियों की तलाश के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को पीटा

- आक्रोशित लोगों ने गांव में घुसने से पुलिस को रोका
- ग्रामीणों ने विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को फोन कर बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले से ग्रामीणों और पुलिस के बीच विवाद का मामला सामने आया है। गिरिडीह के डुमरी से इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस के जवान पारसनाथ के चतरो इलाके में नक्सलियों की टोह में निकले थे। तभी चतरो गांव के टोला में जाकर एक घर में भीम सोरेन और बहामुनी बास्के के साथ पूछताछ के क्रम में पुलिस की तीखी नोकझोंक हुई, जिसमें एक जवान ने भीम सोरेन, बहामुनी बास्के सहित तीन लोगों के साथ मारपीट कर दी।

इससे लोग भड़क गये और देखते ही देखते पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ बड़ी संख्या में ग्रामीण गोलबंद होकर छापेमारी करने निकले पुलिस दल को चतरो गांव में प्रवेश करने से रोक दिया। यहां तक कि पुलिस से दो-दो हाथ करने को भी ग्रामीण महिला-पुरुष एकजुट हो चुके थे। वहीं दूसरी तरफ चतरो गांव में किसी नक्सली के होने की सूचना पर पुलिस हर कीमत पर छापेमारी के लिए जाने को तत्पर थी, तो दूसरी तरफ ग्रामीण महिला-पुरुषों ने लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से लैस होकर पुलिस को रोक रखा था। इसे लेकर घंटों स्थिति तनावपूर्ण रही। पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को सूचना दी।



इसके बाद मौके पर विधायक पहुंचे और ग्रामीणों की बातों पर अमल करते हुए पुलिस पदाधिकारी से संबंधित जवान को चिह्नित करने को कहा, जिसने तीन लोगों के साथ मारपीट की है। साथ ही घटना की जांच कर उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग एसपी से की है। सीआरपीएफ कैंप के सामने मैदान में बैठ कर विधायक और एसडीपीओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि भविष्य में सुरक्षाबलों द्वारा इस तरह की कार्रवाई नहीं की जायेगी। वर्तमान में जो भी सुरक्षाकर्मी ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की है उसकी जांच की जायेगी और दोषी जवान के खिलाफ पांच दिनों के अंदर कार्रवाई भी की जायेगी। साथ ही ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में सुरक्षाबलों द्वारा निर्दोष ग्रामीणों के साथ कभी भी ज्यादती नहीं होगी, वहीं पुलिस की ओर से अपील की गयी कि नक्सलियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई में ग्रामीण आड़े नहीं आये, पुलिस को अपना काम करने दें। जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस नक्सलियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई करे, उससे उन्हें कोई मतलब नहीं है। लेकिन, पुलिस नक्सलियों के बहाने ग्रामीणों को परेशान नहीं करे। निर्दोष ग्रामीणों को नक्सली के नाम पर घसीट कर झूठी कार्रवाई ना करें। आगे इस तरह की कार्रवाई हुई तो ग्रामीण भी चुप नहीं बैठेंगे, इस बात के बाद ग्रामीण अपने घर लौट गये।

---

# 19 जनवरी को रांची आयेंगे केंद्रीय मंत्री पशुपति नाथ पारस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति नाथ पारस 19 जनवरी को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचेंगे। 20 जनवरी को केंद्रीय मंत्री सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड के सभागार में भारत सरकार की ओर से 75 हजार युवकों में से झारखंड के चयनीत उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देंगे। 19 जनवरी को वे राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ होटल रेडिसन ब्लू में संबोधित करेंगे। उनका 19 जनवरी को दोपहर बाद चार बजे रांची पहुंचने का कार्यक्रम है।

---

# मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती को प्रेम जाल में फंसाया, फिर कर दी हत्या

## विवाहित युवती ममता को अरमान खान उर्फ रॉकी धमकी देकर अपने पास बुलाता था

- मृतक युवती ममता की बहन जया ने बताया कि मैं अपने पति के साथ बाजार गयी थी
- बाजार से वापस आने पर देखा कि ममता खून से सनी हुई पड़ी है
- आनन-फानन में उसे लेकर अस्पताल भागे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

सुनील कुमार

**बरकाकाना।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र के भादवाटांड में किराये के मकान में रहने वाली हिंदू युवती को मुस्लिम युवक ने पहले अपने प्रेम जाल में फंसाया फिर हत्या कर दी। मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरित्र करमाली के आवास में किराये पर रहनेवाली जया देवी की बहन ममता देवी की हत्या की बात सामने आयी है। घटना की जानकारी मिलते ही बरकाकाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक की बहन जया देवी ने बताया कि ममता का विवाह रंजन कसेरा के साथ हुआ था। लेकिन पिछले कई महीनों से अरमान खान उर्फ रॉकी से हमारी बहन के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ दिनों से दोनों में आपसी विवाद चल रहा था। रॉकी धमकी देकर ममता को अपने पास बुलाने लगा था। जया ने कहा कि पिछले पंद्रह दिनों से हम सभी परिवार दिल्ली ममता के पास गये हुए थे और बीते दिनों ही हम अपने पति निखिल कुशवाहा और ममता के साथ दिल्ली से लौटे हैं। लौटने के दौरान अरमान खान भी हम लोगों के साथ घर आया। मेरा जन्मदिन होने के कारण मैं अपने पति के साथ सामान की खरीदारी के लिए बाहर निकली। मेरी गैर मौजूदगी में अरमान खान एवं मेरी बहन में झगड़ा हो गया। हमलोग खरदारी कर वापस लौटे तो अपनी बहन को खून से लथपथ हालत में पडा हुआ देखा। आनन फानन में हम लोग घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल रामगढ़ लाये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि घटना को लेकर जांच जारी है, लेकिन प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होता है।





ममता की फाइल फोटो

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 °c | 12.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.33 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## पहलः चर्च पर हमलों के खिलाफ रांची में निकली रैली

# धर्म के नाम पर बंद हो बंटवारा : क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन और मेथोडिस्ट चर्च इन इंडिया (लखनऊ रिजनल कॉन्फ्रेंस) की ओर से रविवार को मोरहाबादी मैदान में विरोध महारैली निकली। इस दौरान मसीही समाज से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ सहित देश भर में समाज को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है जिसे बंद किया जाना चाहिए। आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित मसीही समाज से जुड़े कई प्रमुख लोगों ने छत्तीसगढ़ में मसीहियों पर हमले की निंद की अपनी चिंता जाहिर करते कहा कि धर्मांतरण के नाम पर इसाई समाज के लोगों के साथ मारपीट, उनका अपमान हो रहा है जो नहीं किया जाना चाहिए। आपत्ति जताते कहा कि केंद्र से लेकर सभी सरकारों को संविधान के आर्टिकल 25 का सम्मान करना होगा। धर्म के नाम पर समाज में बंटवारा बंद होना चाहिए। इससे लोकतंत्र का हनन होता है। इससे पहले सैकड़ों की संख्या में मसीही समाज से जुड़े लोगों ने कचहरी चौक से मोरहाबादी मैदान तक विरोध महारैली निकाली, उनके हाथों में तख्तियां थीं। इस पर मसीहियों पर झूठे आरोप लगाना बंद करो, आर्टिकल 25 का सम्मान, धर्मांतरण के नाम पर समाज का बंटवारा बंद किये जाने सहित अन्य बिंदुओं के जरिये विरोध जाहिर किया गया।

# आदिवासी संगठनों का मशाल जुलूस और पुतला दहन कार्यक्रम आज

**अनुबंधकर्मियों के स्थायीकरण का करेंगे विरोध**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अनुबंध पर नियुक्ति कर्मियों के स्थायीकरण की प्रक्रिया हाइकोर्ट के निर्देश के बाद सरकार शुरू करने जा रही है। लेकिन इसका विरोध भी शुरू हो गया है। राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान ने इसपर बैठक की। जिसकी अध्यक्षता बंधन तिग्गा ने की। बैठक में कहा गया कि विभिन्न सरकारी विभागों, अनुमंडलों, जिला, प्रखंड स्तर पर नियुक्त हजारों अनुबंध कर्मियों की सेवा नियमित की जा रही है। इसका विरोध राजी पाहा सरना प्रार्थना सभा, केंद्रीय सरना समिति, झारखंड आदिवासी संयुक्त मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ, सरना धर्म सोतोः समिति खूंटी, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति रांची सहित अन्य संगठनों ने विरोध किया है। इनका कहना है कि अनुबंध और संविदा नियुक्ति में एसटी, एससी के आरक्षण का उल्लंघन हुआ है। संगठनों का कहना है कि वर्तमान गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन किया गया है कि इस तरह की गलती कभी ना करें। अन्यथा राज्य में आदिवासियों का आंदोलन होगा। संगठनों का कहना है कि 16 जनवरी को 3 बजे जयपाल सिंह स्टेडियम में सभी संगठनों के प्रतिनिधि जमा होंगे और मशाल जुलूस के साथ अल्बर्ट एक्का चौक पर सरकार का पुतला दहन होगा। बैठक में सरकार से मांग की गयी है कि, राज्य सरकार के अधीन विभिन्न स्तरीय सेवा संवर्ग बैकलॉग हजारों वैकेंसी आरक्षित वर्गों का है। बैकलॉग वैकेंसी का आकलन किया जाये और उसके विरुद्ध नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाये। इस बैठक में आशा लकड़ा के सरना धर्म कोड को लेकर दिये बयान का भी विरोध किया गया। कहा गया कि उनका बयान आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने वाला है। आशा लकड़ा को मालूम होना चाहिए कि 11 नवंबर 2020 को विधानसभा से पारित हुआ है। भाजपा के विधानसभा सदस्यों ने भी अपना समर्थन दिया है और सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड पारित हुआ है। डॉ लकड़ा को यह जानकारी होनी चाहिए कि 2011 की जनगणना में अन्य धर्म कॉलम में देशभर से 79 लाख लोगों ने अपना-अपना धर्म दर्ज किया है। जिनमें देश भर से 49.57 लाख लोगों ने अपना धर्म सरना दर्ज किया है, जो जैन धर्म से कहीं अधिक है। जिसमें पूरा मुंडा, हो, संथाल और झारखंड के लगभग सभी जनजाति समुदाय ने दर्ज किया है। यह संख्या 97 प्रतिशत है। वहीं ओडिशा में 2000 की जनगणना में सरना धर्म दर्ज करने वालों की संख्या 4 लाख 33 हजार और पश्चिम बंगाल 4 लाख 32 हजार है। सरना धर्म को देश के 21 राज्यों में प्रभावी ढंग से अपनाया गया है। इसे मात्र छोटा नागपुर का कहना, भ्रम पैदा करना है। सभा में यह भी कहा गया कि डॉक्टर आशा लकड़ा की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। क्योंकि वह आरएसएस की भाषा बोल रही हैं। झारखंड कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस ने सरना कोड की बात कही है, यह स्वागत योग्य है लेकिन कांग्रेस से निवेदन है कि इस मसले को कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति दिल्ली में रखी जाये। फिर इसपर कांग्रेस के विचार को केंद्र सरकार और राष्ट्रपति के सामने रखी जाये, तो बड़ी बात होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री से निवेदन है जिस तरह से विधानसभा में सरना धर्म कोड की प्रस्ताव को पारित किया गया है। आगे भी उम्मीद करते हैं कि राज्य की हेमंत सरकार केंद्र सरकार और राष्ट्रपति के सामने स्पष्ट रूप से सरना कोड की वकालत करेंगे। बैठक में डॉ करमा उरांव, बलकू उरांव, संगम उरांव, रवि तिग्गा, नारायण उरांव, अमर उरांव, शिवा कच्छप, प्रभात तिर्की, रेणु तिर्की, रायमुनि किस्पोट्टा, सुमन खलखो, निर्मल पाहन, रंजीत उरांव, अस्मितमन तिर्की, अर्पित तिर्की आदि शामिल थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** – रोजी-रोजगार में सफलता, आकस्मिक धन लाभ, सपरिवार भ्रमण के साधन बनेंगे।

**वृष** – कर्मश्रेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** – प्रेम संबंधों में सुधार, भौतिक सुख-संपन्नता की वृद्धि, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कर्क** – व्यापारिक यात्रा करनी पड़ सकती है, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी. सेहत अच्छा रहेगा।

**सिंह** – जॉब में बदलाव होगा, नये दायित्व मिल सकता है, नये वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति, मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या** – जमीन-जायदाद संबंधी विवाद हल होगा, धन की स्थिति अच्छी होगी।

**तुला** – प्रेम-प्रसंग में उलझनें दूर होंगी, बकाये रकम की प्राप्ति, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** – नौकरी-व्यापार में उन्नति, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, स्वजन-मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**धनु** – कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, पैसे का लाभ होगा।

**मकर** – दिन-भर अनावश्यक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**कुंभ** – जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, सेहत को लेकर चिंता होगी, जीवन साथी से अनबन होगी।

**मीन** – विवाहेत्तर प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है, कोई नया काम करने से नुकसान होगा।

## अमृत भारत योजना के तहत रांची रेल मंडल के 15 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के रांची रेल मंडल की ओर से 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जायेगा। रांची रेल मंडल के प्रमंडलीय रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 15 स्टेशनों का चयन किया गया है। अमृत भारत योजना के तहत लोहरदगा, झालदा, मुरी, नामकुम, रामगढ़ कैंट, सुईसा, सिल्ली, टाटीसिलवे, गंगाघाट, बानो, पिस्का, तुलीन, ओरगा, गोविंदपुर रोड और बालसिरिंग रेलवे स्टेशन शामिल है। सभी चयनित रेलवे स्टेशनों में फुट ओवर ब्रिज, रिटायरिंग रूम (प्रतिक्षालय, शौचालय, फूड प्लाजा, वाटर प्यूरीफायर, एस्केलेटर, लिफ्ट, दिव्यांगों के लिए सीढ़ी, बड़ी पार्किंग और रेलवे स्टेशन के आसपास सौंदर्यीकरण का काम कराया जायेगा।

अमृत योजना से बाहर आने वाले रेलवे स्टेशनों को जोन स्तर से विकसित करने की योजना बनायी गयी है। रांची रेल मंडल की तरफ से योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए रेलवे मुख्यालय तक प्रस्ताव भेजा गया है।

# परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत बिगड़ी, टीएमएच अस्पताल में भर्ती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। आनन फनन में टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। टीएमएच के डॉक्टर ने बताया कि चंपई सोरेन को ठंड लगने से तबीयत खराब हुई है। इलाज चल रहा है और शीघ्र स्वस्थ्य हो जायेंगे।

बताया जा रहा है कि 42 डिग्री तापमान में मंत्री चंपई सोरेन लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ कोल्हान का भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को भी क्षेत्र भ्रमण कर जिलिंग्गोडा स्थित अपने आवास पहुंचे, तभी अचानक तबीयत बिगड़ी गयी। चंपई सोरेन की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही उनके समर्थक और पार्टी के नेता अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली है। तबीयत खराब होने की वजह से मंत्री चंपई सोरेन सरहुल पर्व में शामिल नहीं हो सके है। बताया जा रहा है कि गर्मी के कारण लू लगने से चंपई सोरेन बीमार हो गो हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य है और कुछ दिन आराम करेंगे तो शीघ्र स्वस्थ्य हो जायेंगे।

## राज्य सरकार करे सुधार : अमर बाउरी

# शिक्षा परियोजना की नौकरी में एससी को आरक्षण का लाभ नहीं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला की ओर से 13 जनवरी को एक विज्ञापन जारी किया गया है। पूर्व मंत्री, चंदनकियारी विधायक सह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने इस पर सवाल उठाया है, उनके मुताबिक विज्ञापन में अनुसूचित जाति समाज को आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा इसे लेकर गंभीर है। अमर कुमार बाउरी ने ट्विटर के माध्यम से सरकार से पूछा है कि आरक्षण के मामले में ऐसी गलती क्या जानबूझकर की गयी है या भूलवश हुई है। यदि राज्य के 50 लाख से ज्यादा अनुसूचित जाति वर्ग का तिरस्कार और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अपने संवैधानिक अधिकार को पाने के लिए इस ठगबंधन वाली सरकार की सड़क से लेकर सदन तक ईंट से ईंट बजाने को तैयार है। उन्होंने साफ तौर पर कहा यदि सरकार ने अविलंब इस त्रुटि में सुधार नहीं किया तो आने वाले समय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

# द ब्लैक बोर्ड में स्कॉलरशिप टेस्ट बी-सैट का आयोजन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को नामांकन फीस में 100 प्रतिशत तक का डिस्काउंट दिया जायेगा**

**रांची।** रविवार को संत आलोइस विद्यालय में डांगरा टोली स्थित कोचिंग संस्थान द ब्लैकबोर्ड के स्कॉलरशिप टेस्ट बी-सैट का आयोजन किया गया।

इस स्कॉलरशिप टेस्ट में 1742 छात्र शामिल हुए। संस्थान की ओर से यह घोषणा की गयी कि टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नामांकन फीस में 100 प्रतिशत तक का डिस्काउंट दिया जायेगा।

इस अवसर पर निदेशक सुशांत मिश्रा ने बताया कि 11वीं से 12वीं में जाने वाले स्टूडेंटस के लिए बी-सैट एक सुनहरा मौका है। इस टेस्ट के माध्यम से बच्चों को 100 परसेंट तक स्कॉलरशिप दिया जा रहा है। वहीं संस्थान के शिक्षक आदर्श सर ने बताया कि टेस्ट में फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स और बायोलॉजी के ऑब्जेक्टिव टाइप के सवाल पूछे गये।

इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक उपस्थित थे। निदेशक सुशांत मिश्रा ने बताया कि यहां के छात्रों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तैयार किया जा रहा है। कहा कि उनका संस्थान सहायक प्रध्यापक के लिए नये स्नातकों को नियुक्त करने के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है। यह कोई नया प्रयोग नहीं बल्कि एक बहुत ही सफल मॉडल है। उम्मीदवारों के पास हमारे संस्थान से जुड़ने की अलग-अलग वजहें होती हैं, जिसमें एक अच्छा वेतन, अच्छा करियर और स्थिर जीवन शामिल है।

## रुकोटांड में जागरूकता शिविर का आयोजन

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में दिशा योजना के तहत दूसरे दिन रविवार को गिरिडीह प्रखंड क्षेत्र की तेलोडीह पंचायत में विधिक जागरूकता सह विधिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव (प्रभारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, कुमारी नीतिका के निर्देश पर रिटेनर अधिवक्ता फ्रंट कार्यालय गिरिडीह गीतेश चंद्रा ने उपस्थित होकर आम जनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चलाये जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

## जेसीआइ रांची का 63वां शपथ ग्रहण समारोह

# अरविंद राजगढ़िया बने अध्यक्ष



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के होटल काव्स में रविवार को जेसीआइ रांची ने 63वें शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने अपनी नयी युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ, जेसीआइ सेनेटर जगन्नाथ दास मौजूद थे।

जेसी अरविंद राजगढ़िया ने जेसीआइ रांची के अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए आने वाले वर्षों में समाज को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया।

वहीं अपनी टीम से कहा- ड्रीम बिग, डेयर डिफरेंटली, डिलीवर सक्सेसफुली। राजगढ़िया की नयी टीम में सचिव के तौर पर तरुण अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवेश जैन, निशांत मोदी, निखिल अग्रवाल, विक्रम चौधरी, पीयूष केडिया, प्रतीक जैन, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, संयुक्त सचिव रवि आनंद ने शपथ लिया।

## श्री राम कथा आयोजन समिति की ओर से हरमू मैदान में श्री राम कथा का आयोजन

# संतुष्ट रहने का स्वभाव अपने अंदर बनाना होगा : राजन महाराज





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री राम कथा आयोजन समिति रांची के सानिध्य में हो रहे श्री राम कथा का शुभारंभ रविवार को राजन महाराज के सानिध्य में सभी संतों ने दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया। हरमू मैदान में आयोजित श्री राम कथा में राजन महाराज ने कहा कि जीवन में सुखी होने के लिए सबसे पहले संतुष्ट रहने का स्वभाव अपने अंदर बनाना होगा। उसके लिए अच्छा कर्म और अच्छा कर्तव्य करें, यही संतुष्ट होने का कारण है। जब तक संतोष नहीं आयेगा। कामनाएं समाप्त नहीं होंगी।

उन्होंने कथा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिसके जीवन में जैसा अनुभव हुआ वैसी कथा उन्होंने सुनाई। उन्होंने कहा जीव भी परमात्मा की शरण में आता है तो भगवान उसे सब कुछ देते हैं। लेकिन अगर हम भगवान के साथ कपट करेंगे, तो भगवान भी ऐसे ही देंगे जैसे दूध में पानी नहीं हमें दिखता। इसलिए हमें कपट से बचना चाहिए।

**4000 से ज्यादा लोगों ने कथा का श्रवण किया**

आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि सोमवार की कथा श्री राम जन्मोत्सव का प्रसंग है। श्री राम जी के जन्मोत्सव का उत्सव मनायेंगे। कथा स्थल में मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया, संयोजक मनीष साहू, बसंत शर्मा, नेमी अग्रवाल, मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत सजन पडिया, श्रवण अग्रवाल, दीपक पाठक, दीपक टाटिया, दीपक सरावगी, बनवारी, राजू पोद्दार, प्रशांत श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह, सोनू भारद्वाज, राजू यादव, आनंद माणिक सहित काफी संख्या में सदस्य अपनी सेवा दे रहे हैं।

इसके पूर्व मंच पर मुख्य यजमान प्रेम चंद श्रीवास्तव व पत्नी उर्मिला श्रीवास्तव व उनके परिवार के द्वारा व्यास जी की आरती की गयी। मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पार्षद अरुण झा, केके गुप्ता, प्रदीप नारसरिया, अंचल किंगर, धर्मेंद्र तिवारी, राकेश भास्कर, मदन लखोटिया, कमल सिंघानिया, कुणाल अजमानी सहित कई लोगों ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
04

# हजारीबाग-कोडरमा में धूमधाम से मनायी गयी मकर संक्रांति




## मुखिया ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सूर्य कुंड धाम में लगने वाले मेला में ठंडे पेयजल आपूर्ति का उद्घाटन किया गया। पेयजल आपूर्ति का उद्घाटन मुखिया ललिता पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य विकास पांडे, शिलाडीह पंचायत मुखिया निजाम अंसारी, उपस्थित थे। मुखिया ललिता पांडेय ने कहा कि पिछले कई वर्षों से सुर्य कुंड में पेयजल की सबसे बड़ी समस्या थी। हमने अपने पंचायत चुनाव के दौरान वादा किया था कि चुनाव जितने पर सुर्य कुंड में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएंगे। आज सुर्य कुंड में चौबीस घंटे ठंडा पेयजल उपलब्ध है। मेला में घुमने आने वालों को पानी की किल्लत नहीं होगी। मौके पर उपस्थित लोगों में समाजसेवी धिरेंद्र पांडेय, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, संजय साव, बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार, गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाह, नंदू राणा, राजू मंडल, बब्लू पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, अमर पाण्डेय, पिंटू राणा, सूरज राणा, इंतियाज अंसारी, सूरजकुंड मेला के पांच पांडव कमेटी के सभी सदस्य थे।

## हुटपा में सास, बहू और पति सम्मेलन का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुटपा में बीबीटी कुमारी रेखा वर्मा एवं सहिया साथी जय श्री के नेतृत्व में सास बहू एवं पति सम्मेलन का आयोजन की गयी। सास बहू एवं पति को लेकर क्विज प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें 30 बहू बेटियों ने भाग लिया पुष्पा कुमारी, पूजा कुमारी, रंजू देवी, सपना कुमारी, सुनीता कुमारी, पार्वती देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, सपना देवी, मुनिया देवी, मंजू देवी, रूबी कुमारी, बबीता देवी, पिंकी देवी, समसा बेगम, मोशर्त परवीन एवं मौके पर उपस्थित एनम आरती कुमारी,वीएचएनसी डलेशवरी देवी, सेविका निरोज देवी एवं मीना देवी, सैया सरिता कुमारी एवं मीना देवी उपस्थित थे।

## लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में शुक्रवार रात में अज्ञात चोरो के द्वारा एक घर से लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस बाबत ग्राम सलैया निवासी सतीश कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय जीबलाल प्रसाद मैं एक लिखित आवेदन बरकट्ठा थाना में दिया है। जिसमें बताया है कि 13 जनवरी की रात मैं अपनी मां का इलाज कराने घर पर ताला लगाकर हजारीबाग गया था। शनिवार 14 जनवरी की सुबह गांव वालों ने फोन कर मुझे बताया कि आपके घर में लगा ताला टूटा हुआ है। वापस हजारीबाग से वापस लौट कर देखा कि मेरे घर का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखे बक्सा एवं गोदरेज अलमीरा से चोरी कर ली गई है। बताया कि अपराधियों ने घर में रखे तांबा,पीतल के बर्तन, लगभग तीन लाख रुपये के जेवरात, कपड़े वगैरह समेत कुल चार लाख रुपए की संपत्ति की चोरी हुई है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन जुटी है।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ इचाक प्रखंड कमेटी ने चूड़ा-दही कार्यक्रम का आयोजन किया

**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ इचाक प्रखंड कमेटी के तत्वाधान में पेढिया बागी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में चूड़ा दही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जय शंकर प्रजापति और संचालन गणेश कुमार ने की। बैठक में जिला सचिव गजेंद्र प्रजापति, संरक्षक अर्जुन प्रसाद प्रजापति मौजूद रहे। बैठक में सामाजिक कुरीतियों से मिलकर लड़ने, जिला के नव चयनित पदाधिकारियों को सम्मानित करने, कोष सृजित करने, बैंक खाता खुलवाने, मोहर लेटर पैड बनवाने समेत कई बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की गई। संरक्षक अर्जुन प्रसाद प्रजापति ने कहा कि संगठन में मैं शब्द का कोई स्थान नहीं है। एकजुटता, सहभागिता, सहानुभूति एवं शिष्टाचार से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में अखिलेश प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, बालेश्वर प्रजापति, मुंशी प्रजापति, किशोरी प्रजापति, रामकुमार प्रजापति, उमेश प्रजापति, चंद्र प्रजापति रामचंद्र प्रजापति जागेश्वर प्रजापति के अलावा समाज की कई लोग मौजूद थे।

## केशर महतो संघर्ष समिति की बैठक आयोजित



**केरेडारी/केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चट्टी बरियातू पंचायत स्थित कर्बला के मैदान में शहीद केसर महतो संघर्ष समिति जे कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को कमलनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में कोल कंपनियों से रोजगार नौकरी ट्रांसपोर्ट संबंधी विशेष चर्चा की गयी। ग्रामीणों का एक स्वर में कहना है की कंपनी यहां के रैयतों को रोजगार एवं नौकरी से जोड़ने का काम करे एवं यहां के भू रैयतों के साथ छल करना एवं झूठे मुकदमे में फंसाना बंद करे और ट्रांसपोर्ट का काम कोई भी करता है तो वह हमारे समिति से मिलकर काम करे। ऐसा नहीं होने पर भू रैयत एवं समिति के लोग जोरदार आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष कमलनाथ महतो, सचिव शंकर गुप्ता, उपाध्यक्ष कुलदीप साव, संरक्षक सुरेश सिंह, मुखिया झरीलाल महतो, पंसस प्रतिनिधि महेंद्र रजक, सुरेश महतो, रजाक मियां, कृष्णा गुप्ता, दिनेश महतो, राजेश गुप्ता, दशरथ महतो, सत्यनारायण नायक, दयानंद गुप्ता, जितेंद्र राणा और मो. उस्मान सहित विस्थापित तीनो गांव के कई भू रैयत मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** यूनिवर्सल प्रौटिस्ट स्टूडेंट्स फेडरेशन हजारीबाग की ओर से ड़ेंगूरा बेरहोर टोला, कुंडिलबागी, हजारीबाग एक अनोखी पहल के साथ बिरहोर परिवार के बीच नववर्ष का कार्यकम, चूड़ा, तिलकुट, बिस्कुट, टॉफी, बिस्कुट समेत अन्य खाद्य सामग्री वितरण किया गया। बच्चों के साथ खेलकूद का भी प्रोग्राम किया गया। यह संगठन प्रभात रंजन सरकार के द्वारा प्रतिपादित प्रउत( प्रगतिशील उपयोगी तत्व) दर्शन पर आधारित है। कहते है ना जब भी समाज मे परिवर्तन आया है इसमें छात्र समाज का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। यह चरित्रवान एवम नैतिकवान छात्रों का एक मात्र संगठन है जो एक ओर बताता है कि किस तरह प्रउत दर्शन के माध्यम से विश्व के तमाम समस्याओं का समाधान किया जा सकता है और दूसरी ओर कैसे एक नैतिकवान और दूसरी ओर चरित्रवान छात्रों को संगठित कर समाज को एक नेतृत्व दिया जा सकता है।

## विधायक ने मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव ने ध्वजाधारी धाम में दही चूड़ा तिलकुट एवं भक्ति संगीत का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रुप से महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज के द्वारा भजन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सुखदेव जी महाराज ने जिला वासियों को मकर सक्रांति की शुभकामना देते हुए कहा कि आपके जीवन मे सुख समृद्धि आये और स्वस्थ रहें। विधायक डॉ नीरा यादव ने मकर सक्रांति के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी। नव वर्ष का कैलेंडर का भी विमोचन कर सभी कार्यकर्ताओं को कैलेंडर दिया गया। भक्ति में भजन संगीत में एक से एक भजन मे भक्त लोग गीत लगाते रहे। गायक नवीन पांड्या, दीपक दीपक कुमार, विशाल कपसिमे, आदि ने भोले शंकर, राधा कृष्ण, मां दुर्गा के भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया और लोग झूमने लगे। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र सिंह, रवि मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, सुरेश यादव, अशोक आर्या, जिला महामंत्री अनुप जोशी, राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दासगुप्ता, शिवलाल सिंह, जयप्रकाश राम, शशि भूषण प्रसाद, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, आकाश वर्मा, कोडरमा नरेंद्र पाल, जयशंकर प्रसाद, द्वारिका राणा, शशि भूषण चौधरी, रामदेव मोदी, सुरेंद्र यादव, मुकेश राम,सूरज प्रताप मेहता, पिंकी जैन, डॉ नरेश पंडित, डॉ रंजीत कुमार डॉ राजीव पांडे, धन्नजय यादव, संजीव यादव, पप्पु पांडेय आदि ने दही चूड़ा का आनंद लिया।

## तीन दिवसीय जतरा मेला का आयोजन किया

**चरही (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के अवसर पर बरगहींया के इंदरा में 15 से लेकर 17 जनवरी तक तीन दिवसीय जतरा मेला का आयोजन किया। जिसका मुख्य अतिथि चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक, पूर्व जिला परिषद सदस्य परमेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली एवं इंदरा पंचायत मुखिया राधिका देवी के हाथो फिता काटकर मेला का शुभ उद्घाटन किया गया। इस मेले में बडी बडी झूला और मौत का कुआं सहित अन्य प्रकार के आकर्षण तरीके से बने चीजे देखने को मिल रही है। यह मेला पूर्वज के जमाने से लगते आ रही है जो बरगहींया के लिए और साथ ही चरही क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस मेले को देखने के लिए दूर दराज एवं रिसते नाते लोग भी बड़ी संख्या में आते हैं। एक और बडी बात है कि नयी रिश्ते लडका हो या लड़की को देखने के लिए इस तारीख को ही चुना जाता है कई लड़के-लड़की को तो मेला में ही देख लिया जाता है। इसको रिस्तेदार का सौभाग्य माना जाता है।

### झारखंड युवा एथलेटिक संघ के बैनर तले संपन्न हुई मैराथन दौड़

## अंडर 14 और अंडर 16 के महिला और पुरुष धावकों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एथलेटीक को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष के भांति झारखंड युवा एथलेटिक संघ और उनके कोच वसीम अहमद के प्रयास से विभिन्न वर्ग के महिला और पुरुष के बीच मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी मुन्ना सिंह, रूचि कुजूर, सदस्य झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, शिक्षविद जेपी जैन, निदेशक ओसिस स्कूल सबीर अहमद, नियाजुद्दीन, अमानुल्लाह, अनुप राजेश लकड़ा, रोजर नाइट इत्यादि भी उपस्थित थे। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता इस्लामिया विद्यालय से प्रारंभ हो कर झील परिसर के चारो तरफ लगभग चार किलोमीटर तय करना था, इस प्रतियोगिता में अंडर 14 अंडर 16 उम्र के महिला और पुरुष धावकों के बीच संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा झंडा दिखा कर सभी टीम को रवाना किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14 गर्ल्स टीम में प्रथम उषा तिग्गा, द्वितीय नेहा लकड़ा,तृतीय अलीशा मिंज, चतुर्थ स्थान अनाप केरकेट्टा,ने प्राप्त किया, अंडर 16 गर्ल्स में प्रथम स्नेहलता नाग, द्वितीय निधि, तृतीय बहालेन नाग, चतुर्थ स्थान खुशबू टोप्पो ने प्राप्त किया। अंडर 14 बॉयज ग्रुप में प्रथम स्थान अरबिंद यादव, द्वितीय आदिल अहमद, तृतीय अंगेश कुमार, चतुर्थ स्थान विष्णु कुमार,ने प्राप्त किया, अंडर 16 बॉयज ग्रुप में प्रथम बबलू कुमार, द्वितीय मासूम रजा,तृतीय डब्लू कुमार, चतुर्थ स्थान अनीश कुमार और पंचम स्थान समीउल्लाह मलिक ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अपने सन्देश में कहा की आज खेल भी उचित माध्यम हैं अपना भविष्य अच्छा बनाने के लिए। मंच संचालन वसीम अहमद और कार्यक्रम को सफल बनाने में अलाउद्दीन, प्राचार्य नियाज अहमद, मंसूर आलम, परवीन अलीशा, नफीसा परवीन ने सहयोग किया।




## मुख्यमंत्री हेमंत 17 को आयेंगे: रविंद्र शांडिल्य

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बागीटांड़ स्टेडियम में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री झारखंड के आभार खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने कोडरमा का तूफानी दौरा किया। डोमचांच मरकच्चो, सतगावां प्रखंड के ग्रामीणों को बताया कि 17 जनवरी को दिन के 11 बजे कोडरमा बागीटांड़ स्टेडियम मैदान में कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह, जिला सचिव वीरेंद्र पांडेय, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा रविंद्र शांडिल्य, केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, बैद्यनाथ मेहता, नंदकिशोर मेहता, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ राय, घनश्याम सिंह, तारणी प्रसाद, नुनमन सिंह, चंदेश्वर भुइयां, रंजीत कुमार शामिल थे। इस अवसर पर श्री शांडिल्य ने कहा कि हेमंत सोरेन अद्वितीय मुख्यमंत्री हैं झारखंड राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य में लगे हुए हैं।

# सद्भाव के साथ रहने को प्रेरित करता है यह त्योहार: शालिनी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मकर सक्रांति को लेकर रविवार को ध्वजाधारी आश्रम में जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के सौजन्य से चूड़ा-दही तिलकूट कार्यक्रम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ध्वजाधारी धाम के महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों से लोगों को मकर सक्रांति की शुभकामना दी। जिप की पूर्व अध्यक्ष और विधानसभा नेत्री शालिनी गुप्ता ने दही चूड़ा-तिलकुट का वितरण कर इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले भर से हजारों की संख्या में आए सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने चूड़ा-दही, सब्जी, तिलकुट को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति का त्यौहार हमे सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम लगातार हजारों की उपस्थिति में शाम तक चलता रहा। पूरे जोश और उत्साह का माहौल अंत तक बना रहा। कार्यक्रम के दौरान नवीन पांड्या, नवीन सिन्हा, दीपक सिंह, राकेश कप्सीमे, राकेश राजपूत, आनंद सिंह, राजा चौरसिया, बबलू सिंह, आराधना सिंह समेत अन्य कलाकारों ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुति से सबको देर शाम तक बांधे रखा।



**समारोह में कई लोग हुए शामिल:** कार्यक्रम में पूर्व विधायक जानकी यादव, वरीय नेता साजिद हुसैन लल्लू, अरुण साहू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, वरीय नेता रवि मोदी, सुरेश यादव, बासदेव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, बीरेंद्र मोदी, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, बलदेव मोदी, संतोष सहाय, भीम साहू, नारायण मोदी, विश्व हिंदू परिषद के मनोज चंद्रवंशी, दीनानाथ पांडेय, बजरंग दल के प्रवीण चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद, भारत विकास परिषद के रामप्रवेश पांडेय, व्यवसायी महेश दारूका, प्रवीण सुखानी, कैलाश चौधरी, प्रदीप केडिया, मुकेश भालोटिया, मनोज केडिया, अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल, रवि कप्सीमे, कांग्रेस नेता नारायण वर्णवाल, नवनीत ओझा, जाहिद हुसैन, प्रदीप सिंह, माकपा नेता संजय पासवान, भाकपा के प्रकाश रजक, ब्यूटी सिंह, राखी भदानी, राजेश सिंह, राजा सिंह, राजेन्द्र सिंह, सिकन्दर यादव, संजय तर्वे, संजू लाम्बा, विशाल भदानी, दिनेश सिंह, पंकज सिंह, झुमरीतिलैया के पूर्व उपाध्यक्ष अनवारुल हक, गुलाम जिलानी, रामरतन महर्षि, राजेश सिंह, अरशद खान, समीम अंसारी, गतेंद्र कटारिया, प्रदीप सुमन, सुषमा सुमन, जगदीश सलूजा, सुरेश जैन, पवन सिंह, धीरज कुमार, संतोष यादव, मो मुजाहिद, सतीश कुमार दीपू, सुभाष वर्णवाल, सुधीर सिंह, रवि तिवारी, आनन्द कुमार, संजीव समीर, दीपक गुप्ता, पवन राणा, मिथिलेश साव, सहित रोटरी क्लब, मारवाड़ी युवा मंच, इनर व्हील, लायन्स क्लब, श्री हनुमान मंडल, माहुरी समाज, गायत्री परिवार, ट्रक एसोसिएशन, विहिप, बजरंग दल, काली महिला मंडल, भारत विकास परिषद, पंजाबी समाज के पदधारी समेत विभिन्न तबके के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राजधानी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 9:30 बजे की बताई गई है। ऑन ड्यूटी स्टेशन पर मौजूद सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार ने घटना की आंखों देखी जानकारी देते हुए बताया कि घटना के वक्त वे प्लेटफार्म संख्या 3 पर गश्ती कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक 65 वर्षीय वृद्ध रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। अचानक उसने डाउन लाइन पर नई दिल्ली सियालदह राजधानी को आते देख उसने जोर से आवाज लगायी। आवाज लगाते ही दिग ने रुकने का प्रयास किया लेकिन तब तक ट्रेन की जोरदार झटके से वृद्ध अप लाइन की और जा गिरे इस क्रम में आप लाइन पर हटिया आनंद विहार एक्सप्रेस में उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वृद्ध का सर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। इस संबंध में रेल थाना में एक यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## स्व. ओम प्रकाश प्रसाद की 13वीं पुण्यतिथि मनायी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया गांव में समाजसेवी स्व ओम प्रकाश प्रसाद की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस पुण्यतिथि में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी शामिल हुए। मौके पर स्व ओम प्रकाश प्रसाद के तस्वीर पर अतिथियों ने पुष्प अर्पित किए। मौके पर उनके पुत्र सुर्यदेव मंडल उर्फ टिंकू ने अतिथियों के हाथों पचास गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया। मौके पर पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, टुकलाल नायक, उमेश कुमार, सुनील चौधरी, मनोहर चौधरी, भीम प्रसाद, कुलदीप पांडेय, रिंकी देवी, सौरव कुमार, मनोज कुमार, उमेश कुमार, राजदेव प्रसाद, बब्लू कुमार, महेश प्रसाद, चन्द्रदेव प्रसाद, संतोष मंडल, विकास कुमार, रमन प्रसाद, रोहित कुमार, मुन्ना दास, बिनोद प्रसाद समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव के अधीश कुमार विवेक ने छत्तीसगढ़ में लहराया परचम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के अधीश कुमार विवेक अपनी लगन व मेहनत के बलबूते छत्तीसगढ़ में परचम लहराया हैं। अधीष कुमार विवेक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में व्याख्याता के पद पर नियुक्ति हुई है। अधीश कुमार विवेक बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के अशोक नगर निवासी अशोक कुमार एवं शिक्षिका विमला देवी के पुत्र हैं।इनके बड़े दादा पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, एवमं हरि नारायण महतो के पोता है। अधीश के पिता अशोक कुमार ने बताया कि वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहा हैं। विनम्र स्वभाव का छात्र रहा है। अधीश मैट्रिक विवेकानंद स्कूल हजारीबाग, इंटरमीडिएट संत कोलंबस कॉलेज, बीटेक, एस आईटी बेंगलुरु, एमटेक, एनआइटी सिलचर, आसाम एवं पीएचडी आईआईटी धनबाद से किया है। अधीश कुमार विवेक पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी काफी रूचि रखते हैं।कैरम बोर्ड व टेनिस में इन्हें कई बार पदक मिल चुका है। इसके अलावा क्रिकेट खेलने भी इनकी रूचि है। अधीश कुमार विवेक नेअपनी सफलता का श्रेय माता विमला देवी, पिता अशोक कुमार के अलावे गुरु जन एवं दादा हरिनारायण महतो, दादी कौशल्या देवी, चाचा, अरुण कुमार, वीरेंद्र प्रसाद चाची रिंकू देवी, सुषमा देवी को देते हैं। इनकी नियुक्ति होने पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता,लखन महतो,भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र महतो, बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मालती कुमारी, मौसा बुद्धि नाथ महतो, आशीष कुमार, अवेगत विशाल, आकांक्षा, अनिशा, अंशु उपेंद्र महतो, सत्येंद्र महतो ने भी बधाई दी है।

## साई परिवार ने किया भंडारा का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग साईं परिवार के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर साईं भण्डारा का आयोजन हुआ। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में रविवार को अहले सुबह 5 बजे काकड़ आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इंद्रपुरी स्तिथ छठ तालाब के बगल में स्थित साईं मंदिर के परिसर में मकर संक्रांति पर हर वर्ष की भांति इस बार भी विशाल भंडारा का आयोजन हजारीबाग साईं परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा बड़े ही धूम धाम से किया गया। यह आयोजन साई परिवार हजारीबाग क्रमांक संख्या 8188 के सदस्यों के द्वारा किया जा रहा है। भंडारा कार्यक्रम में हलवा और खिचड़ी के साथ बाबा को दही, चूड़ा, तिलकुट का भोग लगाकर हजारों भक्तों के बीच में वितरित किया गया। रविवार की सुबह में ही साईंनाथ को पंचामृत, दूध, दही, घी, मक्खन और गंगा जल से पवित्र स्नान करा कर बाबा का अभिषेक और श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुनील अग्रवाल, प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कुमार, मनोज सिन्हा, संजय कश्यप, सुनील कुमार गुप्ता,कृष्णा पाण्डेय, बल्ली गुप्ता, सुशील जायसवाल, बबलू शर्मा, सरोज कुमार सिंह, राकेश कुमार, डॉ अमरेंद्र कुमार, संजय कुमार, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, संजीव सिंह , छोटा सुनिल, सीमा कुमारी के साथ आनंद सिन्हा सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## विद्युत चोरी रोकथाम के लिए चलाया अभियान, दस पर मामला दर्ज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विद्युत चोरी रोकथाम को लेकर लगातार विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिला पदाधिकारियों के आदेश पर एक छापामारी दल का गठन कर छापेमारी की गई। अभियान में विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कनीय अभियंता अमित कुमार शर्मा के आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया। जिनमें प्रमोद सिंह पिता दशरथ सिंह, सुबोध कुमार सिंह पिता विजय सिंह ,वासुदेव सुखदेव सिंह पिता महावीर सिंह, नंदकिशोर सिंह पिता दयाल सिंह, भरत सिंह पिता नंदकिशोर सिंह, अनुज प्रसाद मेहता पिता अमृत महतो, प्रमोद महतो पिता लखन महतो, निरंजन कुमार मेहता पिता वासुदेव महतो, प्रकाश कुमार मेहता पिता देवनारायण महतो, प्रदीप प्रसाद मेहता पिता विशुन महतो। इन लोगों के ऊपर बिजली चोरी करने का आरोप लगाया गया है और ज्यादा बिल आने पर पैसा नहीं देने का भी आरोप लगाया गया है। उक्त सभी दारू थाना क्षेत्र के चोरहेत और घाघरा गांव के निवासी हैं।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के संगठन की मजबूती को लेकर की बैठक



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के द्वारा चौपारण प्रखंड के केवालिया ग्राम सुखदेव दांगी के घर में बैठक किया गया। जिस में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष बबलू कुशवाहा उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष विष्णुधारी कुशवाहा, जिला संगठन मंत्री राजेश कुशवाहा, युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेश महतो उपस्थित थे। अतिथि में बरही प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा भी उपस्थित थे। इस बैठक में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के संगठन की मजबूती के लिए चर्चा हुई। साथ ही साथ सर्व सम्मति से सुखदेव दांगी को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया और प्रखंड सचिव सुरेंद्र कुमार दांगी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष मुन्ना कुमार कुशवाहा को उपसचिव प्रेम धारी दांगी को मीडिया प्रभारी चंदन कुमार कुशवाहा को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदित प्रसाद ने किया और संचालन जिला उपाध्यक्ष मिथुन कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में संजय प्रसाद दांगी, निरंजन प्रसाद दांगी, प्रेम धारी दांगी, मुन्ना कुमार कुशवाहा, पंकज कुमार दांगी, लोकेश कुमार दांगी सहित कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in




## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे रजरप्पा



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। पिछले दिनों श्रमिक नेता रमेश विश्वकर्मा की निर्मम हत्या के उपरांत झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा व रामगढ़ जिला विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि मिलने पहुंचे मृतक के परिजनों से प्रदेश अध्यक्ष श्री राणा ने परिजनों से मुलाकात कर पूरी बातों से अवगत होकर मदद का भरोसा दिलाया। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि पुलिस प्रशासन मृतक रमेश विश्वकर्मा के हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर परिजनों को न्याय दिलाए, नहीं तो झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ इस प्रकार की घटना आये दिन हो रही है जिसको अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं रामगढ़ जिला विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष गणेश राणा ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। मौके पर जिला सचिव आरपी राणा, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार, नगर अध्यक्ष किशोरी राणा, अजय राणा, कौलेश्वर राणा, गुप्तेश्वर शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## धारा फॉल में मकर संक्रांति मेला का आयोजन, शामिल हुए सांसद



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती उपरखखरा गांव में रविवार को मकरसंक्रांति के अवसर पर धारा फॉल विकास समिति द्वारा मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि गोमिया विधायक लंबोदर महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन पूर्वजों का देन है, वर्षों से मकरसंक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन होता आया है। आज भी हमलोग पूर्वजों की देन को बनाये रखने के लिए मेले का आयोजन करते हैं। बताया गया कि मेले में नागपुरी आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए आसपास गांव के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित हुए। मौके पर दिनेश कुमार महतो, पूर्व जिप सदस्य कपिलदेव मुंडा, आजसू प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, बीनू कुमार महतो, मुखिया रूपा देवी के अलावे मेला समिति के जयनाथ मुंडा, बद्रीनाथ किस्कू, मनसु हैंब्रम, युगल किस्कू सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बुकरु में टंडवा के रैयत की बैठक समस्याओं को लेकर हुए गोलबंद



टंडवा (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के मिनी रत्न कंपनी सीसीएल की चन्द्रगुप्त परियोजना धरातल पर उतरने के लिये कागजी प्रक्रिया तेज हो गयी है इस अंतर्गत ग्राम टंडवा के रैयतों की रैयती जमीन बुकरु गांव में वृहद भूमि में जोत आबाद करना है। इसको लेकर बुकरु में रविवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता डीएसएस नेता संतोष नायक, संचालन उमेश साव ने किया। मुख्य रूप से टंडवा के रैयतों का कहना है की चंद्रगुप्त कोल परियोजना खोलने की तैयारी में औपचारिक समय से गुजर रहा है। ऐसे में सीसीएल प्रबंधन ने रैयतों को भूमि अधिग्रहण के लिये अब तक न भूमि सत्यापन, न भूमि सर्वे करने की सूचना दिया है। रैयतों ने सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया की बुकरु की आम सभा की बैठक में टंडवा की रैयतों को नही बुलाया गया। उपरोक्त संबंध में बैठक में पांच सूत्री मांग का प्रस्ताव लेकर सीसीएल की वरीय प्रबंधको से मिलने के लिये गोलबंद हुये है। वही इस संबंध में चंद्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह ने बताया की बुकरु के रैयती जमीन वालो से प्रबंधन को कोई एतराज नही है। रैयत निश्चित रहे उन्हें समय आने पर सभी प्रक्रिया के लिये सुचना दिया जायेगा। चूंकि चंद्रगुप्त परियोजना फारेस्ट लैंड से एव आस पास के जेजेए जीएम लैंड से खदान खोलने की प्रक्रिया जारी है। जैसे-जैसे परियोजना का खदान का विस्तार होते जायेगी। सीसीएल प्रबंधन रैयतों से कोई भी अधिकारो से वंचित नही रखेगा बताया। बैठक के मौके पर अजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, पवन राणा, सरोज नायक, चंदन नायक, जितेंद्र नायक, आशीष नायक, सुखदेव यादव, संजय साहू, दीनानाथ नायक समेत दर्जनों रैयत उपस्थित थे।

## हंगामा के बीच कमिटी रहते जबरन हुई नयी कमिटी गठितः इंद्रजीत

टंडवा (आजाद सिपाही)। धोरधोरवा खावा के नाम पर सराढू में राजनीति शुरू हो गयी है। कुछ लोग अपना निजी लाभ के लिये ख्याति प्राप्त धोरधोरवा खावा में कमिटि गठन कर विकास में बाधक बनना चाहते हैं जबरन गलत तरीके नई कमिटि गठन कर अपना नाम जोड़ना चाह रहे हैं। उक्त बातें धोरधोरवा खावा विकास मंच के कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। इंद्रजीत ने कहा कि धोरधोरवा खावा विकास मंच ईमानदारी से यहां पूर्व के पंद्रह वर्षो से कार्य कर रही है। अब जब विकास मंच के प्रयास से इस स्थल का विकास होना शुरू हुवा,तब कुछ लोग इसमें राजनीतिक रंग देने लगे हैं। उन्होंने सवाल किया है कि आज धोरधोरवा खावा के प्रति कुछ लोगों का अचानक उपजा प्रेम कई सवाल खड़ा कर रहा है।

## दिलचस्प होगा रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव, डोरे डालने में जुटे संभावित प्रत्याशी

# चुनाव घोषणा से पहले तेज हुई जुबानी जंग, आरोप-प्रत्यारोप का खेल जारी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधायक ममता देवी की सदस्यता रद्द होने के बाद रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। हर कोई जीत के दावे कर रहे हैं। संभावित प्रत्याशी से लेकर उनके समर्थक जीत का ताल ठोक रहे हैं। हालांकि उपचुनाव की घोषणा होना अभी बाकी है। लेकिन मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी और उनके समर्थक शीतलहरी में भी खूब पसीना बहा रहे हैं। जिसके कारण लगता है कि इस बार का मुकाबला काफी दिलचस्प और रोमांचक होगा। हालांकि ऊंट करवट किस ओर लेगी यह तो चुनावी माहौल बताएगा। फिलहाल हर कोई जीत का दावा ठोक रहा है।

### चुनाव घोषणा से पहले तेज हुइ जुबानी जंग, आरोप-प्रत्यारोप का खेल जारी

एक-दो दिनों में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की तिथि घोषणा होने की पूरी उम्मीद है। लेकिन इससे पहले ही मैदान में ताल ठोकने वाले प्रत्याशी और उनके समर्थक के बीच जुबानी जंग छिड़ गया है। एक दूसरे पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिसके कारण चुनावी माहौल गरमा गया है। आरोप-प्रत्यारोप में एक दूसरे को खूब नीचा दिखाने का प्रयास भी हो रहा है। हालांकि हर कोई जनता के नब्ज को टटोल रहा है। आखिर उनके मन में चल क्या रहा है। लेकिन चुनावी घोषणा से पहले कोई भी पत्ता खोल नहीं रहा है। जिसके कारण प्रत्याशी और उनके समर्थकों का सिरदर्द बढ़ गया है।

### महागठबंधन और आजसू, भाजपा सहित अन्य ने शुरू किया चुनावी दौरा

महागठबंधन के नेता कार्यकर्ता अपनी जीत के प्रति कांफिडेंट में है। उन्हें 3 साल के विकास कार्य पर पूरा भरोसा है। जनता विकास के मुद्दे पर महागठबंधन के झोली में रामगढ़ विधानसभा का सीट डालेगी। हालांकि संभावित गठबंधन आजसू और भाजपा के लोग भी अपनी जीत को लेकर काफी उत्साहित है। उनका दावा है कि सरकार के 3 साल में जनता बेहाल है। जनता को कोई भी बुनियादी सुविधाओं से लैस नहीं किया गया है। जिसके कारण रामगढ़ की जनता 3 वर्षों का हिसाब लेगी और रामगढ़ विधानसभा का सीट गठबंधन की झोली में डालेगी। हालांकि पक्ष और विपक्ष के दावों पर मुहर तो जनता ही लगाएगी। फिलहाल रामगढ़ की जनता कोई भी पत्ता नहीं खोल रही है। जिसके कारण चुनावी मैदान में कूदने वाले प्रत्याशी और समर्थकों का परेशानी बढ़ गया है। हालांकि समय बताएगा कि रामगढ़ विधानसभा की सीट पुनः महागठबंधन के खाते में जाएगा या फिर जनता का मन बदलेगा और फिर से आजसू को रामगढ़ का कमान मिलेगा। फिलहाल सबकुछ भविष्य के गर्भ में छुपा है।

# परंपरा से जुड़ मकर सक्रांति का त्यौहार आपसी प्रेम भाव और सद्भावना का प्रतीक है: सांसद चंद्रप्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला पंचायत अंतर्गत बगलामुखी धाम मंगरी डिब्बा में 15 जनवरी को मकर संक्रांति मेला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हजारों हजारों की संख्या में महिला दर्शक पुरुष शामिल हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया गोला पार्षद सरस्वती देवी एवं रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो भी शामिल हुए। अतिथि द्वारा मकर सक्रांति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया इस दौरान आयोजन समिति ने अतिथियों को 51 केजी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ।मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश ने मेला में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि मकर सक्रांति परंपरा से हमारे पूर्वज मनाते आ रहे हैं इसे बचाए रखने की आवश्यकता है हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ यह टुसू पर्व और मकर मेला है इस मेले में पास पड़ोस के सैकड़ों महिला पुरुष आकर एक दूसरे से मिलते जुलते हैं तथा आपसी प्रेम भाव और सद्भावना का संदेश देते हैं इस मौके पर उपस्थित हजारों दर्शकों को सांसद ने नववर्ष एवं मकर सक्रांति महोत्सव की शुभकामना दी।

### पर्यटक स्थल के रूप में बगलामुखी को विकसित किया जायेगा: नप अध्यक्ष

मकर सक्रांति मेला समारोह में शामिल विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया ने जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से पास पड़ोस के तीन विधानसभा रामगढ़, गोमिया, मांडू से हजारों हजारों की संख्या में महिला पुरुष मेला देखने के लिए शामिल हुए हैं आपसी प्रेम भाव से मिलजुलकर मेला शांतिपूर्वक ढंग से देखें और सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं नप अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से यहां 3 विधानसभा के लोग भारी संख्या में पहुंचते हैं आने वाला समय मे बगलामुखी धाम को झारखंड के मानचित्र पर पर्यटक स्थल के रूप में बड़े पैमाने पर विकसित किया जाएगा। मकर सक्रांति टुसू मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रांची के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए वहीं नागपुरी-खोरठा कलाकार मनोज झारखंडी, प्रीतम राज, सुमन गुप्ता के डुएल डांस ने खूब लोगों को जमाया वही मजबूल खान और संगीता की जुगल जोड़ी ने कॉमेडी गीतों को सुना कर लोगों का मन मोह लिया और हंसाते हंसाते दर्शकों को लोटपोट कर दिया जहां दर्शकों को झूमने से मजबूर किया गया। इस मौके पर आजसू वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा झामुमो नेता शंभू बेदिया भुनेश्वर महतो मुख्य संरक्षक पंचायत मुखिया किसुन राम मुंडा संरक्षक मुखिया( ढूंढी) रामसेवक महतो के अलावे मेला संचालन समिति के अध्यक्ष मोहराई महतो, सचिव बालेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष मिसिरलाल महतो, उप कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, शैलेंद्र महतो, प्रदीप नायक, संतोष महतो सहित दर्जनों का सराहनीय योगदान रहा।

# सर्वोदय विकास सोसाइटी ने किया चूड़ा-तिलकुट का वितरण

**मकर सक्रांति उत्सव समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया राकेश कुमार सिंह, सचिव दुर्गा पाठक समेत समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**



आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। सर्वोदय विकास सोसाइटी हफुआ के द्वारा मकर सक्रांति उत्सव समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया राकेश कुमार सिंह, सचिव दुर्गा पाठक समेत समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच चूड़ा दही व तिलकुट का वितरण किया गया। साथ ही असहाय लोगों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव यादव पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व महामंत्री सरजू राम, कन्हैया सिंह मुखिया अमरेश कुमार सिंह, नरसिंह सिंह, परमेश्वरी सिंह तपेश्वर भुईयां विनोद भुईयां सर्विस भुईयां अजय साहू मैनेजर सिंह भरत सिंह भीम यादव सहित अन्य गणमान्य मान लोग शामिल हुए।

## एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

# एक करोड़ की लेवी मांगने वाले 4 नक्सलियों को चतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

अजय चौरसिया





चतरा। चतरा और हजारीबाग के कोयलांचल इलाके में दहशत फैलाकर लेवी वसूली के प्रयास में जुटे प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों को बड़ा झटका। हजारीबाग में संचालित एलएनटी कंपनी से फोन पर एक करोड़ की लेवी मांगने वाले नक्सली संगठन के चार उग्रवादी गिरफ्तार। एसपी राकेश रंजन द्वारा सिमरिया और टंडवा एसडीपीओ के संयुक्त नेतृत्व में गठित सिमरिया व टंडवा थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने की कार्रवाई। गिरफ्तार उग्रवादियों ने चतरा के टंडवा और सिमरिया के अलावे हजारीबाग के केरेडारी व अन्य थाना क्षेत्रों में संगठन का पोस्टर चिपकाकर दहशत फैलाने का किया था प्रयास। कोयलांचल क्षेत्रों में कोल व्यवसायियों एवं ठेकेदारों को डरा-धमकाकर लेवी की भी करते थे मांग। पोस्टर चिपकाने में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का 9 मोबाइल फोन, प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी का 525 पोस्टर व पोस्टर डिजाइन करने में प्रयुक्त प्रिंटिंग प्रेस का लैपटॉप बरामद। नक्सलियों का पोस्टर डिजाइन और प्रिंट करने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालक को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार। चतरा के सिमरिया, टंडवा और राजपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले है सभी गिरफ्तार उग्रवादी। एसपी राकेश रंजन ने की गिरफ्तारी की पुष्टि। आम लोगों से अवैध या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल ना होने की अपील।

## पुरबडीह के देवलाल करमाली बने डिप्टी कलेक्टर



गोला (आजाद सिपाही)। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा डिप्टी कलेक्टर नियुक्ति का रिजल्ट जारी किया है। जिसमें गोला प्रखंड क्षेत्र के पुरबडीह गांव निवासी देवलाल करमाली ने परीक्षा पास कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में देवलाल इसी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायपुरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक है। परिणाम आने के बाद पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस नेता बजरंग महतो ने उनसे मिलकर बधाई दी। बताया गया कि देवलाल शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी थे। वर्ष 1988 में उन्होंने गोला हाइ स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा में टॉपर बने। स्नातक मारवाड़ी कॉलेज से पूरी करने के बाद इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के पश्चात टीचर ट्रेंनिग की। 1994 में इन्होंने स्कूल ज्वाइनिंग कर लिया। बता दें कि झारखंड लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2005 में ही डिप्टी कलेक्टर के 50 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। 23 अप्रैल 2006 को राजधानी के 16 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। बाद में परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर विवाद हुआ और मामला कोर्ट भी गया। इस बीच तत्कालीन राज्यपाल सैय्यद सिब्ते रजी ने इस परीक्षा की निगरानी जांच का आदेश दे दिया। निगरानी की जांच रिपोर्ट के आधार पर 12 जून 2013 को यह परीक्षा रद कर दी गई। बाद में राज्य सरकार ने यह परीक्षा नये सिरे से आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसके आलोक में जेपीएससी ने 19 अक्टूबर 2015 को फिर से परीक्षा लेने की सूचना जारी की। इसके बाद तीन जनवरी 2020 को यह परीक्षा आयोजित हो पाई, जिसमें लगभग चार हजार शामिल हुए थे। परीक्षा आयोजित होने के बाद इसके परिणाम जारी होने में भी लगभग तीन साल लग गए। बता दें कि उपसमाहर्ता सीमित परीक्षा में राज्य सरकार के स्थायी कर्मी शामिल होते हैं।

## शारीरिक शोषण के मामले में एक को जेल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। प्यार का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर पहले शादी किया, जब महिला प्रेग्नेंट हो गई तो उसका गर्भपात कराया गया, बाद में उक्त महिला को दर-दर भटकने के लिए छोड़ दिया गया। इस मामले में सिरका कौवाबेड़ा निवासी महिला ने रामगढ़ महिला थाना में मामला दर्ज कराई थी। इस मामले में रामगढ़ महिला थाना ने महूरम टोला रांची निवासी धीरेन कुमार पिता लाल देव कुमार पर मामला दर्ज कर ली। मामले में रामगढ़ महिला थाना पुलिस ने कांड संख्या 1/23 धारा 376/(2) एन/ 313/ 507/ 504/ 506/ 420/ 467/ 471/109/34 आइपीसी एंड पोस्को एक्ट के तहत धीरेन कुमार को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी।

## भुरकुंडा पत्रकार संघ ने गरीबों के बीच गुड़-चूड़ा और तिलकुट का किया वितरण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। मकर संक्राति के पावन अवसर भुरकुंडा कोयलांचल के पत्रकारों ने दर्जनों गरीबों के बीच गुड-चूड़ा एवं तिलकुट का वितरण कर पर्व की बधाई दी। इस दौरान साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में रविवार को खलारी, राय, बचरा, मेकलुस्की गंज, महुवा मिलन, टोकीशुद, हेन्देगिर आदि दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये लगभग 50-60 गरीबों के बीच पूरे बाजार का भ्रमण कर पत्रकारों ने चूड़ा-गुड़ व तिलकुट का वितरित किया। मालूम हो कि पूर्व में भी भुरकुंडा के पत्रकारों द्वारा सैंकड़ों गरीबों के बीच मकर संक्राति के अवसर पर चूड़ा-तिलकुट व गुड़ का वितरण किया गया था। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में भुरकुंडा के वरिष्ठ पत्रकार महावीर ठाकुर, राकेश पांडेय, दुर्गेशनंदन तिवारी,बिजेंद्र पासवान, मनोज कुमार सिंह, उत्तम सिन्हा, कुमार आलोक, दीपक कुमार, राकेश सिंह, मो. इसलाम, कमलेश मेहता, संजय पासवान, दिलीप प्रजापति, मुकेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## वार्ड सदस्य को मातृ शोक, शोक की लहर



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत के वार्ड सदस्य सह पासवान कल्याण युवा समिति के प्रखंड सचिव रोशन पासवान की माता सुलोचनी देवी के निधन से कोयलांचल भुरकुंडा में शोक की लहर है। जानकारी अनुसार सुलोचनी देवी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। शनिवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालो में भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, पासवान कल्याण समिति सयाल अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, सचिव इंद्रदेव पासवान, पासवान कल्याण युवा समिति प्रखंड अध्यक्ष शशि पासवान, बिजेंद्र, पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, लखन पासवान, सागर कुमार, मंसूर खान, युगल पासवान, अनिल पासवान, विनोद पासवान, संतोष तुरी, श्याम कुमार, कोशल कुमार, साधु पासवान, पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ कालाबाबू, अमित कुमार सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं आमजन शामिल हैं।

## 18 से शुभारंभ हनुमत महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक, कमेटी गठित, अध्यक्ष बने जगेश्वर प्रजापति



कुजू (आजाद सिपाही)। चटनियां बस्ती देवीमण्डप कुजू स्थित निमार्णाधीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर धर्म प्रेमियों व ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार उर्फ रॉक शामिल हुए। बैठक के दौरान महायज्ञ का सफल आयोजन को लेकर धर्म प्रेमियों और ग्रामीणों ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही, सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिबू महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो, सुनील केसरी, पंकज केसरी, भोला साव, कुलेश्वर महतो, मंदिर निमार्ता सह कोषाध्यक्ष कामेश्वर साव, सह कोषाध्यक्ष अनिल अगरिया, कंहैया कुमार, मासूम कुमार, रामकुमार केसरी, पिंटू केसरी, अशोक केसरी, सहसचिव आशीष कुमार, लखन प्रसाद, बीनू मेहता, रवि केसरी, रघुनंदन केसरी, शंकर केसरी, शंकर मेहता, धीरज मेहता, संरक्षक के रूप में सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, दशरथ प्रसाद केसरी, संजीत कुमार उर्फ परदेशी, दीपक सिंह, प्रमोद यादव, मनोज साव, गणेश भुइयां, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, कलेश्वर भुइयाँ, जबकि सदस्य के रूप में करण कुमार, विशाल कुमार, जगदीश कुमार, संजय दीपक, लव कुमार, रामबाबू का मनोनयन किया गया। मौके पर मनोनीत अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिबू महतो, मंदिर निमार्ता सह कोषाध्यक्ष कामेश्वर साव ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए कहा कि महायज्ञ कार्यक्रम 18 से 22 फरवरी होगी। वही, 18 फरवरी को टूटी झरना मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। जबकि 21 फरवरी को नगर भ्रमण, 22 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, 23 को जागरण व भव्य भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। वही, एक फरवरी को भूमि पूजन और ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

# संघ का खुलापन

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का एक इंटरव्यू कई वजहों से सुर्खियों में है। इसमें संघ प्रमुख ने कई विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये हैं, लेकिन खास तौर पर ध्यान देने लायक रहा एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी को लेकर दिखा उनका नजरिया। भागवत ने इस इंटरव्यू में दो ऐसी बातें कहीं, जो इस मसले पर संघ के अब तक के रुख से अलग हैं। पहली, ट्रांसजेंडर लोग या समलैंगिक रिश्ता कोई ऐसी चीज नहीं है, जो भारतीय परंपराओं के लिए नयी या अनोखी हो। उन्होंने जरासंध के दो सेनापतियों का उदाहरण देते हुए बताया कि समलैंगिक रिश्तों का जिक्र महाभारत जैसे ग्रंथों में भी आता है। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक तौर पर भी भारतीय समाज में ट्रांसजेंडर्स की अपनी एक जगह और भूमिका रही है, जो समाज में इनकी स्वीकार्यता का संकेत है। दूसरी बात यह कि भागवत ने पशुओं में भी इस तरह के रिश्तों का जिक्र किया। वह खुद पशु चिकित्सक रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे रिश्तों को किसी रूप में अप्राकृतिक नहीं कहा जा सकता। भागवत की ये दोनों बातें इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि न केवल संघ बल्कि उससे वैचारिक तौर पर निकटता रखने वाले कई संगठन और व्यक्ति समलैंगिक संबंधों पर अपने अपने ढंग से आपत्ति जताते रहे हैं। यहां तक कि जब 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया, तब भी संघ की ओर से यही कहा गया कि शीर्ष अदालत की तरह हम भी इसे अपराध नहीं मानते, लेकिन हम इसका समर्थन भी नहीं करते क्योंकि समलैंगिक संबंध प्राकृतिक नहीं हैं और पारंपरिक तौर पर भी भारतीय समाज ऐसे रिश्तों को स्वीकार नहीं करता। जाहिर है, इन पांच वर्षों में संघ के रुख में आया यह बदलाव बहुत कुछ कहता है। संघ के आलोचक उस पर आधुनिक मूल्यों का विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन आरएसएस प्रमुख के हालिया इंटरव्यू से पता चलता है कि संगठन ने आधुनिक मूल्यों और बदलते विचारों को लेकर खुलापन बनाये रखा है। पूछा जा सकता है कि किसी संगठन के आंतरिक मामलों से बाकी पूरे समाज को मतलब क्यों होना चाहिए। मौजूदा संदर्भ में इसकी दो वजहें हैं। एक तो यह कि संघ कोई मामूली संगठन नहीं, बल्कि मौजूदा समाज और सत्ता पर तगड़ा वैचारिक प्रभाव रखने वाला एक व्यापक संगठन है। दूसरी बात यह कि संघ के रुख में आया यह बदलाव बताता है कि तमाम तरह की परस्परविरोधी प्रवृत्तियों, विचारों और प्रक्रियाओं का गवाह बने रहते हुए भी हमारे समाज की गति आधुनिकता की ओर है। यह आश्वस्त करने वाली बात है।

**संघ के आलोचक उस पर आधुनिक मूल्यों का विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन आरएसएस प्रमुख के हालिया इंटरव्यू से पता चलता है कि संगठन ने आधुनिक मूल्यों और बदलते विचारों को लेकर खुलापन बनाये रखा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जोशीमठ मध्य हिमालय क्षेत्र में चमोली जिले की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी और शंकराचार्य की तपस्थली है। चीन की सीमा पर जोशीमठ भारत का अंतिम शहर है। बद्रीनाथ, हेमकुंट साहिब, फूलों की घाटी, औली आदि जाने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक यहीं से होकर जाते हैं। सीमांत क्षेत्र होने के कारण सैनिकों का भी एक बड़ा इलाका है।**

# जोशीमठ ही नहीं, कई स्थान हैं संवेदनशील

अवधेश कुमार



**जलवायु परिवर्तन के खतरे को भी हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। जोशीमठ अत्यंत ही संवेदनशील भूकंप क्षेत्र में आता है। जोशीमठ ऐसा अकेला नहीं है। उत्तराखंड के अनेक स्थान संवेदनशील और संकटग्रस्त हैं। चमोली से लेकर उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर जैसे जिलों से भी दरारें और भूधंसान की खबरें आती रहती हैं।**

जोशीमठ के बारे में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा है कि यह धीरे-धीरे धंस रहा है। जोशीमठ के बारे में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा है कि यह धीरे-धीरे धंस रहा है। पिछले 2 सप्ताह के अंदर 5 सेंटीमीटर से ज्यादा धंसने की रिपोर्ट है। जोशीमठ की भू धंसान आपदा इस समय समूचे भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बन कर खड़ी है। जोशीमठ मध्य हिमालय क्षेत्र में चमोली जिले की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी और शंकराचार्य की तपस्थली है। चीन की सीमा पर जोशीमठ भारत का अंतिम शहर है। बद्रीनाथ, हेमकुंट साहिब, फूलों की घाटी, औली आदि जाने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक यहीं से होकर जाते हैं। सीमांत क्षेत्र होने के कारण सैनिकों का भी एक बड़ा इलाका है।

इस कारण वहां से सैन्य गतिविधियां भी सतत होती रहती हैं। जब भी ऐसी घटना होती है त्वरित निष्कर्ष निकाल कर हम उन सारे विकास के पैमानों को खलनायक बनाते हैं, जिनकी मांग हम स्वयं करते हैं और जिन्हें हमने अपने दैनिक जीवन का भाग बना लिया है। भूगर्भीय परिवर्तन की कल्पना करना आसान नहीं होता। कुछ भूगर्भीय परिवर्तन या घटनाएं प्राकृतिक व आकस्मिक होती हैं किंतु कुछ हम स्वयं अपने लंबे समय के व्यवहारों से आमंत्रित करते हैं। इस बारे में भी निश्चित और अंतिम निष्कर्ष देना आसान नहीं है। हां, कुछ बातें स्पष्ट अवश्य दिखती हैं।

**कुछ भूगर्भीय परिवर्तन या घटनाएं प्राकृतिक व आकस्मिक होती हैं किंतु कुछ हम स्वयं अपने लंबे समय के व्यवहारों से आमंत्रित करते हैं।**

आप पहाड़ों में तोड़-फोड़ आदि को एक बड़ा कारण मान सकते हैं। मत भूलिए कि 1962 में चीन के हमले के बाद सेना और भारत तिब्बत सीमा पुलिस की गतिविधियां भी यहां है और सैन्य आधारभूत संरचना में वृद्धि करनी पड़ी है। सीमा सुरक्षा का विषय होने के कारण आप इसकी आवश्यकता से इंकार नहीं कर सकते। यह बगैर विपरीत परिणामों के संभव नहीं हो सकता था। आप कुछ भी निर्माण करेंगे तो तोड़-फोड़ आपको करनी पड़ेगी। चीन की भारत पर गिद्ध दृष्टि को देखते हुए आगे भी इसकी अपरिहार्यता बनी रहेगी।

इसके दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ने को आवश्यकता को जोशीमठ की वर्तमान आपदा ने हमारे समक्ष उपस्थित किया है। जोशीमठ की प्राकृतिक स्थिति अद्भुत है। यह अलकनंदा, धौलीगंगा, ऋषि गंगा तीनों नदियों की गोद में बसा हुआ है। धारदार पहाड़ के सिर पर करीब 6000 फीट की ऊंचाई पर बसा हुआ यह शहर बरसों से विश्व भर के प्रकृति प्रेमियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र रहा है। जोशीमठ कोई स्थाई-स्थिर जमीन नहीं है। हजारों वर्ष पहले यहां ग्लेशियर द्वारा छोड़े गये मोरैन यानी रेत, मलबा, पत्थर आदि पर टिका हुआ है।

जाहिर है, यहां निर्माण कार्य उसके वजन उठाने की हैसियत के अंदर ही होना चाहिए था। 1980 में वहां पहली जल विद्युत परियोजना आयी। उसका विरोध हुआ, लेकिन कार्य रुका नहीं। उसके बाद 2006 में नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन की वहां एक परियोजना आयी। इसका भी विरोध हुआ। विरोध आज तक चल रहा है। इन परियोजनाओं के साथ समस्या यह है कि निर्माण होने के कारण इसके लिए बड़े पैमाने पर तोडफोड़, विस्फोट होते हैं। आज हम बिजली परियोजना और सुरंग को सबसे बड़ा खलनायक बता रहे हैं।

हिमालय जैसे कच्चे पहाड़ में विकास के पैमानों पर कैसे आगे बढ़ें इसमें ज्यादा सतर्कता की आवश्यकता है। कहा जा रहा है कि जोशीमठ की तलहटी से गुजरने वाली अलकनंदा नदी के बगल के किनारे से तपोवन विष्णुगढ़ परियोजना 520 मैगावाट का निर्माण खतरनाक है। इसकी सुरंग में हो रहे विस्फोटों से जोशीमठ की धरती हिलती रही है। विशेषज्ञ कहने लगे हैं कि भूधंसान का एक बड़ा कारण जल विद्युत परियोजना के सुरंग निर्माण हैं। हालांकि सुरंग निर्माण का काम रोक दिया गया। वैसे सच यही है कि अभी तक सुरंग और बिजली परियोजनाओं में कहीं भी दरारें नहीं देखी गयीं।

क्यों? इसका यह अर्थ नहीं कि हम उसे खतरे का आधार मानने को खारिज कर रहे हैं। लेकिन उसे ही जिम्मेवार बता देना नागरिक के रूप में हमारी अपनी भूमिका की अनदेखी करना होगा। जिस बेतरतीब तरीके से भवनों का निर्माण हुआ उसका वजन सहने में यह टीला शायद अब सक्षम नहीं रहा। पिछले 5 दशकों में उत्तराखंड के देवस्थानों और पर्यटन स्थलों पर लोगों के आने-जाने की संख्या बढ़ी है। दुर्भाग्य से पूरे उत्तराखंड में प्रशासनिक भ्रष्टाचार के कारण चाहे नदियां हों या पहाड़, अजीबो-गरीब तरीके से आम जनों की तरह भवनों का निर्माण हुआ है। बाहर के लोगों ने जगह-जगह वहां उन भवनों में से फ्लैट खरीद लिए हैं। उनका रहन-सहन पहाड़ी के लोगों जैसा नहीं, न वे जानते हैं। इनका भी असर है। या असर केवल जोशीमठ या कुछ क्षेत्रों तक नहीं पूरे देश में देखा जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन के खतरे को भी हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। जोशीमठ अत्यंत ही संवेदनशील भूकंप क्षेत्र में आता है। जोशीमठ ऐसा अकेला नहीं है। उत्तराखंड के अनेक स्थान संवेदनशील और संकटग्रस्त हैं। चमोली से लेकर उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर जैसे जिलों से भी दरारें और भूधंसान की खबरें आती रहती हैं। इसलिए जोशीमठ की समस्या के विकराल होने पर गहराई से पूरे राज्य स्तर की समीक्षा होकर रास्ता निकालने के लिए प्रयास करना होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

## 320 फीट ऊंची चोटी पर स्थित मां आकर्षिणी पीठ पहुंचे अर्जुन मुंडा

# क्षेत्र को शक्ति पीठ के रूप में किया जायेगा विकसित

**विधायक दशरथ गागराई आखान यात्रा में शामिल होकर मां आकर्षिणी की पूजा-अर्चना की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खरसावां।** खरसावां के चिलकू स्थित मां आकर्षिणी पीठ 320 फीट ऊंची चोटी पर स्थापित आकर्षिणी देवी की पूजा- अर्चना सुबह से शाम तक चलती रही। श्रद्धालु आखान यात्रा में शामिल होकर आकर्षिणी देवी की पूजा-अर्चना की। मां के दरबार में अर्जी लगाने वाले सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने से मां के प्रति भक्तों की आस्था विश्वास दिनों दिन बढ़ती जा रही है। माता आकर्षिणी देवी के दरवार में भारत सरकार के जनजातीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी पहुंचे। मां आकर्षिणी देवी के समक्ष शीश झुकाते हुए क्षेत्र की खुशहाली एवं विकास की कामना की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मां आकर्षिणी देवी न केवल खरसावां, बल्कि संपूर्ण देशवासियों के लिए आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालु जिस आस्था एवं श्रद्धा के साथ मां आकर्षिणी देवी की पूजा करते आ रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आकर्षिणी देवी देशवासियों को सुख और समृद्धि प्रदान करें।

वहीं माता आकर्षिणी देवी के दरबार में खरसावां विधायक दशरथ गागराई भी पहुंचे, जहां मां आकर्षिणी देवी के समक्ष शीश झुकाते हुए क्षेत्र की खुशहाली व विकास की कामना की।

मौके पर खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि मां आकर्षिणी देवी भक्तों के हर मुराद पूरा करती हैं। मां की शक्ति पीठ को विकसित किया जायेगा। इसके लिए में प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि निकट समय में मां शक्ति पीठ को विकसित करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मां के आशीर्वाद से मां आकर्षिणी मंदिर परिसर में विवाह मंडप, चेंजिंग रूम, शौचायल का निर्माण कराया जा सका है। आगे भी मां आकर्षिणी मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण चल रहा है।

**बांटे प्रसाद :** खरसावां के आस्था एव विश्वास के प्रतिक मां आकर्षिणी देवी के आखान यात्रा में वृहद झारखंड जनाधिकार मंच (वीजेजेएम) द्वारा शिविर लगाकर दो हजार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वृहद झारखंड जनाधिकार मंच के प्रखंड अध्यक्ष राजू मुंडा के नेतृत्व में एवं मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बिरसा सोय की उपस्थिति में पहली बार वीजेजेएम ने प्रसाद का वितरण शिविर लगाकर मां आकर्षिणी देवी में उपवास रख कर पूजा- अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया।

मंच के निःशुल्क चना, गूड और पानी वितरण में मुख्य रूप से वृहद झारखंड जनाधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बिरसा सोय, प्रखंड अध्यक्ष राजू मुंडा, बिरसा बंकीरा, राजेश तियु, टिंकु हेंब्रम, सोमरा उरावं आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहीद गणेश हांसदा के परिवार संग मनाया सेना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा के कोसाफलिया गांव निवासी गलवान के वीर शहीद गणेश हांसदा के गांव में शहीद स्मारक स्थल परिसर में रविवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के भूतपूर्व सैनिकों ने सेना दिवस मनाया। गलवान के बीर शहीद गणेश हांसदा की मां कापरा हांसदा ने केक काटा। इसके पश्चात उन्हें एवं उनके परिवार को मानपत्र के साथ अंग वस्त्र प्रदान किया गया। पूर्व सैनिकों ने ग्रामीणों के बीच मिठाई का वितरण किया।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी उपस्थित थे। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के अध्यक्ष विनय यादव, महामंत्री जितेन्द्र सिंह, संरक्षक वरूण कुमार, संतोष सिंह, अजय कुमार, हरिशंकर पांडेय, मनोज सिंह, राजेश सिंह, गौतम लाल, दया भूषण कुमार, राजीव सिंह, सुखविंदर सिंह, अनिल सिंह, उमेश सिंह समेत अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# सरयू राय ने जनहित में याचिका दायर करनेवाले वरिष्ठ नागरिक का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोनाली दोमूहानी के पास सुवर्णरेखा नदी किनारे शहर का कचरा डंपिंग करने एवं उसे जला कर प्रदूषण फैलाने से स्थानीय लोग काफी परेशान है।इस मामले के विरुद्ध स्थानीय वरिष्ठ नागरिक केएस उपाध्याय ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर अक्षेस और टाटा युटिलीटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों का उल्लंघन करने पर नागरिकों का जीवन में खतरा बताया। रविवार को इसकी जानकारी मिलते ही विधायक सरयू राय ने वरिष्ठ नागरिक को अपना समर्थन देने की बात कही। रविवार को विधायक ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी।



विधायक ने वरिष्ठ नागरिक के एस उपाध्याय की पहल का स्वागत किया। साथ ही याचिकाकर्ता को जनहित एवं जनस्वास्थ्य के संरक्षण के कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा सोनारी दोमुहानी पर कचरा जलाने से प्रदूषण लंबे समय से भीषण जनसमस्स्या बना हुआ है। जब प्रशासन व सरकार जनहित की अनदेखी करने लगते हैं, अपने दायित्व का पालन जानबूझकर नहीं करते हैं, तो इसके खिलाफ जन पहल ही एकमात्र उपाय बचता है। जमशेदपुर में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रशासन और नगरपालिका अपना दायित्व नहीं निभा रहे हैं। कानून के प्रावधानों का पालन नहीं कर रहे हैं। कतिपय मामलों में तो सरकार के आदेश का भी अनुपालन नहीं कर रहे हैं। विधायक सरयू राय ने कहा ऐसी स्थिति में जन पहल ही एकमात्र उपाय है। कानून का राज के विरुद्ध प्रशासनिक आचरण के विरूद्ध यही विकल्प रह जाता है। जनता या तो न्यायालय का सहारा ले या सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रतिरोध करे। उन्होंने कहा याचिकाकर्ता ने इस मामले में कानून का पालन कराने और कानून का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कारवाई करने की प्रार्थना न्यायालय से किया है।

# झामुमो संपर्क कार्यालय में कार्यकर्ताओं का हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड में हिंदू धर्म के लिए मकर संक्रांति व टुसु पर्व का बड़ा महत्व है। इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाया गया। मकर संक्रांति व टुसु पर्व के दिन दही, छुड़ा, तिलकुट व पीठा का अलग महत्व है। हेमंत सरकार में पहली वार झामुमो जिला संपर्क कार्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मकर संक्रांति मनाया गया। रविवार को झामुमो नेता राज लकड़ा व जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद के नेतृत्व में जिले के झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं को दही, चूड़ा, तिलकुट एवं पीठा खिला कर मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी गयी। मौके पर झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं ने संक्रांति पर्व का आनंद उठाया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद ने बताया मकर संक्रांति के दिन से सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर बढ़ते है। मकर संक्रांति से मौसम परिवर्तन की शुरुआत होने लगती है। मौके पर झामुमो नेता राज लकड़ा ने बताया राज्य में झामुमो ही एक ऐसे पार्टी है जहाँ सभी समाज के लोग एक दूसरे के साथ एकजुट होकर भाईचारा से पर्व को मिलकर मानते है। उन्होंने बताया रविवार को संक्रांति के शुभ अवसर पर झामुमो संपर्क कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन व अन्य सभी नेता व कार्यकर्ताओं के साथ दही चूड़ा गुड़ तिल और पीठा का आनंद उठाया गया। मौके पर उन्होंने सभी नेता व कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर झामुमो के संगठन को ओर मजबूत करने की संदेश दी। इस अवसर पर शेख बदरुद्दीन राज लाकड़ा, अरुण प्रसाद, बिनोद डे, कालू गोराई, शैलेंद्र मेथी, प्रीतम हेम्राम, मान सिंह बेसरा, महमद समद, अरबिंद हरदेव सिंह, लड्डू सिंह,नीता सरकार, झरना पाल, रजनी दास, राजेश सामंत, बाली मार्डी, सबिता दास, रीता शर्मा, दुर्गा बोईपाई, सबिता सिंह, समर अंसारी, अरुण प्रसाद, अजय रजक, रानू मंडल, हरदेव सिंह, प्रीतम हेम्राम, उमा नाथ झा, राज कुमार सिंह, अनिता देवी, सूर्य नारायण यादव, राजन कुमार, फैयाज खान, सूरज गौड़ ने एक दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई दी।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### दीपिका सर्जिकल एंड मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दीपिका सर्जिकल एंड मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन रविवार को गढ़वा के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं रेड क्रॉस के गढ़वा जिला सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह एवं हरिचरण कमलापुरी के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में गढ़वा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ के अध्यक्ष आद्या शंकर पांडे, सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष सह गढ़वा जिला रेडक्रॉस के वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, जायन्ट्स फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, जायन्ट्स फेडरेशन यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केसरी रूपा गंजी, डॉ निशान्त कुमार, डॉ आशीष गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह ने कहा कि गढ़वा में सर्जिकल सामान की दुकान की बहुत सख्त जरूरत थी हम आशा करते हैं कि अब लोगों को सामान के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आद्या शंकर पांडे ने कहा कि हमारे गढ़वा जिला में यह सर्जिकल की दुकान मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर रमेश कमलापुरी, दिलीप कमलापुरी, दुकान के प्रोपराइटर रौनक कमलापुरी, विजय कमलापुरी, राजमानी कमलापुरी, जितेन्द्र कमलापुरी, बंशी प्रसाद, धनन्जय कमलापुरी, किरण कमलापुरी, रश्मि कमलापुरी, सीमा केशरी, वीणा गुप्ता शुभम केशरी, करण चंद्रबंशी, बजरंग दल के वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जीवन में अति आवश्यक है। खेल युवाओं को सर्वांगीण विकास करने में सहायक होता है। खेल से शरीर स्वस्थ एवं चुस्त दुरुस्त रहता है। खेलों के माध्यम से ऊंची मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उक्त बातें स्थानीय डीएम इंटर कॉलेज के मैदान में कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए शारदा महेश प्रताप देव ने कही। उन्होंने कहा कि यहां उचित मैदान एवं स्टेडियम का अभाव है। जिसकी मांग यहां के लोग बरसों से करते आये हैं। अगर यहां एक सुसज्जित स्टेडियम बन जाता तो यहां के युवाओं को आगे बढ़ने में सरलता होती। उद्घाटन मैच गढ़वा एवं कधवन के बीच खेला गया। खेले गए मैच में कधवन ने गढ़वा को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। कधवन के खिलाड़ी इकबाल को 56 रन एवं तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर पूर्व खिलाड़ी मीनू देव, झामुमो नेत्री किरण देवी, मनोज कुमार, टूटू सिंह, विवेक निराला, विकास सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ऑटो पलटने से दो लोग गंभीर

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड के अमवाडीह गांव के समीप इलाज के लिए जा रहा ऑटो रविवार की सुबह पलट गया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में सुनैना कुमारी, कोदु राम, ललिता देवी के नाम शामिल हैं। सभी घायलों को हाथ, सिर, पैर में काफी चोट आयी है। जिसमें सुनैना कुमारी एवं ललिता देवी को प्रशासन द्वारा इलाज के लिये भवनाथपुर स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पलामू भेजा गया। गौरतलब है की परती बस स्टैंड चौक में ऑटो चालक को संजीव बस का एजेंट बताते हुए परती के ही अछीया टोला निवासी दृष्टदुमन यादव ने एक घंटा पहले बस का समय बता कर बस स्टैंड से ऑटो चालक को बस का समय पर नहीं जाने की बात कही। मरीज सवार ऑटो चालक के साथ इस बात पर तीखी झड़प हो गई। झड़प होने के बाद बस एजेंट ऑटो पर लटककर तीन किलोमीटर तक गया। अमवाडीह गांव के समीप बस एजेंट ने ऑटो चालक को चलते ऑटो से खींच लिया। जिससे ऑटो सड़क के नीचे पलट गया। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि घायलों का बयान लेने के बाद जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में डीएसपी, एनएचएआई के सुरक्षा अधिकारी तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने गुलाब का फूल देकर तथा मित्रवर व्यवहार कर लोगों को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया। रविवार को एनएच 75 गोसाई बाग के समीप अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियम, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं और अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद केशरी ने बताया कि देश तथा राज्य में यातायात नियमों के पालन नहीं करने वाले हजारों लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होते हैं, जिसमें काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे में एमजी बंशीधर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन करना बहुत ही अच्छी पहल है। मौके पर एसआई सुनील कुमार दास, वरीय सुरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**प्रतियोगिता : 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता**

# शांति निवास को हराकर ज्ञान निकेतन की टीम बनी बालिका वर्ग की चैंपियन

**खिलाड़ियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है उसे देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि आज खेल की जीत हुई है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में ज्ञान निकेतन बेल चंपा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में लगातार तीन बार के विजेता शांति निवास हाई स्कूल को आठ रन से हराकर पहली बार बालिका वर्ग का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता-उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को डीडीसी राजेश कुमार राय, समाजसेवी राकेश कुमार पाल और प्रतियोगिता के सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने ट्रॉफी प्रदान किया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बालिका वर्ग के फाइनल मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरन के शानदार नाबाद अर्धशतक के सहयोग से निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 90 रन बनाये। शांति निवास की ओर से रिमझिम ने एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम लक्ष्मी के 19 रन के सहयोग से निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 82 रन ही बना पायी। इसी के साथ ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम शांति निवास की टीम को लगातार चार बार जीतने के सपने को तोड़ते हुए पहली बार चैंपियन बनी। मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सिमरन को और बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के अंजलि को डीडीसी राजेश कुमार राय ने प्रदान किया।

समाजसेवी राकेश कुमार पाल ने कहा कि लगभग एक माह तक चलने वाली यह प्रतियोगिता राज्य की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। इसके लिए आयोजक लोगों की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। खिलाड़ियों ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना का परिचय दिया है। अब खेल में कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है।

संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है उसे देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि आज खेल की जीत हुई है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि प्रतियोगिता का समापन का दौर शुरू हुआ है इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। जिले में लड़कियों की एक टीम बनाकर उन्हें आगे भी निरंतर अभ्यास कराया जाएगा।

उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि आपके अंदर की प्रतिभा को विद्यालय ने बखूबी देखा था, तभी आपको विद्यालय की टीम में शामिल कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला था। प्रतियोगिता के दौरान आपने अपने खेल का जौहर दिखाया और आपके इस खेल के जौहर के आधार पर जिला टीम का चयन किया जाएगा।

सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि बालिका वर्ग के मैच में 75 खिलाड़ी शामिल हुए थे, उनमें से 25 बेहतर खिलाड़ियों का चयन मंच की ओर से किया गया है और इन खिलाड़ियों को आगे भी खेलने का मौका दिया जाएगा। इनमें से 15 खिलाड़ियों का चयन जिला टीम के लिए किया जाएगा।

इस मौके पर प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, डॉक्टर कुलदेवी चौधरी, गढ़वा जिला के पूर्व कप्तान अनूप तिवारी, प्रणव शंकर झा, धनंजय तिवारी, मनोज चौबे, आशुतोष रंजन, अभिमन्यु पाठक, संजय यादव, सोनू, विकास, मनीष उपाध्याय, मनोज तिवारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### गढ़वा के खिलाड़ी किसी भी खिलाड़ी से टक्कर लेने को हैं तैयार : डीडीसी

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डीडीसीए राजेश कुमार राय ने कहा कि 21 साल पहले जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे लाने के लिए यह सोच पैदा की। इसके लिए मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। आयोजकों ने आपके अंदर की प्रतिभा को आगे लाने का मौका दिया है। गांव में प्रतिभा की कमी नहीं है और जिले की बेटियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है यह साबित करता है कि वह अब बड़े शहरों की लड़कियों से टक्कर लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह गढ़वा जिले में अगले साल तक रह गए तो यह प्रतियोगिता बहुत बड़ी और भव्य होगी। यह प्रतियोगिता का संचालन जिला प्रशासन के माध्यम से किया जाएगा। सभी लोगों के साथ मिलकर वह क्रिकेट प्रतियोगिता को बहुत आगे ले जाने का काम करेंगे।

## सीआरपीएफ डीजी पहुंचे बूढ़ा पहाड़, जवानों का हौसला बढ़ाया



**ग्रामीणों ने कहा- अब बहुत सुकून से बीतती है जिंदगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीआरपीएफ के डीजी एसएल थाउसेन, ने बूढ़ा पहाड़ में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया। उन्होंने वहां तैनात जवानों से मिलकर नक्सलमुक्त बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बूढ़ा गांव और आसपास के अन्य गांवों के ग्रामीणों से भी बातचीत की। सीआरपीएफ के सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत उनके बीच कंबल, फल और मिठाई का वितरण भी किया गया। मौके पर वितुल कुमार, एसडीजी, मध्य क्षेत्र, राजीव कुमार, आईजी ऑप्स सीआरपी, अमित कुमार, आईजी झारखंड सेक्टर, विनय नेगी, डीआईजी पलामू रेंज (सीआरपी), अंजनी कुमार झा, एसपी गढ़वा और श्री नृपेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट 172 सीआरपी, सीआरपी-172 और गढ़वा पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मंकर संक्रांति पर बूढ़ीखांड़ पहुंचे डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी मझिआंव प्रखंड के बूढ़ीखांड़ हनुमान मंदिर में मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना करने पहुंचे। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने पूजा-अर्चना करने के बाद वहां के पुजारी से तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मेला के आयोजकों ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को फूल माला से स्वागत किया। मौके पर डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि आप लोगों की डीप बोर की जो मांग है, उसके लिए आप लोग खाता, प्लॉट संख्या उपलब्ध कराकर दीजिए। डीप बोर यहां हो जाएगा। इस मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा मेले का आयोजन पिछले वर्ष से इस वर्ष बहुत व्यवस्थित ढंग से किया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ इस बार ज्यादा देखने को मिल रही है। आप लोग इसी तरह मेले का आयोजन करते रहें हम आप लोगों के लिए यथासंभव जो भी मदद होगा उसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर संजय कमलापुरी, मणिकांत सिंह, अजय चंद्रवंशी, बैजनाथ चौधरी एवं मेला अयोजन समिति के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने गोद लिये हुए अपने दस मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का किया वितरण

**लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स के जन्मदिवस एवं मकरसंक्रांति पर किया कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स के जन्मदिवस एवं मकरसंक्रांति पर लायंस विशाल के अध्यक्ष डॉ एनके रजक की अध्यक्षता में दस टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार देकर एवं केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। क्लब कार्यालय गढ़वा में टीबी मरीजों के साथ आये हुए अन्य जरूरतमंदों के बीच अध्यक्ष एनके रजक ने जरूरत की चीजों का वितरण करते हुए कहा कि हमारा क्लब लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल 1986 से मानवता की सेवा में समर्पित है और एक से बढ़कर एक सेवा कार्य कर के लायंस इंटरनेशनल में अपनी क्लब की एक अच्छी पहचान बना चुका है। आज दो खुशी का अवसर है एक तो लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स का जन्मदिन दूसरा मकरसंक्रांति जैसे पावन अवसर पर हमने क्लब की ओर से फुड फॉर हंगर के तहत गोद लिए हुए अपने दस मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरण किया। इसके साथ ही बहुत सारे जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इसके साथ 13 जनवरी से लायंस इंटरनेशनल के द्वारा एक ऐतिहासिक कार्यक्रम दुनिया भर में चलाया जा रहा है। ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राइव इसके तहत जिसके पास कोई भी सामान बेकार का पड़ा हुआ है वो हमारे क्लब लायंस विशाल में जमा करें और क्लब इस बेकार पड़ी सामाग्री को जमाकर लायंस इंटरनेशनल को सौंपेगा। जिसमें से बहुत सारे वैसे प्रदूषित पार्ट्स होते हैं जो पर्यावरण को दूषित करते हैं। जिससे कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है। वैसी सामाग्री को लोग नदी-नाला, पेड़-पौधे एवं शहर में कचड़ा में फेंक देते हैं। वैसे ई-वेस्ट कचड़ा को हमारा क्लब जमाकर उसे नष्ट कराएगा ताकि प्रदूषण मुक्त भारत बन सके। हमारा पर्यावरण शुद्ध हो, हमारे पेड़-पौधों की हवा लोगों को नया जीवन दें। इस कार्यक्रम के तहत बहुत सारे लोगों ने अपने घर में बेकार पड़ी चीजों को डोनेट किया। इस कार्यक्रम में लायंस विशाल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### मेराल प्रखंड में उत्साह से मना मकर सक्रांति पर्व

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में उत्साह के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। लोगों ने आस्था के साथ स्थानीय यूरिया, दानरो नदी के साथ-साथ अपने घरों में गंगाजल मिश्रित जल से स्नान कर पूजा अर्चना करते हुए पुण्य लाभ के लिए चावल-पैसा आदि दान किया। इसके बाद लोगों ने चूड़ा, दही व तिलकुट ग्रहण किया। मेराल के प्रसिद्ध बंका पहाड़ तीर्थ मेला स्थान पर शिव मंदिर, प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर थाना परिसर स्थित शिव मंदिर अकलवानी में सूर्य मंदिर, करकोमा शिव मंदिर देवी धाम मंदिर, बाना में शिव मंदिर, दलेली पंचमुखी मंदिर, पतहरिया सूर्य मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मेराल थाना परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सहभोज का आयोजन किया गया। वहीं मेराल प्रखंड के उत्तर-पश्चिम कोना में बसा लोवादाग पंचायत के बंका पहाड़ के समीप शिव मंदिर निर्माण समिति द्वारा पारंपरिक दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। वहीं बाना के यूरिया नदी घाट पर भी मेला का आयोजन हुआ जिसमें लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के वार्षिक खेलकूद महोत्सव में सात महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वनांचल एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी सात महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रविवार दिनांक 15.01.23 से 22.01.23 तक चलने वाले वार्षिक खेलकूद महोत्सव में भाग लिया गया। इस वार्षिक खेल कूद महोत्सव का शुभारंभ ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया तथा गुब्बारे को आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता प्रारंभ की गयी। इस खेलकूद महोत्सव मे क्रिकेट, वॉलीबाल, रिले रेस, बैडमिंटन, शॉटपुट तथा अन्य खेलों की प्रतियोगिता रखी गयी है। जिसमें सभी कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक तथा पाधिकारी सम्मिलित रहे।

### केसरवानी मिलन समारोह में टाइटन आई प्लस कंपनी ने लगाया नि:शुल्क आई जांच शिविर




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** केसरवानी मिलन समारोह में टाईटन आई प्लस कंपनी के द्वारा निशुल्क आई जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, संतोष केसरी, सुशील केसरी, मनीष केसरी, दिलीप, आलोक केसरी, मीरा केसरी, अंजु केसरी के अलावा टाईटन के प्रोपराइटर नीतेश केसरी, भानू प्रताप, दानीश फैजान, वकार के अलावे सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**बैठक : कसौधन वैश्य समाज गढ़वा महिला कमेटी का गठन**

## शोभा कश्यप अध्यक्ष एवं अर्चना कश्यप बनीं सचिव

**समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी है : उमेश कश्यप**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के द्वारा समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मकर संक्रांति के अवसर पर मेलोडी मंडप में एक बैठक आयोजित की गई। समाज के गोत्र प्रवर्तक कश्यप ऋषि मुनि जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद महिला कमेटी का गठन हेतु विचार विमर्श किया गया। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा कहा गया कि समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। महिलाएं घर की दहलीज से बाहर निकल कर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करें एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर महिलाओं को जागरूक करने का कार्य करें।

गढ़वा में कसौधन वैश्य समाज महिला कमेटी का गठन प्रथम बार किया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि पूरे भारत में गढ़वा कसौधन वैश्य महिला समाज के संगठन का नाम नंबर वन पर रहेगा। समाज के संरक्षक एवं सदस्यों के द्वारा भी समाज की महिलाओं में जागरूकता लाने के लिए अपने-अपने विचार रखे गए। तत्पश्चात महिलाओं के द्वारा आपसी चर्चा एवं पदाधिकारियों के विचार के बाद सर्वसम्मति से श्रीमती किरण देवी एवं श्यामा दुलारी देवी को संरक्षक मनोनीत किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती शोभा कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन लता, कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, संगठन मंत्री नमिता कश्यप को बनाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के संरक्षक लखन कश्यप, गोपाल कश्यप, अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, संगठन मंत्री सुनील कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, कार्यकारिणी सदस्य नागेंद्र कश्यप, युवा टीम के उपाध्यक्ष रोबिन कश्यप, कोषाध्यक्ष अभिषेक कश्यप, सदस्य सूरज कश्यप उपस्थित थे। मंच का संचालन गोपाल कश्यप के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनीष कश्यप के द्वारा किया गया।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति मेराल इकाई का मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज के बुजुर्गों के बीच कंबल एवं बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति मेराल इकाई की ओर से मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन मेराल के ग्राम रजहारा में किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान ने की एवं संचालन जिला महा सचिव रामचंद्र पासवान ने किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से प्रमंडलीय महासचिव रामजी पासवान, गढ़वा जिला प्रवक्ता संजय कुमार, जिला संरक्षक जयराम पासवान, जिला उपाध्यक्ष सुमेर पासवान, बमभोला पासवान, जितेंद पासवान, डॉ रबिन्द्र पासवान, मुनिप पासवान उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर बाबा चौहरमल के चरणों मे पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं के द्वारा एक स्वर में समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डाला गया और इससे निजात पाने के लिए सभी बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया गया एवं अंधविश्वास, शराब सेवन से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। उसके उपरांत समाज के असहाय बुजुर्गों के बीच कम्बल वितरण किया गया एवं बच्चों के बीच स्लेट, कॉपी, किताब, कलम इत्यादि वितरण गया। मौके पर रामचंद्र पासवान, वार्ड सदस्य ललिता देवी, बिनोद पासवान, उपेन्द्र पासवान, नंदलाल पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में पासवान परिवार के महिला पुरूष एवं नन्हें बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## महुआडांड़ में शुरू हुआ प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान, अब आम लोगों को भी सस्ते दर पर मिलेगी ईंट



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम चटकपुर स्थित महुराम झण्डा मिलन स्थल के समीप रविवार को प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर एवं जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने किया। मौके पर महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव, चटकपुर पंचायत की मुखिया रेखा नगेसिया, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सूरज साहू, उपमुखिया सतीश कुमार, जामा मस्जिद के सदर मो फहीम खान, चटकपुर हिन्दू समाज के अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, बद्री प्रसाद, सरना समिति के अनुमंडल अध्यक्ष अजय उरांव, संतोष सिंह, शहंशाह खान, मोहम्मद रुस्तम, वसीम अख्तर, आजाद अहमद, राशिल खान आदि मौजूद थे। प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान के प्रो देवानंद प्रसाद एवं सहजाद आलम ने बताया कि बफर जोन क्षेत्र घोषित होने के कारण इस क्षेत्र में ईंट निर्माण का कार्य पूर्णतः बंद था। लोगों को ईंट बाहर से मंगानी पड़ती थी। अब महुआडांड में प्लेक्स ब्रिक्स का निर्माण होने से लोगों को गुणवत्ता पूर्ण एवं सस्ते दर पर ईंट मिलने लगेगी।

## तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा को लेकर बैठक



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में रविवार को तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह ने की। इसमें लातेहार जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा, महुआडांड मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, आईटी सेल प्रभारी प्रशांत सिंह आदि मौजूद थे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा लातेहार के नेतरहाट में 18, 19 व 20 जनवरी को सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड के 337 पंचायतों के वर्ग 9 से वर्ग 12 तक के युवक एवं युवतियां भाग लेंगीं। कार्यक्रम में प्रत्येक प्रखंड से 15-15 प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। वहीं पूरे सांसदीय क्षेत्र के कुल 600 प्रतिभागी को शामिल किया जाएगा। इस सांसद खेल स्पर्धा में 100, 200, 400 व 800 मिटर दौड़, उंची कूद, लंबी कूद, गोला व भाला फेंक आदि खेल का आयोजन होगा।

## महुआडांड़ के मेढ़ारी गांव में जंगली हाथी का उपद्रव, तीन घरों को किया धवस्त, अनाज खाये



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ वन क्षेत्र के मेढ़ारी पीपफ के ग्राम मेढ़ारी में शनिवार की रात 11 बजे जंगली हाथी ने उपद्रव मचाते हु साधु वृजिया के घर को धवस्त कर दिया। इधर लोध पीएफ वन क्षेत्र के ग्राम मिर्गी में जगेश्वर नागेशिया व बोनीपास मिंज के घर पर भी रात 12 बजे हाथियों ने धावा बोल कर धवस्त कर दिया। घर में रखे अनाज चट कर गए। मिर्गी गांव के बोनीपास मिंज के घर में जब हाथी ने हमला किया तो परिवार के तीन सदस्य किसी तरह बाहर निकले पाए। बाकि तीन सदस्य घर के अंदर ही फंस गये। बाद में परिवार के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को मदद के लिए बुलाया गया। सभी ने मिलकर हाथी को किसी तरह से घर के पास से भागा कर लोगों की जान बचाई। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथी को जंगल की ओर भगाया। इस संबंध में रेंजर वृन्दा पाडेय ने बताया कि वन पाल अजय टोप्पो के नेतृत्व में रात में टीम को हाथी को जंगल की तरह भगाने के भेजा दिया गया। क्षति हुई है। आवेदन मिलते ही आवश्यक कार्यवाही कर जल्द मुआवजा दिलाने की प्रकिया शुरू करेंगे।

## प्रतिभा की कमी नहीं, लगन जरूरी है : प्रतुल



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** खेल स्टेडियम में चंदवा युवा भारत के तत्वावधान में जस्टिस एलपीएन शाहदेव शाहदेव स्मृति टी-10 कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रतुल शाहदेव, डॉ विद्या शाहदेव, पड़हा राजा धनेश्वर उरांव, अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गांव हो या शहर प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती है। जस्टिस एलपीएन शाहदेव भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंदवा के रोल गांव स्थित सरकारी स्कूल से की थी, लेकिन आगे चलकर वे हाई कोर्ट के जस्टिस बनने वाले पहले झारखंडी थे। खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है। इस टूर्नामेंट के प्रायोजक जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन और सह प्रायोजक रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट है। उधर, पहला मुकाबला जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल बनाम ग्रीन फील्ड एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोल की टीम ने 75 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करने उतरी ग्रीन फील्ड की टीम 48 रनों पर ही ढेर हो गयी। दूसरा मुकाबला चंदवा फाइटर व राय के बीच खेला गया, जिसमें चंदवा फाइटर की ने जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला जूनियर ब्लास्टर चंदवा बनाम ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही के बीच खेला गया जिसमें पिपराही की टीम 46 रनों के बड़े अंतर से मैच को जीतने में सफल रही।

## किस्को में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो को लेकर युवा कांग्रेस की बैठक

**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय यूथ कांग्रेस कमेटी की ओर से किस्को मुख्य चौक के बगल पर स्थित बाजार टांड़ में युवा कांग्रेस की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष फइयाज अहमद अंसारी ने की। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडूंग जिला उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी भी उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वाह करने की बात कही। बता दें कि यूथ कांग्रेस कमेटी के द्वारा किस्को प्रखंड क्षेत्र में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की तैयारीको लेकर बैठक की गई।

## बालूमाथ पुलिस ने बाइक से कोयला चोरी करने वालों के खिलाफ चलाया सघन अभियान

# 40 गिरफ्तार, 40 बाइक जब्त

**सभी को रिहा करने की मांग को लेकर आरोपितों के परिजनों ने किया सड़क जाम, पुलिस ने बल प्रयोग कर सभी को भगाया**

आजाद सिपाही संवाददाता





कोयला चोरी के आरोप में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद मौके पर जमे लोग। जब्त बाइक और कोयला।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने बाइक से कोयला चोरी करने वालों के खिलाफ रविवार को सघन अभियान चलाते हुए 40 आरोपितों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। लगे हाथ कोयला चोरी में उपयोग किये गये सभी 40 बाइक भी जब्त कर थाने ले गई। इसकी जानकारी बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फुलबसिया, बुकरू और साईडींग से बाइक पर कच्चा कोयला लाद कर अवैध तरीके से बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। इसके बाद छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे उन लोगों ने बालूमाथ चेताग लातेहार मुख्य मार्ग स्थित पकरी मोड़ पर अभियान चला कर सेरेगड़ा की ओर से आ रहे 40 बाइक में कोयला लिए 40 लोगों को पकड़ लिया। उसने कोयला से संबंधित कागजात मांगी गई तो कोई भी नहीं दिखा सके। इसके बाद कोयला चोरी के आरोप में सभी को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की इस कार्रवाई से बाईक से ढोने वाले अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि गिरफ्तार सभी आरोपितों के परिजनों ने सभी को छुड़ाने की मांग को लेकर थाना गेट से कुछ दूरी पर स्थित रांची चतरा मार्ग को जाम कर दिया। इस पर पुलिसिया कार्रवाई कर सभी को वहां से भगा दिया गया। बताते चले कि इससे पूर्व बारियातु थाना पुलिस ने भी नौ लोगों को गिरफ्तार जेल दिया था।

## श्रमदान से ग्रामीणों ने किया नदी में बोरा बांध का निर्माण



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कुन्दगड़ी ग्राम और डांडू करजंटोली में श्रमदान कर बोरा बांध बनाया गया। भड़गांव पंचायत के कुंदगड़ी ग्राम और मुर्की तोड़ार पंचायत के डाँड़ू करजंटोली ग्राम में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक और बाएफ संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जल संचयन के उद्देश्य से कुन्दगड़ी और करजंटोली के ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर शनिवार को बोरी बांध का निर्माण किया गया। बायफ के फील्ड ऑफिसर ने बताया कि बोरी बांध का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल को संचित करना है, जिसे ग्रामीण सिंचाई काम में उपयोग कर कृषि के माध्यम से किसान समृद्ध बने।**

## मकर संक्रांति पर चितरी में लगा ऐतिहासिक घाघ मेला, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित चितरी कोयल नदी तट पर ऐतिहासिक घाघ मेला का आयोजन किया गया है। जहां विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन के अलावे मेडिकल विभाग के कर्मी मौजूद रहे। बताया जाता है कि प्रति वर्ष 15 जनवरी को घाघ मेला का आयोजन होता है। स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि यह मेला काफी पुराना है। कभी यह देवो का स्थान हुआ करता था। जहां लोग नदी में स्नान कर पूजा किया करते थे। उसके बाद यह स्थल मनोकामना पूर्ण स्थल से प्रसिद्ध होते गया। तब से आज तक मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाने लगा। बता दें कि आयोजित मेला के दौरान लोहरदगा जिला के विभिन्न शहरी क्षेत्र व ग्रामणी क्षेत्र से आमजनों की भीड़ उमड़ रही है। मेला समिति के अध्यक्ष सुबोध वर्मा ने बताया कि सुबह से ही भक्तों का जुटाव होने लगा। लोग कोयल नदी में स्नान कर वहां स्थित शिवलिंग पर पूजा अर्चना किये। ऐसा मानना है कि कोयल नदी स्थित चट्टानों पर नाग का आकृति एवं कुछ दैविक आकृति आज भी मौजूद है। जिसे लोग दर्शन करने के लिए दूर दूर से बड़ी संख्या में लोग आते है। प्रखंड प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं मेडिकल टीम मेला में बहुमूल्य समय देकर सफल बनाने में योगदान रहता है। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर संजय कुमार सुबोध, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, थाना प्रभारी धनंजय पासवान,एस आई शर्मा भगत, सचिन सौरभ आदि थे।

## एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुस्लिम मुहल्ला में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमें दोनो पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। इसके बाद दोनों पक्ष ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि पीड़िता रूही प्रवीण के आवेदन पर कांड संख्या 8/23 दर्ज कर धारा 341, 342, 323, 504, 506, 379, 354 एवं 34 भादवी के तहत अभियुक्त परवेज अंसारी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कहा दूसरे पक्ष के आवेदन पर अभियुक्त रूही प्रवीण पति मोहम्मद मोबिन रिजवी के विरुद्ध भी मामला दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की जानकारी दी।**

## चितरी कोयल नदी में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित चितरी घाघ में आयोजित मेला के दौरान नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक को गहरे पानी का अनुमान नहीं होने के कारण हादसा हुआ। चितरी ऐतिहासिक घाघ मेला का लुप्त उठाने दूर-दूर से आए दर्शक अपनी सुविधा के अनुसार कोयल नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक कोयल नदी में नहाने के लिए पानी में उतरा और गहराई में चला गया। जिसे आनन फानन में ग्रामीणों ने निकाल कर इलाज के लिए पुलिस के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनन्द साहू के रूप में की गई है। घटना की सूचना पाकर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, एसआई सचिन सौरभ घटनास्थल पर पहुंच गए। शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि अप्रिय घटना होने के बाद प्रशासन जाम हटाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह घायल

**बालूमाथ/मनिका (आजाद सिपाही)। मनिका और बालूमाथ में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोग घायल हो गए। इसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली घटना मनिका के करमाही मोड़ के पास रविवार को हुई। जब बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान रवि यादव (18) और जितेंद्र यादव (22) के रूप में हुई है। दोनों मनिका बेसना के निवासी है। समाजसेवी अख्तर अंसारी एवं फूलचंद यादव ने अपने निजी वाहन से दोनों को उठाकर मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। वहीं, बालूमाथ में बाइक से गिरकर दो अलग- अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। उन्हें रिम्स रेफर किया गया।**

## चंदवा में कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# हर गरीब व्यक्ति को मिलेगा नि:शुल्क न्याय : मुकेश भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



कानूनी साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के बीडीओ के निर्देश पर दिशा स्कीम के तहत कामता पंचायत सचिवालय में रविवार को कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया नरेश भगत और संचालन पंचायत सचिव मुकेश भगत ने किया। पंचायत सचिव मुकेश भगत ने विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कानून की जानकारी दी। न्याय के लिए कानून का सहारा लेने की बात कही। कहा कि आप विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में जानकारी रखें, हर गरीब को नि:शुल्क न्याय भी मिलेगा। वहीं, पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने कहा कि हर नागरिक को कानून की जानकारी रखनी चाहिए। इसके अभाव में लोग शोषण का शिकार हो जाते हैं। कानून की जानकारी नहीं रहने से पुलिस निर्दोष व्यक्ति को भी अपराधियों जैसा व्यवहार करती है। कहा कि आप यदि अधिकार से वंचित हो रहे हैं, ठगी शोषण जुल्म का शिकार हो रहे हैं तो कानून और विधिक सेवा प्राधिकार के सहारे शिक्षा, विकास, समाज कल्याण, समेत अन्य लाभ उठा सकते है। पुलिस अगर पीड़ितों का आवेदन लेने में कोताही बरते, प्रखंड और अंचल कार्यालय यदि बुनियादी सुविधाओं से वंचित करते हैं तो इसकी शिकायत भी आप समय-समय पर लगने वाले विधिक शिविर के अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण में भी कर सकते हैं। विधिक सेवा प्राधिकार आपको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को न्याय दिलाने को लेकर सरकार भी दृढ़ संकल्पित है

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पीड़ितों को उचित सलाह के साथ जरूरत पड़ने पर उन्हें न्याय भी दिलाई जाती है। जो गरीब हैं वैसे पीड़ित परिवारों को न्यायालयों में मुकदमे की पैरवी के लिए वकील भी मुहैया कराई जाती है। इस मौके पर गनपति लोहरा, सेराज खान को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में रोजगार सेवक मुकेश अग्रवाल, उप मुखिया सुमन उरांव, वार्ड सदस्य सुषमा मिंज, मो इजहार, शाहिद खान, जहांगीर खान, शैलु महली, लालधारी महली, गनपति लोहरा, सोमारी देवी, बैजंती देवी, संतोष लोहरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## लोहरदगा में नाबालिग प्रेमिका ने जहर खाकर तो आहत प्रेमी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के अति उग्रवाद प्रभावित इलाके के जोबांग थाना क्षेत्र अंतर्गत लावादाग में एक साल से अधिक समय से चल रहे प्रेम प्रसंग के बाद परिजनों द्वारा शादी से मना करने पर नाबालिग युवक-युवती द्वारा खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की की उम्र 14 वर्ष के करीब है, जबकि नाबालिग किशोर 17 साल का है। दोनों के बीच लगभग एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आदिम जनजाति परिवार से आते हैं। युवक की पिछले साल शादी भी होने वाली थी। इस बीच वो अपने गांव के ही युवती को लेकर फरार हो गया था। जिसे काफी खोजबीन के बाद गांव लाया गया था।

## पुलिस ने चार सरिया चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** सदर पुलिस ने निमार्णाधीन भवन से सरिया चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने इसकी जानकारी दी। बताया कि 14 जनवरी को सूचना मिली थी कि डेमो रेलवे स्टेशन के पास निमार्णाधीन भवन के पास रखे गए लोहे की सरिया को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की जा रही है। इसके सत्यापन के बाद टीम गठित कर छापामारी की गई। तब कुछ लोग लोहे की सरिया जमा कर रहे थे। कुछ दूरी पर एक ट्रैक्टर भी खड़ा था। पुलिस वाहन देखते ही सभी चोर वहां से भागने लग। पर पुलिस ने खदेड़ कर चार लोगों को पकड़ लिया। उनकी पहचान हुंडरू, डेमू निवासी शिवकुमार उरांव, सुनील उरांव, विनोद उरांव और निदिर निवासी दिलीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से चोरों द्वारा जमा किए गए पांच क्विंटल सरिया व एक ट्रैक्टर भी जब्त किया है। छापामारी दल में पुअनि देवानंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार महतो, शाहरुख व रोहित महतो आदि थे।

## तीन विद्यालयों में शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बारियातु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारियातु मध्य विधालय, टोंटी अपग्रेड उच्च विद्यालय और फुलसु में रविवार को शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। बारियातु मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय परिसर में योग प्रशिक्षण का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ पर्यवेक्षक आयुष चिकित्सक के डॉक्टर नौशाद आलम, योग प्रशिक्षक अंजलि कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के संदीप कुमार, शिक्षिका मिरा कुमारी, ललीता श्रीवास्तव, विश्वरूप सिंघा और बाबूलाल कुजूर ने संयुक्त रूप से किया। आयुष चिकित्सक आलम ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि जनसमूह द्वारा गलत खानपान एवं शारीरिक क्रिया की कमी के कारण पूरा विश्व ब्लड प्रेशर, सुगर, किडनी, हृदय रोग एवं महामारी जैसी अनेकों बिमारियों से ग्रसित होता चला जा रहा है। इसी को देखते हुए राज्य सरकार के आयुष निदेशालय द्वारा लातेहार आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसएन तिवारी के निर्देश पर प्रखंड के सभी कक्षा 6 से 12 तक के सरकारी शिक्षकों को पांच दिवसीय योग का प्रशिक्षण तीन सेंटर के माध्यम से दिया जा रहा है। जिसमें मध्य विद्यालय बारियातु में 25, अपग्रेड उच्च विद्यालय टोंटी में 27 व फुलसु में 25 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षिका अंजलि कुमारी ने सभी शिक्षकों को योग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सभी लोगों को योग करना चाहिए। इससे बिमारियों से छुटकारा मिलता है। उधर, टोंटी उच्च विद्यालय परिसर में प्रशिक्षक कृष्णा कुमार व प्रतित टोपनो व फुलसु उच्च विद्यालय में पप्पू महतो द्वारा शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बरियातु में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**बारियातु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डाढ़ा निवासी शालिग्राम सिंह पत्नी पार्वती देवी की ओर से रविवार को उनके आवास पर श्रीश्री 1008 श्री स्वामी पुरूषोत्तमाचार्य जी महाराज ने सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन रविवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया। इससे पहले श्रद्धालुओं ने भागवत कथा स्थल से गाजे बाजे के साथ जल यात्रा निकाला जो बस्ती भ्रमण करते हुए धूरधूरिया नदी तट पर पहुंचा। वहां नदी का पवित्र जल कलश में भरकर वापस कथा स्थल पहुंचे। पूजा के बाद श्री श्री 1008 महाराज जी ने कलश स्थापित कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ती होती है। कहा कि संसार दु:खों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन 21 जनवरी को होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंकज सिंह, दीपू सिंह, अरविंद कुमार सिंह, राकेश सिंह, डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह, विदारत सिंह, कंचन कुमार सिंह, मंटु सिंह, लवकुश सिंह, मनोज सिंह आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**हेरहंज/लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य प्राधिकार नि:शुल्क विधिक सहायता केंद्र के तहत प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी ने की। विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख पार्वती देवी, उप-प्रमुख विजय उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष रामबृक्ष गंझू, चिरु मुखिया हीरामणि लकड़ा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल राज, कर्मचारी बीरबल उरांव ने संयुक्त रूप से किया। संचालन शिक्षक उदय कुमार ने किया। विधिक सेवा कार्यक्रम में मौजूद जलसहिया, स्वास्थ सहिया, जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओ, जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालकों आदि को विधिक सेवा के जरिए मिलने वाली कानूनी सहायता व अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। संविधान के अनुच्छेद 39-क में हर नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान करने की बात की गई। हर नागरिक को समान अवसर के साथ-साथ आसानी से न्याय उपलब्ध होना चाहिए इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए 1987 में विधिक सेवा समिति एंव तहसील विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। घरेलू हिंसा, जमीन विवाद में आने वाले प्रकार, मौलिक अधिकार एंव कर्तव्य समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस मौके पर बीपीओ राहुल राज के अलावा रोजगार सेवक, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केसरी पंचतत्व में हुए विलीन



**शव यात्रा में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुरक्षा के मद्देनजर की गयी थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पालकोट।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केसरी पंचतत्व में विलीन हुए। उनका अंतिम संस्कार बिलिंगबिरा रोड में स्थित श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि सुमित केसरी का बेटा सुशांत केसरी द्वारा दिया गया। सुमित केसरी अपने पीछे दो बच्चे एवं पत्नी छोड़ गये। दोनों बच्चे अभी स्कूल में अध्ययनरत हैं। सुमित केसरी के अंतिम शव यात्रा में पालकोट में रविवार को भी भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुरक्षा के मद्देनजर की गयी थी और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी नजर बनाए हुए थे।

इस मौके पर सुमित केसरी के परिवार वालो समेत पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, भाजपा के विनय लाल, मिशिर कुजूर, सत्यनारायण कुजूर, विजय मिश्रा, प्रदीप प्रसाद, निर्मल गोयल, सिमडेगा भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, गोपाल प्रसाद केसरी, बसंत गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, पालकोट बीडीओ मनीष कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर एसएन मंडल समेत बसिया और पालकोट थाना प्रभारी सशस्त्र बल उपस्थित थे।

## सादे समारोह में संपन्न हुआ समाजसेवी हाफिज जेयाउल हक का निकाह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी हाफिज आजाद बस्ती निवासी जियाउल हक का निकाह एक सादे समारोह में संपन्न हुआ। जियाउल हक का निकाह 15 जनवरी को पढ़ाया गया। आजाद बस्ती निवासी मरहूम ऐनूल हक के पुत्र हाफिज जियाउल हक का निकाह इलाही नगर पुनदाग थाना जगन्नाथपुर निवासी अब्दुल जलील की पुत्री गजाला परवीन के साथ संपन्न हुआ। हाफिज जियाउल साहब का निकाह मस्जिद अहमद रजा इलाही नगर के इमाम मौलाना आलम हुसैन बरकाती ने पढ़ाई। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद इब्राहिम रब्बानी हुसैन नगर गुमला तथा हाजी गुलाम साबिर साहब गवाह बने। जबकि संरक्षक के तौर पर हाफिज जियाउल हक के चाचा इनामुल हक खलीफा और चांदनी चौक गुमला निवासी अब्दुल रज्जाक खलीफा शामिल होकर मुबारकबाद पेश की। इस खुशी के मौके पर विभिन्न संगठन के सामाजिक कार्यकर्ता हाफिज, कारी, मौलाना आदि बतौर बराती शामिल रहे। मुबारकबाद पेश करने का काफी लंबा सिलसिला चलता रहा। मुबारकबाद पेश करने वालों में हाफिज ओ कारी सरफराज नाजां, सुल्तान अंसारी, शहजाद अनवर, इनामुल हक, मोहम्मद नौशाद, इकराम उल हक, जैनुल हक, मोहम्मद आशिक नवाज, अफरीदी खान, शमशाद आलम, मुगल खलीफा, इसके अलावा भारी संख्या में लोग शामिल थे।

## नवनिर्मित श्रीराम दरबार और बजरंगबली शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुटवा गांव में बने नवनिर्मित श्रीराम दरबार और बजरंगबली शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 16 जनवरी को गांव में कलश यात्रा दिन के 8 बजे निकाली जाएगी। इस आशय की रविवार को जानकारी देते हुए पूजा समिति के सहदेव सिंह ने बताया कि गुटवा गांव में श्रीराम परिवार, बजरंगबली शिव भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिनों का कार्यक्रम होगा। जिस निमित 16 जनवरी सुबह 8 बजे से कलश यात्रा मंडप प्रवेश महाध्वज पूजन के साथ-साथ कई पूजन की जाएगी। वहीं आगामी 17 जनवरी दिन मंगलवार को नगर भ्रमण सहित कई कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा आगामी 18 जनवरी दिन बुधवार को देवी-देवताओं का विधिवत मूर्ति पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा, सिंगार, रुद्राभिषेक, आरती, हवन महाआरती व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं श्री सिंह ने तीन दिनों के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने का आग्रह भी किया। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पुण्य के भागी बनें। इस मौके पर उपस्थित लोगों में छोटे गोप, संतोष यादव, राजेंद्र महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

**बैठक : गुमला जिला युवा कांग्रेस कमेटी का किया गया विस्तार**

# फार्म में नजर आ रही है कांग्रेस की युवा ब्रिगेड

**सर्किट हाउस गुमला में जिला युवा कांग्रेस कमेटी की कार्यकरणी बैठक आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस का युवा बिग्रेड एक बार फिर फार्म में नजर आ रहा है। इसमें युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। लगातर जिले के प्रखंडों का दौरा करने के बाद आखिरकार रविवार को कांग्रेस की जिला युवा कमेटी का विस्तार कर दिया गया। इसके लिए सर्किट हाउस गुमला में जिला युवा कांग्रेस कमेटी की कार्यकरणी बैठक आयोजित की गयी। जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया।



### हर बूथ में दस युवाओं को जोड़ें और हर पंचायत में कमेटी का विस्तार करें : आजाद अंसारी

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा हर प्रखंड में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो का कार्यक्रम कर हर बूथ में दस युवाओं को जोड़ें और हर पंचायत में कमेटी का विस्तार करें। जिला प्रभारी कार्तिक कुजूर ने कहा आप अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए प्रखंड और जिला में संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। सह प्रभारी संदीप कुमार ने कहा आने वाले चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम है आप अभी से ही तैयारी में लग जाएं।

नवनिर्वाचन करते हुए जिला उपाध्यक्ष में अरविंद साहू, अंजलिनता बाड़ा, सादाब आलम, जिला महासचिव बिरसा तिर्की, बसंत उरांव, अमित कुमार साहू को बनाया गया।

प्रखंड अध्यक्ष में सिसई से मनीष तिर्की, भरनो जुगल उरांव, कामडारा बिष्णु बड़ाईक, बसिया राजेश कुल्लू, गुमला गोन्द्रा उरांव, नगर अध्यक्ष सैहुन टोप्पो, रायडीह नसीम ताज, चैनपुर कमल कुजूर, जारी मिलकुस बाड़ा, डुमरी रोहित आलम, पालकोट रोहित एक्का विशुनपुर बंधन उरांव, घाघरा नीतेश उरांव, गुमला विधानसभा अध्यक्ष वारिस खान को बनाया गया।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष पल्लव कुजूर, महासचिव जय सिंह, मंगलेश्वर बा, सिसई अध्यक्ष नीलेश उरांव, अलका मिंज, सतपाल सिंह, देवंती एक्का, आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेत में पानी पटवन के विवाद को लेकर पारा शिक्षक ने कर दी वृद्ध की हत्या

**हत्या का आरोपी शिवलाल उरांव को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला/बिशुनपुर।** पहले किसके खेत में पटवन का पानी जायेगा। बस इतनी सी बात थी। और इस थोड़ी सी बात ने मामले को इतना बड़ा कर दिया कि एक किसान ने दूसरे किसान की हत्या कर दी। यह हत्या बिशुनपुर थाना क्षेत्र के जालिम गांव में पारा शिक्षक शिवलाल उरांव ने कर दी। जान गयी तो बेचारे 65 वर्षीय पही उरांव की। जिसे शिवलाल ने उसी के कुदाल से काट डाला। अब प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी जालिम जंगल की ओर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए गहन छापेमारी की और जालिम जंगल से ही गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि



पारा शिक्षक शिवलाल उरांव एवं मृतक वृद्ध पही उरांव का खेत एक ही जगह पर है। दोनों व्यक्ति नदी से कच्ची नाली के माध्यम से अपने खेत तक सिंचाई करने काम करते थे। शनिवार को पही उरांव अपना सरसों का सिंचाई कर रहा था और उसी समय शिवलाल भी अपने खेत में सिंचाई करना चाह रहा था। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और पारा शिक्षक शिवलाल उरांव ने पही का कुदाल को छीन कर उसे मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी बिशुनपुर पुलिस को दी और पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इधर मृतक का बेटा सुधीर उरांव ने बिशुनपुर थाना में पारा शिक्षक शिवलाल के खिलाफ अपने पिता की हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पारा शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## धान की गांज में आग लगने से पूरी धान जल कर हुई राख



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना क्षेत्र के टांगडीह गांव में दिलभंजन बड़ाईक के धान की गांज में शनिवार शाम को आग लग जाने से भारी क्षति का सामना करना पड़ा है। इस संबंध में मौजूद लोगों ने बतलाया कि लगभग 80, 90 भार धान ढोकर गांज तैयार किया गया था। घटना शनिवार की है, आस पास के लोगों ने गांज में आग लगते देख शोर-गुल किया और ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। तभी रूजेंदर बड़ाइक ने कुआं के जरिए पाइप से पानी निकाल कर आग बुझाने की कोशिश की, परंतु तबतक आग की लपेट में पूरी गांज आ चुकी थी, जिससे धान की गांज पूरी तरह से जल कर राख हो गई। पीड़ित ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

# दिशा कार्यक्रम के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला संजय कुमार चांधरीयावी के आदेशानुसार जिला के तेलगांव ग्राम में दिशा स्कीम के तहत सघन जागरूकता आभियान चलाया गया। यह दो दिवसीय अभियान 14 और 15 जनवरी को चलाया गया। जागरूकता अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला एवं समाज कल्याण विभाग गुमला के संयुक्त तत्वावधान में लोगों को जागरूक किया गया। कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं दिशा स्कीम के तहत टेली लॉ, न्याय बंधु कार्यक्रम, सूचना शिक्षा और संचार



तथा न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव पार्थसारथी घोष ने कहा कि नालसा अन्य कानूनी सेवा संस्थानों के साथ लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सेवा संस्थानों की भूमिका, गतिविधियों और कामकाज के बारे में जागरूक करने के लिए तथा कानूनी सेवा गतिविधियों की भूमिका और महत्व को बढ़ावा देने के लिए कानून के शासन की स्थापना की दिशा में प्रगति होती है। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि डूमबो, लकेया टांगर टोली, डुमरी बर्वे नगर चैनपुर, टोंका टोली, घाघरा डीपाडीह करम टोली बिशुनपुर ऑलमुंडा रायडीह कौन कोडरकेला पालकोट, गरय कामडारा में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान में डालसा गुमला के पीएलवी तेतरु उरांव, लक्ष्मण मोची, विष्णु रौतिया, दीपक कुमार, जेसिंता कुजूर, मंगलेश्वर उरांव, मीना कुमारी आदि ने ग्रामीणों के बीच जानकारी प्रदान की एवं लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कांग्रेस कला संस्कृति विभाग प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप बड़ाइक ने बसिया प्रखंड का किया दौरा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप बड़ाईक के द्वारा रविवार को बसिया प्रखंड का दौरा किया गया। प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा भानु प्रताप बड़ाईक का कोनबीर भागीडेरा चौक में गुलाब फूल देकर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत भानु प्रताप बड़ाईक ने लुंगटु पंचायत में जाकर पंचायत कमेटी गठन में शामिल होकर नवचयनित पंचायत अध्यक्ष छटकु राम, उपाध्यक्ष इग्नातुस बाड़ा समेत समस्त नवचयनित पार्टी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनायें देते हुए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को ईमानदारी से पार्टी हित में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि ग्रामीणों के बीच में रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को समझकर उन्हें हरसंभव सहायता करें। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, मुंतजीर खान, जीवन मसीह बारला, मुमताज खान, फेकू राम, जेडी नायक समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाघमुंडा स्थित शिव मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन हवन के साथ संपन्न



**बसिया (आजाद सिपाही)।** विकास समिति बम्बियारी के द्वारा पर्यटन स्थल बाघमुण्डा स्थित शिव मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन रविवार को हवन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में शनिवार को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकली गयी। पंडित देवनारायण मिश्रा द्वारा कलश स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। शनिवार दोपहर डेढ़ बजे से रविवार डेढ़ बजे तक अखंड हरिकीर्तन संपन्न किया गया। हरिकीर्तन में बम्बियारी, कोनताला बलंकेल, दशाटोली एवं डीपा टोली की कीर्तन मंडली ने भाग लिया। कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत और जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग भी शामिल हुए और महाप्रसाद ग्रहण किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुन्ना सिंह, अर्जुन सिंह, किशोर सिंह, गंगा राम सिंह, संदीप सिंह, दीपनारायण सिंह, सुरेश सिंह, तुलसी सिंह, रमा कांत सिंह, उमेश सिंह, बिहारी सिंह, शंकर सिंह, बबलू सिंह, मगन सिंह एवं जगेश्वर सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं मौके पर विजय सिंह, अमर पांडेय, अशोक गोप, नवीन सिंह, जगदम्बा साहू समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### नागफेनी में गुमला जिला मुखिया संघ की बैठक सह वनभोज का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** दक्षिणी कोयल नदी तट पर नागफेनी में गुमला जिला मुखिया संघ की बैठक सह वनभोज का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बंदी राम उरांव ने की। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए विशेष चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष रामप्रसाद बड़ाईक ने कहा कि देश की निचली इकाई पंचायत सचिवालय होता है। पंचायत सचिवालय में हर काम किया जाना है। पंचायती राज अधिनियम के अनुसार मनरेगा सहित पंचायत क्षेत्र की विकास योजनाओं का कार्य पंचायत सचिवालय में करने का संकल्प सरकार ने दोहराया था। इसके बावजूद मनरेगा जैसी योजना प्रखंड मुख्यालय के अधीन चल रही है, जबकि मनरेगा का भुगतान मुखिया के हस्ताक्षर द्वारा ही किया जाता है। और सबसे बड़ी बात है कि गांव की सरकार को प्रशासनिक पदाधिकारी उपेक्षा करके चलाते हैं। प्रशासनिक दबाव किया जाता है। नियम कानून का हवाला देकर कार्यों को दबाव बनाकर कराया जाता है। संगठन के माध्यम से मानदेय की मांग को लेकर सरकार को घेरने की योजना है। मुखिया का मानदेय कम से कम 30,000, उप मुखिया का 15000, वार्ड सदस्यों का 5000 मानदेय होना चाहिए। मानदेय की बढ़ोतरी के लिए मुखिया संघ मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। लेकिन इस पर अब तक पहल नहीं की गयी है। मानदेय के साथ-साथ पेंशन सुरक्षा, बीमा की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग का फंड पंचायत से अभी भी नहीं किया जाता है। गुमला जिला में 159-159 मुखिया व उप मुखिया हैं। वार्ड सदस्य मिलाकर लगभग 17 सौ हैं। इस अवसर पर सचिव चुइंया कुजूर ने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत सचिवालय से बनना है। पंचायत सचिवालय में हर कार्य के लिए पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। हम सभी को एकजुट रहना होगा। पंचायत स्तर पर कोर्डिनेशन बैठक का आयोजन कर शुरुआत करना है। मासिक बैठक होनी चाहिए। इस मौके पर जिला के विभिन्न प्रखंडों के मुखिया गण मौजूद थे।

**जंगली हाथियों का उत्पात : गजराजों की गरज से बिशुनपुर प्रखंड के गांव के लोगों में भय का माहौल**

# वन विभाग हाथियों को भगाने में है असफल

**क्षेत्र में हाथियों के उत्पात एवं आगमन को लेकर प्रखंड प्रशासन सहित फॉरेस्ट विभाग की नींद उड़ी हुई है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** प्रखंड में इन दिनों लगातार जंगली हाथियों का झुंड का आतंक गांव में देखने को मिल रहा है। आम लोगों के घर गजराज धड़ल्ले से तोड़ रहे हैं, जबकि घर में रखे खाद्यान्न भी चट कर जा रहे हैं। वहीं क्षेत्र में गजराज की गरज व आगमन को लेकर प्रखंड प्रशासन सहित फॉरेस्ट विभाग की नींद उड़ी हुई है। शनिवार की रात हाथियों का झुंड पुनः ऊपर लोदा पाठ पहुंचकर गांव के लगभग डेढ़ दर्जन घरों की दीवाल तोड़कर घर में रखे अनाज चट कर गया। जबकि शुक्रवार रात भी हाथियों का झुंड उक्त गांव पहुंचा था और एक दर्जन घरों को नुकसान पहुंचा चुका है। इधर गांव के लोग हाथियों के आगमन की सूचना पर भय में हैं। लोग घर से बाहर मशाल लेकर अन्य जगहों पर बिता रहे हैं। वहीं गांव सहित आसपास के गांव के लोगों में भय का माहौल है।

हालांकि प्रतिदिन प्रखंड प्रशासन से अंचलाधिकारी संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं फॉरेस्ट के पदाधिकारी गांव का भ्रमण कर हाथियों द्वारा पहुंचाये जा रहे नुकसान का आकलन करते हुए लोगों को हाथी से दूरी बनाने एवं बेवजह उन्हें ना छेड़ने की सलाह देते दिख रहे हैं। परंतु वन विभाग पिछले चार दिनों से डेरा जमाए हाथियों को भगाने का असफल प्रयास कर रहा है।



### इन आदिम जनजातियों के घरों को तोड़कर खा गये राशन

जंगली हाथियों का झुंड लोदा पाठ गांव में जमकर उत्पात मचाया एवं घरों को तोड़कर अनाज खा गया। प्रभावित लोगों में आदिम जनजाति के लोग भी शामिल हैं, जिसमें सुखदेव असुर, बुदु असुर, हवलदार असुर, सुना असुर, लिबन असुर, पप्पू सिंहने, लेबरे असुर, डेबला असुर, संतोष असुर, सोमरा असुर, एतवा असुर, बिनु असुर, एतवा असुर, राजेश असुर, जगेश्वर असुर, सोमा असुर, मुदा असुर के घर शामिल हैं।

### सोमवार शाम तक हाथी भगाने के लिए बांकुड़ा पश्चिम बंगाल की एक्सपर्ट टीम पहुंचेगी : फॉरेस्टर

इधर वन विभाग के फॉरेस्टर हीरालाल उरांव ने कहा कि हाथियों का झुंड अभी उपर लोदा छाता शरड़ की जंगलों में है। दिन में जंगलों के बीच खुद को छुपा लेता है। विभाग द्वारा हाथी भगाने के लिए एक्सपर्ट टीम बंगाल से बुलायी जा रही है, परंतु वहां टुसू पर्व के कारण यह लोग नहीं पहुंच पाये हैं। संभवतः सोमवार शाम तक टीम आ जाएगी और क्षेत्र को हाथियों के प्रभाव से राहत मिलेगी।

# यातायात के नियम तोड़ने वालों को माला पहना कर चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**सड़क सुरक्षा के मामले पर बदले बदले हैं पुलिस के तेवर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सड़क सुरक्षा के मामले पर पुलिस के तेवर काफी बदले बदले हैं। पुलिस भी गांधी गिरी की फैन हो गई है। अब रविवार की ही बात लीजिए, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल,थाना प्रभारी विनोद कुमार एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा शहर के पटेल चौंक और टावर चौक के समीप बिना हेल्मेट एवम बिना सीट बेल्ट पहने, ट्रिपल लोड लेकर वाहन चलाने वालो पर करवाई की जा रही थी। लेकिन इस बार ऐसे लोगों पर फाइन नहीं काटा जा रहा था, बल्कि लोगों को गुलाब एवं माला पहना कर उन्हें



जागरूक किया जा रहा था। उन्हें बताया जा रहा था कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने से बेहतर है कि यातायात नियमों का पालन किया जाए और खुद को सुरक्षित रखा जाये। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो घरवाले आपके सुरक्षित लौटने का इंतजार कर रहे होते हैं। जीवन बहुमूल्य है इसे लापरवाही में नहीं गवाएं सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाये जा रहे जागरूकता अभियान का। 11 से 17 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौक चौराहों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, अन्य शामिल थे।

# मकर संक्रांति को इंडियन रोटी बैंक ने बनाया सुपोषण दिवस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारत में भोजन को सुपोषण का आधार बनाने में जुटी इंडियन रोटी बैंक ने हर वर्ष कुपोषण मुक्ति मुहिम की परंपरा को संजोये रखा है। मकर संक्रांति के अवसर को चिकित्सकों से पटी संजीवनी टीम के साथ मिलकर टारगेट सुपोषण मुहिम चलाया। तकरीबन 16 राज्यों के 87 जिलों में संचालित 112 यूनिट में बाल श्रमिकों एवं झोपड़पट्टी के बच्चों तक पहुंचकर पौष्टिक आहार के तौर पर बेसन, बादाम, काजू, किसमिस एवं खाद्य सामग्रियों से मिलाकर बने लड्डू, दलिया, सब्जी फल से बने पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण किया। सुपोषण दिवस के रूप में आयोजित मकर संक्रांति के पर्व को स्टेट कोऑर्डिनेटर दीपक तिवारी फेम इंडियन रोटी बैंक ने बेहद खास बना दिया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहेब सिंह नामधारी के नेतृत्व में रोटी बैंक परिवार सदर प्रखंड अंतर्गत सरजा के भूसड़िया, कौड़िया के पीपरडीह, चियांकी के पूरान टोला में बच्चों के बीच पोषण आहार का वितरण उत्सव को उल्लास में बदल डाला, वहीं दुबियाखांड़ स्थित प्रसिद्ध गौशाला में पशुओं को गुड़ खिला कर अभियान को नया आयाम दिया। इस दौरान इंडियन रोटी बैंक के संजीवनी टीम के कर्ताधर्ता डॉक्टर अमित मिश्रा ने टारगेट सुपोषण मुहिम को बच्चों के प्रति जवाबदेही तय करने का अभियान बताया। उनकी माने तो रोटी बैंक के संजीवनी टीम का उद्देश्य है समाज में कुपोषण से नौनिहालों की रक्षा करना। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहेब सिंह नामधारी ने कहा कि सेवाभाव से अपनों के बीच समय बिताना पर्व त्योहार में चार चांद लगा देता है। गाय को खिलाना उसके बछड़े के साथ खेलना समय बिताना मनमोहक होता है। वहीं इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश कोऑर्डिनेटर दीपक तिवारी ने बताया कि इंडियन रोटी बैंक का है सपना कोई भूखा ना सोये अपना। इसी के तर्ज पर सामाजिक तौर पर नौनिहालों को कर्णधार बनाने की जवाबदेही समाज के सभी लोगों को बनती है। जिस उद्देश्य के लिए इंडियन रोटी बैंक का गठन हुआ था वह मुकाम पा रहा है। और गरीब लाचार बेसहारा जरूरतमंद के लिए मददगार साबित हो रहा है। अभियान को सफल बनाने में पलामू आईआरबी टीम के साथ राष्ट्रीय उप प्रभारी सोनू सिंह नामधारी के परिवार की भूमिका अहम रही। जिसमें श्याम जी नामधारी, प्रभजी नामधारी, हरिजी नामधारी, रामजी नामधारी, अप्रजीत सिंह, मल्लिका मल्होत्रा, रुपाली कौर, अनिता कौर, गुणीत कौर, महेर कौर, इविंका ग्रोवर, सम्राट सिंह, सरीन कौर, अचिंत कौर, सुधीर सिंह समेत स्टेट वाइस कोर्डिनेटर परवेज अख्तर, जिला कोर्डिनेटर मनीष यादव, वाइस कोर्डिनेटर राकेश कुमार मिकू मौजूद रहे।

## आरटीआइ से प्राप्त अभिलेख से हुआ खुलासा

# मुरुमातु की विवादित भूमि किसी के नाम से नहीं है बंदोबस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांडू/पलामू।** पांडू के मुरुमातु का विवादित भूमि किसी के नाम से बंदोबस्त नहीं है, विवादित जमीन के मामले में आरटीआइ के माध्यम से जो सूचना मिली है उससे एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है, मुरुमातु से उजाड़े गये जमीन संबंधित जितेंद्र एवं नंदलाल मुसहर ने आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी थी, मांगी गयी आरटीआइ के संबंध में विश्रामपुर अंचलाधिकारी ने जो जानकारी उपलब्ध कराया है उसमें यह बात सामने आयी है कि उपलब्ध बंदोबस्त पंजी में खाता नंबर- 44, प्लॉट- 437 एवं रकवा 4.04 एकड़ किसी के नाम से बंदोबस्त नहीं है।

### क्या है मामला

पांडू के मुरुमातु में पिछले पांच पुस्त से रह रहे 50 मुसहर परिवार को 29 अगस्त को एक विशेष समुदाय ने घर से बेघर कर उनके झोपड़ी नुमा आशियाने के ऊपर बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त करा दिया था, तब से यह विस्थापित दलित परिवार पुराने थाना भवन में शरण लिय हुये हैं।

## अब्दुल कैस ने किया कंबल का वितरण

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी उमीदवार अब्दुल कैस ने बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा संयोजक अजय कुमार के साथ गरीब,असहाय एवं बुजूर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। नगर पंचायत के भावी उमीदवार अब्दुल कैस ने बतया कि नगर पंचायत के वार्डो का भ्रमण करते हुए बारा टोला में बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय, जरूरतमंदो के बीच लगभग सौ लोगो को कंबल दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण कर और जरूरतमंद लोगो को कम्बल दिया जायेगा। मौके पर बहुजन पार्टी के नंदू राम, दीपक कुमार के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया सेना दिवस

**पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में सेना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी जी उपस्थित रहे। सेना दिवस की शुरूआत भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेम प्रसाद ने इस कार्यालय द्वारा की जा रही सेना दिवस विजय दिवस एवं वीर शहीदों के गुणगान करते हुए शहीद वीर नारी उपस्थित अतिथियों एवं सभी सैनिकों को स्वागत करते हुए कार्यालय द्वारा की जा रही कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस तिथि के महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

# मुखिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिला स्थानीय विधायक से, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल आज पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मुलाकात कर अंडर ब्रिज बनाने हेतु एक ज्ञापन सौंपा। बताते चले की लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मुलाकात किया। धर्मेंद्र चौधरी ने श्री चंद्रवंशी से लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर एलएचएस, आरओ, फूट ओवर ब्रिज, रोड ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रतिनिधि मंडल को अस्वस्थ करते हुए कहा कि सारी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में पप्पू कुमार चौधरी, जितेंद्र चौधरी सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## दीवान बीघा में देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-हैदरनगर मुख्य पथ के दीवान बिगहा गांव में ग्राम देवी मंदिर का निर्माण किया गया है। ग्राम देवी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो हुसैनाबाद बाजार, जेपी चौक होते देवरी सोन नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे। यहां जयघोष के साथ कलश को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह,जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विमलेश सिंह,मिथिलेश कुमार सिंह, संजय सिंह,विनय पासवान,बलराम मेहता, मुखिया संतोष सिंह, हैदरनगर जिला परिषद संगीता देवी,चंदन सिंह,सुनील सिंह समेत हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। मौके पर विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने ग्राम देवी मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण के साथ साथ मन की भी शुद्धि होती है। उन्होंने आयोजन समिति को हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यज्ञ में विधायक कमलेश कुमार सिंह भी भाग लेने आयेंगे। मौके पर जिप सदस्य टूटू सिंह ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख,समृद्धि एवं शांति आती है।

## चैलेंजर परिवार ने 250 से अधिक कंबल बांटे



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आज के दौर में जहां युवा शराब, जुआ, गांजा, भांग, ड्रक्स आदि नशीली पदार्थ का शिकार हो रहे हैं। वही पलामू मेदिनीनगर के कुछ युवा इन सभी बुराइयों से अलग हटकर समाज हित में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और लोगों की विभिन्न तरह से मद्दत करते हुए एक मिसाल कायम कर रहे है। आपको बता दे कि मेदिनीनगर पलामू के कुछ युवा 'टीम चैलेंजर्स' के नाम से एक टीम बनाकर लगातार समाज हित में एक से बढ़कर एक अच्छे-अच्छे काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार की रात्रि में 'टीम चैलेंजर्स' टीम ने दर्जनों युवाओं की टीम बनाकर सैकड़ों वैसे गरीब जो ठंढ में ठिठुर रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। यह कंबल वितरण रेड़मा चौक, सरकारी बस डीपो, छः मुहान, लाल कोठा, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, लेबर वार्ड, ऑर्थो वार्ड, बोर्न वार्ड सहित अन्य वार्डो एवं सादिक चौक, स्टेंशन आदि जगहों पर वितरण किया। 'टीम चैलेंजर्स' की टीम इसके अलावा अन्य कई सामाजिक हित में काम करते आ रहे है जिसमे मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक करना, जरूरमंद लोगो को ब्लड उपलब्ध कराना, छठ पूजा में प्रसाद का वितरण करना, दीवाली में मिठाई और कोविड के समय धनबाद की बेटी अल्पना शर्मा का 10 लाख से ऊपर का इलाज योगी सरकार से करवाना ट्विटर अभियान चलाकर।

**कहां से आता है फंड:** लोगों के मन मे अक्सर यह खयाल आता है आखिर कैसे समाज हित मे लगातार एक से बढ़कर एक काम कर रही है 'टीम चैलेंजर्स' टीम तो आपको बतादें कि 'टीम चैलेंजर्स' की टीम में लगभग 250 युवा जुड़े हुए है जो अपने पॉकेट मनी का खर्चा काटकर सभी लोग पैसों को जमा करते है और उसी पैसे को मानव सेवा में लगाते है और समाज के हित मे काम करते है। रात के कार्यक्रम में चैलेंजर परिवार के अमित तिवारी, कौटिल्य द्विवेदी, पवन गंगा, अनुराग तिवारी, रविरंजन त्रिपाठी, जयशंकर कुमार, धीरज मिश्रा, नितेश तिवारी, आंनद उपाध्याय, संतोष कुमार, राजीव तिवारी, प्रियांशु सिंह,चंदन पांडेय, सूरज सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, लोहा सिंह, उपेंद्र कुमार, आर्यन कुमार, विवेक कुमार, राजा ठाकुर, राजन कुमार, बबलू मिश्रा, राधेश्याम एवं अन्य साथियों ने मिल कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## तेंदुए के हमले से घायल अधेड़ को भेजा रिम्स



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के डूबलगंज पोलपोल में रविवार की अहले सुबह तेंदुए ने परमेश्वर सिंह लगभग 50 वर्ष पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें व्यक्ति का सर पीछे से फट गया। जिसके बाद आनन-फानन में एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार परमेश्वर सिंह डुबलगंज का ही रहने वाला है और वह अपनी बेटी के यहां से अपने घर लौट रहा था। बताते चलें कि तेंदुए का कहर पिछले एक माह से जारी है। गढ़वा के अलग-अलग जगहों पर 4 लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद तेंदुआ बरवाडीह में दो लोगों को घायल कर दिया और अब सतबरवा और सदर प्रखंड में उसकी सक्रियता बढ़ गई है। यहां के लोग शाम होते ही घर में कैद हो जा रहे हैं और भय के माहौल में जी रहे हैं। घटनास्थल पर बकरी चरा रही महिलाओं ने बताया कि पिछले चार-पांच दिन से यही आस पास तेंदुआ रहता है, दो बार गांव में भी घुस गया है। उसके साथ दो बच्चे भी हैं। घटनास्थल पर घायल परमेश्वर सिंह खून से लथपथ चप्पल पड़ा था। साथ ही ग्रामीणों ने तेंदुए के पैर के निशान भी दिखाएं। बोल पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी ने वन विभाग के फॉरेस्टर से बात कर घायल परमेश्वर सिंह को तत्काल इलाज के लिए 25000 दिलवाया है।

# झारखंड में धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो रहा शिव संपत धाम: अरविंद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर(पलामू)।** उंटारी रोड प्रखंड के प्रसिद्ध देव स्थल शिव समाय धाम पर आयोजित वार्षिक दो दिवसीय मेला का समापन रविवार को भंडारे के साथ हुआ। मेला में स्थानीय लोगों के अलावा काफी संख्या में दूर दूर से लोग आए हुए थे। इस दौरान भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना हुई। पूजा अर्चना का दौर सारे दिन चलता रहा। मेला स्थल पर सांकृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मेला में बच्चो व महिलाओं के लिए झूला आकर्षण का केंद्र बना रहा। धाम विकास समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने मेला के पहले दिन शनिवार को श्रद्धालुओं के बीच चूड़ा गुड व तिलकुट का वितरण किया। वही दूसरे दिन भंडारा में बतौर महा प्रसाद खिचड़ी का वितरण किया गया। अरविंद सिंह ने कहा कि शिव संपत धाम झारखंड में धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। मिनी बाबा धाम के रूप इसकी पहचान बनती जा रही है। अब इसे पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेला देश के ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। इसी पहचान को जिन्दा बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष मकरसंक्रांति के अवसर पर धाम परिसर में दो दिवसीय मेला आयोजित किया जाता है। मौके पर कैप्टन आरसी यादव,अगस्त तिवारी, बसंत ठाकुर, डॉ योगी सिंह, रघुवीर यादव, सुनील सिंह, खोखन राम, अयोध्या मिस्त्री, फेकू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, रामवचन सिंह, परमा शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## क्रिकेट युवाओं का जुनून बन गया है: भरदुल सिंह

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** जागृति नवयुवक समिति पोलपोल के तत्वावधान में स्वर्गीय बादल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पोलपोल के दोबाठ पुल के मैदान में किया गया। समाजिक कार्यकर्ता एवं पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह ने इसका उद्घाटन फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट युवाओं का जुनून बन गया है। युवाओं में प्रतिभा की कमी नही है। जरूरत है सही मार्ग दर्शन की, खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल में कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है। हमे हार से कभी निराश नही होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत की राह दिखाता है। पहले दिन का मैच तुकार्डीह लेस्लीगंज व बादल फाइटर पोलपोल के बीच खेला गया। 12,12 ओवर का मैच होगा। इसमे जिले के विभिन्न क्षेत्र के टीम हिस्सा लेंगे। 10 दिनों तक मैच का आयोजन होगा। मैच जीतने वाले टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये एवं कप से पुरस्कृत किया जायेगा। वही द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को छह हजार रुपया व कप देकर पुरस्कृत किया जायेगा।

## कोयल कम्युनिटी हॉल का किया उद्घाटन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला के छतरपुर में डाकबंगला परिसर में बने कोयल कम्युनिटी हॉल का उद्घाटन जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी,जिला परिषद के कनीय अभियंता सुरेश पासवान, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष बुल बाबा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डाक बंगला परिसर में अवस्थित है। सरकारी भवन जो देखरेख के अभाव में कुछ ही वर्षों में खंडहर हो गये थे। इनमें एक बिल्डिंग को फिर से सजाया संवारा गया है। इनके कमरों में बेड, एसी आदि की व्यवस्था की गयी है। दूसरे बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के लिए भी टेंडर हो चुका है। कोयल कम्युनिटी हॉल का परिसर काफी बड़ा है। गेट के सामने छतरपुर का सबसे भव्य और सुंदर शिव मंदिर है और बगल में परिसर के हाते से सटा हुआ छतरपुर थाना की बिल्डिंग। इस परिसर को शादी व पार्टियों का आयोजन स्थल बनाने का विचार सबसे पहले तत्कालीन पलामू डीडीसी मेघा भारद्वाज ने पहल की थी। इस कम्युनिटी हॉल को चलाने के लिए पांच साल का टेंडर दिया गया है। मौके कार्यपालक अधिकारी कामेश्वर बेदिया, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, सुबोध सोनी, झुन्ना जायसवाल, सुधीर सिन्हा, अशोक सोनी, नंदलाल साव, राजा सोनी, सुरेश प्रसाद शौंडिक, ओमप्रकाश चंद्रवंशी मिथलेश सिंह, पप्पू जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



टीम इंडिया ने रविवार को वनडे क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। भारत ने श्रीलंका को तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 317 रन से हराया।

# वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत, भारत ने श्रीलंका को 317 रन से हराया

## न्यूजीलैंड का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, विराट कोहली ने बनायी 46वीं सेंचुरी



**तिरुवनंतपुरम (आजाद सिपाही)।** टीम इंडिया ने रविवार को वनडे क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। भारत ने श्रीलंका को तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में 317 रन से हराया। भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। कीवी टीम ने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था। इस मैच में टीम इंडिया ने एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वह वनडे इतिहास में किसी एक देश के खिलाफ सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बनी। भारत ने वनडे क्रिकेट में श्रीलंका को 96 बार हराया है। दोनों टीमों के बीच कुल 165 वनडे खेले गये हैं। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के 95 जीत के वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज जीत के हीरो रहे। विराट ने 166* रन की पारी खेलते हुए 46वां वनडे शतक जमाया। शुभमन गिल ने 116 रन बनाये। भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 390 रन का विशाल स्कोर बनाया। कोहली प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। जवाब में श्रीलंका की टीम 22 ओवर में 9 विकेट पर 73 रन के स्कोर पर रोका। एक बल्लेबाज ने घायल होने की वजह से बैटिंग नहीं की। मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। श्रीलंका के 7 बल्लेबाज डबल फिगर में भी नहीं पहुंच पाये। करीब तीन साल तक शतक का सूखा झेलने वाले विराट अब शतकों की बारिश कर रहे हैं। पिछले चार वनडे मैचों में उन्होंने तीसरा शतक जमाया है। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के आखिरी मैच में सेंचुरी जमाने के बाद विराट ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले और तीसरे मैच में तिहरे अंक का स्कोर बनाया।

### श्रीलंका से 23 साल पुराना हिसाब चुकता

**वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम को सबसे बड़ी हार साल 2000 में श्रीलंका के खिलाफ मिली थी। तब श्रीलंका ने टीम इंडिया को 245 रन से हराया था। अब भारत ने श्रीलंका को उसकी सबसे बड़ी हार थमा दी है। साल 2000 में शारजाह में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने सनथ जयसूर्या (189 रन) के शतक की बदौलत 299 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय पारी 54 रन पर सिमट गई थी। अब भारत ने विराट की दमदार परी के दम पर विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका को बेहद मामूली स्कोर पर समेट दिया।**

**जीत के 3 हीरो:** विराट कोहली विराट ने 166 रन की पारी खेली। 110 गेंदों की पारी में 13 चौके और 8 छक्के जमाए। यह विराट के करियर का 46वां शतक है। वो प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने सीरीज में 283 रन बनाए। इसमें दो शतक शामिल हैं। शुभमन गिल ओपनर शुभमन गिल ने करियर की दूसरी सेंचुरी जमाई। उन्होंने 97 बॉल पर 116 रन बनाए। इस पारी में शुभमन ने 14 चौके और 2 छक्के जमाए। मोहम्मद सिराज धारदार गेंदबाजी की। श्रीलंका के 4 बल्लेबाजों को आउट किया। एक रन आउट भी किया। सिराज ने वनिंदु हसरंगा (एक रन), नुवानिडु फर्नांडो (19 रन), कुसल मेंडिस 4 रन, अविष्का फर्नांडो (एक रन) के विकेट लिए।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
11

**दुस्साहस :** 10-12 अपराधियों ने देर रात एक बजे बोला धावा, कर्मियों ने मोबाइल फोन छीने

# जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र पर हथियार बंद अपराधियों का हमला, लाखों के स्क्रैप लूटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील क्षेत्र जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र में शनिवार की देर रात एक बजे 10-12 की संख्या में हथियार से लैस अपराधियों ने धावा बोल दिया। वहां से करीब डेढ़ लाख रुपये के स्क्रैप पार्ट्स लूट कर फरार हो गए। इससे पूर्व ड्यूटी में तैनात झमाडा के दो कर्मी शुरेश प्रसाद महतो और ललन यादव को मोबाइल बंद कर भाग जाने का निर्देश दिया। इसके बाद केंद्र में कार्य कर रहे 25 मजदूर जान बचाने के लिए इधर-उधर छिपकर जान बचाई। कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने जोरापोखर थाना में मामला दर्ज कराया है। बताया कि अपराधियों के दल ने धावा बोलकर कर्मचारियों को हथियारों का भय दिखाकर खदेड़ दिया। तभी नाइन एमजीडी फिल्टर प्लांट के पास रखे स्क्रैप लोहे का समान 288 एचपी मोटर का स्क्रैप, रेगुलेटर एक अदद, 288 एचपी पंप का केसिंग एक अदद, बेस प्लेट दो पीस, 16 इंची सुलिस भल्ब लेकर भाग गए। जोरापोखर पुलिस को उन्होंने बताया कि स्टोर से 26 नवंबर को भी डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति चोरी हो गई थी।



लूटेरों से जाने के बाद मचाए गए तांडव को दिखाता एक कर्मी।

## मकर संक्रांति पर झरिया वासियों को नहीं मिला पानी

**मजदूरों ने बताया कि सुबह 10 से 12.30 बजे तक, एक बजे से एक 45 तक, तीन बजे से 3.20 तक जामाडोबा बिजली सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति बाधित की गई। जिससे 9 एमजीडी एवं 12 एमजीडी में जलभंडारन नहीं हो सका। इस कारण मकर संक्रांति पर पर जलापूर्ति नहीं की जा सकी। कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया कि बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होने से जलभण्डारन नही हो सका जिससे जलापूर्ति नहीं की जा सकी।**

### डीसी को पत्र देकर आर्म्स होम गार्ड की मांग

सुरेश प्रसाद महतो, अनिल दास आदि ने कहा कि पांच वर्ष पूर्व 11 होमगार्ड के जवान तैनात थे। जिन्हें बाद में हटा लिया गया है। पुनः उन्हें बहाल करने की मांग की जा रही है। बताया गया कि करोड़ो रुपये की संपत्ति केंद्र में मौजूद रहता है जिससे झरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है जिसपर प्रतिकूल असर होता है।

# रन फॉर रोड सेफ्टी के लिए दौड़ा बोकारो

**एसपी, डीडीसी, चास एसडीओ और डीटीओ समेत जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों ने लगाई दौड़**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार को रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से हुई, जो राम मंदिर चौक, पत्थरकट्टा चौक, राम मंदिर चौक, सर्किट हाउस चौक, तिरंगा पार्क होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंच समाप्त हुई। रन फॉर रोड सेफ्टी में पुलिस अधीक्षक (एसपी) चंदन झा, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) कीर्तीश्री जी, अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) संजीव कुमार समेत जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी के अलावा आम जन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक (एसपी) चंदन झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के लिए ही रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया है। इसके पीछे का उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को परिवहन नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उसका अनुपालन करवाना है, जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए सड़क पर चलना सुरक्षित हो। मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) कीर्तीश्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस दिन रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया है। कई बार दुर्घटनाएं होने पर स्थितियां नियंत्रण में नहीं रहती हैं। ऐसे में सड़क पर वाहन चलाने/सड़क पर चलने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) संजीव कुमार ने कहा कि पूरे देश में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आमजनों/वाहन चालकों से यातायात नियमों का अनुपालन करने की अपील की। रन फॉर रोड सेफ्टी में मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज, बीडीओ मिथिलेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार,रोड सेफ्टी टीम, परिवहन विभाग के कर्मी,एनसीसी कैडेट्स,आमजन आदि शामिल हुए।

# पर्यावरण मंत्रालय ने झरिया में बढ़ते प्रदूषण पर बोर्ड और बीसीसीएल से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के झरिया में बढ़ते प्रदूषण पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने झारखंड प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के सचिव और बीसीसीएल सीएमडी से जवाब तलब किया है। साथ ही इलाके में प्रदूषण की बढ़ती समस्या की जांच कर समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाने को भी कहा है। मंत्रालय ने यह पहल सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद के पत्र के आलोक में की है। अखलाक ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों दिल्ली जाकर तीन दिन तक जंतर मंतर और इंडिया गेट के समीप हाथों में तख्ती लेकर झरिया में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ मुहिम शुरू की थी। उसके बाद विगत 27 अक्टूबर को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को पत्र लिखकर झरिया में प्रदूषण की वास्तविकता से अवगत कराया था। कतरास मोड़ निवासी अखलाक अहमद ने केंद्रीय मंत्रालय को लिखे पत्र में 2019 में एक एजेंसी की सर्वे रिपोर्ट का हवाला देते हुए झरिया पर देश का सबसे प्रदूषित शहर होने के लगे धब्बे से लेकर कागजों पर बनी प्रदूषण की रोकथाम की योजनाओं की सच्चाई और आउटसोर्सिंग उत्खनन कंपनियों द्वारा डीजीएमएस व संबंधित विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमाने तरीके से किये जा रहे उत्खनन की विस्तृत जानकारी दी थी। गौरतलब है कि अखलाक अहमद यूथ कॉन्सेप्ट संस्था के माध्यम से पिछले कई वर्षों से झरिया में बढ़ते प्रदूषण के स्तर और उससे उत्पन्न समस्या को लेकर लगातार मुखर रहे हैं। चाहे कोई धार्मिक त्योहार हो या फिर राष्ट्रीय पर्व या फिर किसी स्वतंत्रता सेनानी की जयंती जैसे मौकों पर प्रदूषण की बढ़ती समस्या से सरकार, जिला प्रशासन को संदेश देने से लेकर शहरवासियों को भी जागरूक करते रहे हैं।





# कसमार व पेटरवार में टुसू मेले में शामिल हुए पूर्व विधायक



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति और टुसू पर्व के अवसर पर कसमार और पेटरवार प्रखंड में आयोजित होने वाले कई मेले में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो शामिल हुए और लोगों को बधाई दी। उन्होंने कसमार प्रखंड के मधुकरपुर के चेडरी टुंगरी में आयोजित होने वाले मेले में भाग लिए और लोगों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद पेटरवार प्रखंड अंतर्गत रामराज्य मेला पतकी पंचायत बगजोबरा पहुंचे। बगजोबरा में आयोजित टुसू पर्व पर मेला में मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आयोजक समिति ने पूर्व विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूर्व विधायक ने टुसू पालकी लिए महिलाओं की मंडली के साथ पारंपरिक नृत्य में भी भाग लिया। मेला परिसर का जायजा लिया एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए हालचाल भी लिया।

## कतरास के युवक ने रिकॉर्ड 55वीं बार किया रक्तदान



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मानवता की मिशान पेश करते हुए समाजसेवी अंकित रजगढ़िया ने रिकॉर्ड 55वीं बार रक्तदान किया। रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर एसएनएमएमसीएच में जाकर अंकित ने रक्तदान दिया। बतातें चलें कि अंकित रक्तदान, नेत्रदान और अंगदान को लेकर वर्षों से कार्यरत है। अंकित कोरोना काल के पीक में भी अपनी सेवा से कोयलांचलवासियों की सराहना का पात्र बने थे।**

# शिक्षा के बिना विकास अधूरा : मुखिया वंदना



**साक्षरता समिति गठन के लिए मुखिया वंदना देवी की अध्यक्षता में बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पंचायत साक्षरता समिति के गठन को लेकर छोटानगरी पंचायत सचिवालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया वंदना देवी ने की। इसमें बाघमारा प्रखंड साक्षरता समिति के प्रखण्ड़ को ऑर्डिनेटर भागीरथ सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाए देते हुए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत के छुटे हुए अशिक्षित (जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक हो) को चिन्हित किया जाएगा। उसके बाद खुद सेवक शिक्षको के माध्यम से 10 असाक्षरो का ग्रुप बनाकर पढ़ाने लिखाने का कार्य किया जायेगा। वहीं, मुखिया वंदना देवी ने कहा कि शिक्षा के बिना विकास अधूरा हैं। इसलिये साक्षर होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में नगरीकला उत्तर पंचायत के को ऑर्डिनेटर राम प्रसाद महतो, सतीश महतो, योगेश्वर रवानी ने भी संबोधित किया। लगे हाथ छोटागरीपंचायत साक्षरता समिति का गठन किया गया, जिसमें पदेन अध्यक्ष मुखिया वंदना देवी, साक्षरता पर्यवेक्षक प्रधानाध्यापक सतीश महतो, पंचाचत साक्षरता कोऑर्डिनेटर योगेश्वर रवानी, साक्षरता कर्मी निर्मला देवी, सदस्य रीता देवी, ममता देवी, अनिता देवी, सुलोचना देवी, उप मुखिया सुनिता कुमारी, राधा देवी, निरंजन महतो, ओम प्रकाश महतो, जगत लाल महतो, गीता देवी, यशोदा देवी और उषा देवी को शामिल किया गया है।

## महारुद्र यज्ञ को लेकर बैठक, कमेटी का गठन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** फुलवार स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को कई गांव के लोगों ने बैठक की। जिसमें महारुद्र यज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर नई कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में विगत यज्ञ के लेखा जोखा को भी पेश किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 6 मई से 16 मई तक महारुद्र यज्ञ कराने का निर्णय लिया। साथ ही बनारस से आचार्य लाने की बात पर भी सहमति बनाकर धन संग्रह करने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि कलश यात्रा भव्य तरीके से निकाली जाएगी। इस मौके पर सुखदेव पांडेय, तुलसी पांडेय, संजय सिंह, भवानी सिंह, रतन दास, नंदलाल मुर्मू, राम सिंह, संतोष सिंह, गणेश महतो, राजू सिंह, दिगंबर सिंह, विद्याधर राय, भरत सिंह, मिठू रजवार, गौतम शर्मा, ब्रह्मदेव सिंह, बलराम दशौंधी आदि मौजूद थे। वहीं, नई यज्ञ कमेटी के पदाधिरियों में अध्यक्ष संजय सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राम सिंह, वरीय उपाध्यक्ष रमेश रजक, सह उपाध्यक्ष भवानी शंकर सिंह, गणेश महतो, संतोष सिंह, सचिव गौतम शर्मा, सह सचिव हीरालाल दास, टिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष तुलसी पांडेय, सह कोषाध्यक्ष रतन दास, राजीव रंजन सिंह, संगठन सचिव ब्रह्मदेव सिंह, सुखदेव प्रसाद शर्मा, अर्जुन मांझी, बीरबल ठाकुर आदि हैं।

# बीबीसी श्रमिक यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष कॉ सुशील चक्रवर्ती का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर स्थित मिशन अस्पताल में रविवार की सुबह बीबीसी श्रमिक यूनियन के संस्थापन अध्यक्ष कामरेड सुशील चक्रवर्ती का निधन हो गया है। उनका पार्थिव शरीर डीवीसी मैथन श्रमिक यूनियन के कार्यालय में रविवार की शाम चार बजे लाया गया एवं दिवंगत कामरेड को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यूनियन कार्यालय में झंडा आधा झुका कर शोक प्रकर किया गया। उनके के पार्थिव शरीर पर पार्टी एवं यूनियन के लाल झंडा देकर सम्मानित किया गया । श्रद्धांजलि सभा में सीपीएम पार्टी की ओर से कामरेड गोपी कांत बक्सी,अजीत मिश्रा, एसके घोष, गणेश धार, सुमना लहरी, कार्तिक घोष, साबिर बॉसकि आदि नेतागण माल्यार्पण किया। मार्क्सवादी समन्वय समिति की ओर से पूर्व विधायक अरुप चटर्जी एवं लोकल कमेटी के सचिव कामरेड टोटन मुजूमदार उपस्थित थे। डीवीसी श्रमिक यूनियन की ओर से कामरेड समीर वाइन, जीवन आईच,अचिंतो दास, केके त्रिपाठी निशित मुखर्जी, धर्मदेव सिंह ,लालजीत चटर्जी विशु मजूमदार, विनायक गोस्वामी, दीपा विश्वास, लतिका नाथ आदि नेतागण उपस्थित थे। महिला समिति की ओर से साथी कावेरी अड्डा, रेखा मुखर्जी, कुमारी सपना सुदीपा दास, सोना चक्रवर्ती अपर्णा रूद्र आदि ने शोक जताया।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर 40 ई-रिक्शा पर एक साथ निकली 80 दूल्हों की बारात

# सर्व धर्म समूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 80 जोड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति की ओर से इस साल भी शहर के गोल्फ ग्राउंड में बैंड, बाजा और बारात के साथ रविवार को सामूहिक विवाह का सफल आयोजन किया गया। 75 हिन्दू और पांच मुस्लिम सहित कुल 80 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह के बंधन में बंधे नए जोड़ों को आशीर्वाद देने शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों सहित पूरा धनबाद उमड़ पड़ा। बैंड, बाजे के साथ पूरे धूमधाम से नाचते गाते बरात निकली जो गोल्फ ग्राउंड से हटिया मोड़, रणधीर वर्मा चौक, लुबी सर्कुलर रोड होते हुए वापस गोल्फ ग्राउंड समारोह स्थल पहुंची। यहां सबसे पहले रिवाज के अनुसार समधी मिलन हुआ। उसके बाद एक साथ 80 जोड़े ने एक-दूसरे के गले में फूलों की माला डाल जयमाला की रस्म अदा की। इसके लिए 30 फिट चौड़ा और 200 फिट लंबा भव्य स्टेज बनाया गया था। जयमाला के बाद जोड़ो का उनके धर्म अनुसार पूरे रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में शामिल कई जोड़े धनबाद के आसपास के जिले से भी पहुंचे थे। हिन्दू जोड़े की शादी गायत्री परिवार के लोगों ने संपन्न कराया, जबकि मुस्लिम जोड़ों को पुराना बाजार जामा मस्जिद के इमाम निजामुद्दीन साहब ने निकाह पढ़ाया। सभी ने वर-वधू को सफल जीवन का आशीर्वा दिया।





### नाटक मंचन कर दहेज प्रथा बंद करने की अपील

**सामान्य विवाह की तरह सर्व धर्म सामूहिक विवाह में भी बारातियों एवं मेहमानों के मनोरंजन के लिए आरकेस्ट्रा की व्यवस्था की गई थी। गायक और साजों पर संगत कर रहे म्यूजिशियन ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कलाकारों ने फिल्मी व लोक प्रचलित वैवाहिक गीतों से समा बांध दिया। इसके अलावा दहेज प्रथा के खिलाफ नाटक पेश कर इसे बंद करने की अपील की गई**





### 8 वर्षों से होते आ रहा सामूहिक विवाह का सफल आयोजन

**सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि इसका आयोजन पिछले 8 वर्षों से लगातार होते आ रहा है। यह विवाह पूरी तरह दहेज रहित होता है। हमारा मकसद है कि इस प्रकार के विवाह से फीजूल खर्च को रोका जाए और समाज में फैली दहेज जैसी कुप्रथा पर भी लगाम लगे। बताया कि विवाह समारोह में शामिल तमाम जोड़ों को नव जीवन की शुरूआत के लिए जरूरी सामान भी दिया गया है।**

### 40 ई-रिक्शा से निकाली बारात

आगे आगे डीजे और बैंड बीच मे नाचते झूमते बाराती और फिर ई-रिक्शा पर सवार 80 दूल्हे। कुछ ऐसा ही नजारा धनबाद की सड़कों पर दिखा। बढ़ते प्रदूषण के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते आयोजन समिति द्वारा ई-रिक्शा से बारात निकाला गया था। इसमें शक्ति मंदिर कमिटी, नौजवान कमिटी पुराना बाजार, युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी), आशाएं, आस्था ग्रुप, पुराना बाजार जामा मस्जिद कमिटी, गायत्री परिवार, धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन, धनबाद जिला चेंबर सहित 34 सहयोगी संगठनों ने अपनी भूमिका निभाई।

### विदाई पर नम हुई आंखें

शादी समारोह के बाद संध्या बेला में विदाई के समय मौजूद सभी लोगों की आंखे नम हो गई थीं। बेटियों की विदाई के दौरान पूरा माहौल भावपूर्ण हो गया था।

# गंगा गौशाला में धूमधाम से मनी मकर संक्रांति



**डॉ वीएन चौधरी के पौत्र सात्विक ने अपने गुलक के पैसे से किया वृंदावन चौरा का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास के काको मठ स्थित श्री गंगा गौशाला कतरास करकेंद में रविवार को धूमधाम से मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। इस अवसर पर डॉ बीएन चौधरी के सात साल के पौत्र सात्विक चौधरी ने अपने गुलक के पैसे से वृंदावन चौरा का उद्घाटन किया। वहीं कतरास लायंस क्लब द्वारा गौशाला कर्मियों के बीच कंबल वितरण किया गया। गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आज कमेटी कीकार्यकारिणी समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। दर्जनों लोगों को तुला का दान करवाया गया। साथ ही दर्जनों नये सुरभि सदस्य भी बनाये गए। इस मौके पर बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा, लायंस क्लब के डॉ स्वतंत्र कुमार, डॉ मधुमाला, चंदन कुमार, कृष्ण कन्हैया राय, डॉ बीएन चौधरी, डॉ नेहा चौधरी, उषा चौधरी, डॉ धीरज चौधरी, गौशाला के सचिव महेश अग्रवाल, चुन्ना यादव, दीपक अग्रवाल, श्रवण खेतान, अधिवक्ता डीएन चौधरी, सुभाष राजगढ़िया, सुमित खंडेलवाल, प्रदीप सोनी, राजेश केडिया, संतोष जलान, सुभाष राजगढ़िया, राजश सिघल, अमित चौधरी और सुभाष गोयल आदि मौजूद थे।

# मिस यूनिवर्स बनीं यूएसए की गैब्रिएल

## भारत की हरनाज ने पहनाया ताज : दिविता टॉप 5 में नहीं पहुंच सकीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** 71वां मिस यूनिवर्स खिताब यूएसए की आर'बॉनी गैब्रिएल ने अपने नाम किया है। भारत की हरनाज संधू ने उन्हें ताज पहनाया। फर्स्ट रनर अप वेनेजुएला की अमेंडा दूदामेल और सेकेंड रनर अप डोमिनिकन रिपब्लिक की एंड्रिना मार्टिनेज रहीं। यह पेजेंट अमेरिका के न्यू ऑर्लेअंस शहर में हुआ। इसमें 25 साल की दिविता राय ने भारत को रिप्रजेंट किया, जो टॉप 5 में नहीं पहुंच सकीं। वो इवनिंग गाउन राउंड में बाहर हो गयीं। इस पेजेंट में दुनियाभर की 86 सुंदरियों ने हिस्सा लिया।

**टॉप 16 तक पहुंची दिविता :** दिविता टॉप 16 तक पहुंच गयी थीं। नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड में दिविता ने 'सोन चिरैया' बन सभी का ध्यान खींचा था। दरअसल, एक समय भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। दिविता की गोल्डन कलर की इस ड्रेस ने इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत की उसी इमेज को दिखाने का प्रयास किया।

**मिस डीवा यूनिवर्स का खिताब जीत चुकी हैं दिविता :** कर्नाटक की रहने वाली 25 साल की दिविता राय पेशे से मॉडल हैं। उन्होंने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है। फिलहाल वो मुंबई में रहती हैं। दिविता ने 28 अगस्त 2022 को मिस डीवा यूनिवर्स 2022 का खिताब जीता था।

**भारत को अब तक मिली हैं तीन मिस यूनिवर्स :** हरनाज संधू ने 12 दिसंबर 2021 को मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। 1994 में सुष्मिता सेन के बाद 2000 में लारा दत्ता मिस यूनिवर्स बनीं थीं।

**मिस थाईलैंड ने गार्बेज से बनीं ड्रेस पहनी :** मिस थाईलैंड एना सुएंगमइयाम ने कॉस्ट्यूम राउंड में कोल्ड ड्रिंक कैन के एल्यूमिनियम ढक्कन से बनी ड्रेस पहनी थी। सिल्वर कलर की ड्रेस की लॉन्ग लेंथ और फ्रंट स्लिट इसे ग्लैमरस बना रही थी। एना ने ये ड्रेस अपने पिता को ट्रिब्यूट देने के लिए पहनी थी। एना सुएंगमइयाम का ये गाउन कूड़े और रिसाइकल्ड मटेरियल्स से बना है।

**मिस यूनिवर्स 2022 पहनेगी 49 करोड़ का ताज :** इस बार मिस यूनिवर्स को नया ताज पहनाया गया। इस ताज का नाम 'फोर्स फॉर गुड' है। इसे मौवाड कंपनी ने बनाया है। ये ताज दशार्ता है कि महिलाओं ने जो भविष्य बनाया है वह संभावनाओं की सीमाओं से आगे है। इसकी कीमत 6 मिलियन डॉलर यानी करीब 49 करोड़ रुपये है।

# मकर संक्रांति पर बडंबा-गोपीनाथपुर टी-ब्रिज पर भगदड़ में एक की मौत, 15 से ज्यादा घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक सिंहनाथ पीठ को जाने वाली महानदी पर बडंबा-गोपीनाथपुर टी-ब्रिज के ऊपर भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हुआ। भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में एक महिला की मौत हुई और 15 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये। घटना उस वक्त हुई जब सिंहनाथ पीठ पर मकर संक्रांति दर्शन करने के लिए जा रहे थे। घायलों को अब बड़ंबा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चार लोगों को कटक बड़ा मेडिकल को रेफर किया गया है। लोगों ने शिकायत की है कि पुलिस की कम संख्या के कारण यह स्थिति बनी है।

दूसरी ओर कहा जाता है कि टी ब्रिज पर भारी भीड़ की वजह से ब्रिज के ऊपर भगदड़ मची और खुद को बचाने के लिए कुछ श्रद्धालुओं ने ब्रीज के नीचे कूद ने का सूचना मिला है। उसी समय वहां पर एक लाख से दो लाख श्रद्धालु जमा हो गये थे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। अब तक दमकल कर्मियों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

पुलिस अधिकारी के साथ जिला प्रशासन अधिकारी मौके पर पंहुच कर स्थिति का अनुद्यान कर रहे है।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख देने की घोषणा की

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मकर मेले में कटक जिले के बडंबा नृसिंहनाथ पीठ में एक महिला की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों का मुफ्त में इलाज कराने का आदेश दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# एनएच-53 को संप्रसारण के साथ हाइवे को टू लेन बनाने के लिए 174 करोड़ की मंजूरी : धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर कहा कि अंगुल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 को संप्रसारण और इसे टू-लेन बनाने के लिए 174.215 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ट्वीट कर इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विभागीय मंत्री श्री गडकरी को धन्यवाद दिया। अंगुल जिले के एनएच-53 में रेंगाली, बज्रकोट और टाकुआ में तीन बाईपास के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के दो लेन को चौड़ा करने और बनाने के लिए 174.215 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य के प्रमुख औद्योगिक और खनन कॉरिडोर को पारादीप बंदरगाह से जोड़ता है। राजमार्गों के संप्रसारण और उन्नतिकरण से लोगों का सुरक्षित आवाजाही सुरक्षित होगा। इसके अलावा हाइवे से भारी वाहनों की आवाजाही सुगम होगी और इस शिल्प कॉरिडोर और कोल इंडिया, एनटीपीसी, जिंदल स्टील के सामाजिक और आर्थिक विकास को त्वरान्वित करेगा। श्री प्रधान ने कहा कि एनएच 53 के संप्रसारण अंगुल और संबलपुर जिले के परिवहन की सुविधा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र के विकास के साथ साथ सामाजिक और आर्थिक विकास में वृद्धि होगी।

## बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने किया बड़ा एलान

# लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अकेले लड़ेगी पार्टी, किसी से भी गठबंधन नहीं करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**लखनऊ।** बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की कोशिशों को तगड़ा झटका दिया है। 15 जनवरी को अपने जन्मदिन के अवसर पर मायावती ने कहा कि बसपा अगले साल होने जा रहे चार राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव कराये जायें, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा, यह सारा खेल इवीएम की गड़बड़ी का है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मायावती रविवार को मीडियाकर्मियों से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जातिवादी और संकीर्ण ताकतें साम दाम दंड भेद से बसपा को दूर करने में जुटी हैं । ग्लोबल समिट के नाम पर यह जो निवेश आ रहा है, यह केवल भाजपा की खराब नीतियों पर पर्दा डालने की नाटक बाजी है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में लोगों को उजाड़ा जा रहा है कानून व्यवस्था की आड़ में घिनौना खेल खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब ओबीसी आरक्षण पर भी भाजपा कांग्रेस सपा की राह पर चल निकली है। यही कारण रहा कि निकाय चुनाव प्रभावित हुआ। इस मौके पर मायावती ने मेरे संघर्ष में जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 18 का भी विमोचन किया। उन्होंने खासतौर से बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने पर जोर दिया। कहा कि जब-जब बैलेट से चुनाव हुआ बसपा का जनाधार बढ़ा। इवीएम आने के बाद ही यह गड़बड़ी हुई।

मायावती ने बीजेपी के पसमांदा मुस्लिम प्रेम पर कहा कि मायावती ने कहा कि पसमांदा समाज से पहले वह मुस्लिम हैं। बीजेपी में इस समाज की कोई मदद नहीं होगी। देश में पसमांदा समाज के लोगों से कैसे व्यवहार हो रहा है, ये सब जानते हैं।

वहीं जब बाहुबली अतीक अहमद के परिवार के बसपा में शामिल होने पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अतीक अहमद को बीएसपी में शामिल नहीं किया गया है, बल्कि उनकी पत्नी शामिल हुई हैं और अतीक अहमद की पत्नी माफिया नहीं है। मायावती ने आज एक बार साफ कर दिया कि बीएसपी छोड़कर जाने वाले नेताओं के लिए पार्टी के दरवाजे बंद हैं। मायावती ने साफ तौर पर कहा कि बीएसपी ने जिन नेताओं को निकाल दिया है। आजकल वो दूसरी पार्टियों में हैं, क्योंकि उनकी पार्टी में नेताओं की कमी है। बीएसपी निकाले हुए नेताओं को वापस नहीं लेती है।

# एमसीएल जागृति महिला मंडल ने बुर्ला कुष्ठाश्रम को सामग्री दी




आजाद सिपाही संवाददाता

**सबंलपुर।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्षा सरिता पटेल एवं उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा और मंडल की सदस्या द्वारा जूनापानी बुर्ला कुष्ठाश्रम के निवासियों को खिचड़ी बनाने की सामग्री, तिल के लड्डू, सब्जियां, चूड़ा गुड़ आदि प्रदान की गयी। इससे आश्रम निवासी मकर संक्रांति के पर्व को उल्लास के साथ मना सके। उनकी खुशी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। नर सेवा ही नारायण सेवा है।

## दिल्ली में पीएम मोदी का आज रोड शो

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 16 जनवरी को पीएम मोदी का रोड शो है। इसके चलते यहां कुछ प्रमुख सड़कों कुछ घंटे के लिए बंद रहेंगी और कुछ मार्गों को डायवर्ट किया गया जायेगा। दिल्ली पुलिस ने इस बारे में ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी 16 जनवरी को दिन के तीन बजे से पटेल चौक से संसद मार्ग-जय सिंह रोड जंक्शन तक जन भागीदारी के साथ एक रोड शो आयोजित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रोड शो में हिस्सा लेंगे। दिल्ली पुलिस के मुताबिक रोड शो मार्ग के आसपास के क्षेत्रों में सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गयी है। ट्रैफिक एडवाइजरी में कहा गया है कि अशोका रोड (विंडसर प्लेस से जय सिंह रोड जीपीओ दोनों कैरिजवे), संसद मार्ग, टॉलस्टॉय रोड (जनपथ से संसद मार्ग), रफी मार्ग (रेल भवन से संसद मार्ग), जंतर मंतर रोड, इम्तियाज खान मार्ग और बंगला साहिब 16 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक लेन बंद रहेगी।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

# रेलवे अधिकारी समेत सात लोगों को सीबीआइ ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने 50 लाख रुपये की कथित रिश्वतखोरी के मामले में गुवाहाटी में तैनात एक अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक और एक बिचौलिए तथा हवाला संचालक समेत छह अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि 1997 बैच के भारतीय रेलवे सेवा के अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह को गिरफ्तार करने से पहले उनकी तरफ से हरिओम नामक व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। सीबीआइ के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ऐसा आरोप है कि आरोपी (सिंह) ने ठेके देने, माप पुस्तिका तैयार करने, चालू खाते के बिल को पारित करने, लंबित बिलों का जल्द भुगतान करने और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में हो रहे निर्माण के साथ ही सुरक्षा राशि और बैंक गारंटी जारी करने के लिए निजी ठेकेदारों को अनुचित लाभ देने के इरादे से एक साजिश रची। सीबीआइ ने आरोप लगाया कि सिंह जब न्यू जलपाईगुड़ी में मुख्य अभियंता के तौर पर तैनात थे, तो वे अक्सर विभिन्न ठेकेदारों से रिश्वत मांगते और लेते थे।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**